✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 93 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com




रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार की बहनों और बेटियों के लिए की दो बड़ी घोषणाएं

# बिहार में खुलेगा महिला विश्वविद्यालय : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार की बहनों और बेटियों के लिए दो बड़ी घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पोस्ट के जरिए महिला विश्वविद्यालय के निर्माण और करीब 10 लाख जीविका दीदियों के घरों को सौर ऊर्ज़ा से जोड़ने की घोषणा की है। यह महिला विश्वविद्यालय भी अपने आप में खास होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर देने के लिए एक महिला विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में प्राध्यापक से लेकर कुलपति और अन्य सभी पदों की जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय बिहार की बेटियों के सपनों को नया आकाश देगा। यहां



शिक्षा के साथ नेतृत्व, कौशल के साथ आत्मविश्वास और ज्ञान के साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरी घोषणा में मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार की करीब 10 लाख जीविका दीदियों के परिवारों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जोड़ने का संकल्प लिया। इसके तहत जीविका दीदियों के घरों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से जीविका दीदियों के परिवारों का बिजली खर्च शून्य करने में मदद मिलेगी। साथ ही सौर ऊर्ज़ा के जरिए अतिरिक्त आय के नए अवसर भी पैदा होंगे। बिहार में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी और पंचायती राज व स्थानीय निकायों (पंचायतों और नगर निगमों) में 50 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसके अलावा महिला रोजगार योजना, बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना, मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फ़ेलोशिप, पोशाक और साइकिल योजनाएं, प्रतियोगिता परीक्षा प्रोत्साहन, पिंक टॉयलेट, पिंक बस, खास मौके पर निःशुल्क बस यात्रा की भी व्यवस्था बिहार सरकार ने कर रखी है।

# दो लाख घूस लेते महिला डीसीएलआर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा अनुमंडल की डीसीएलआर कंचन कुमारी झा को निगरानी की टीम ने दो लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सूत्रों की माने तो टीम ने उनके घर से 13 लाख कैश भी जब्त किए हैं। कंचन ने विभूतिपुर के रहने वाले मनोज कुमार महतो से जमीन विवाद से जुड़े केस को सुझलाने के एवज में दो लाख कैश और वॉशिंग मशीन की डिमांड की थी। गुरुवार की सुबह निगरानी की टीम मनोज कुमार के साथ कंचन के घर पहुंची। फिल्मी स्टाइल में टीम ने डीसीएलआर को दो लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। कंचन झा पिछले डेढ़ साल से रोसड़ा में पोस्टेड हैं। वो मधुबनी जिले की रहने वाली हैं। सुबह करीब 9 बजे दो गाड़ियों से निगरानी की टीम कंचन के सरकारी आवासा पर पहुंची थी। छापेमारी के दौरान डीसीएलआर सरकारी आवास में ही मौजूद थीं। तलाशी के वक्त किसी भी बाहरी व्यक्ति के अंदर आने या बाहर जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई थी। टीम के सदस्यों ने आवास पर जमीन विवाद से जुड़े फैसलों, म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) की फाइलों, बैंक पासबुक, निवेश के कागजात और लॉकर से संबंधित कड़ियों को खंगाला।

## संक्षिप्त समाचार

### एक ही चरण में होगी टीआरइ-4 की परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिस मांग को लेकर पटना में छात्र पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे, उसपर सम्राट चौधरी की सरकार ने फैसला ले लिया है। जिस प्रकार से पिछले तीन बार शिक्षकों की परीक्षा हुई है, इस बार भी वैसी ही होगी। मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर जानकारे देते हुए सीएम सम्राट चौधरी ने लिखा कि छात्रों की मांगों को लेकर सरकार शुरू से ही गंभीर रही है। अब छात्रों की मांगों के संबंध में निर्णय लिया गया है कि इस बार की टीआरइ-4 परीक्षा एकल चरण में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही नौ अन्य निर्णय भी लिए गए हैं।

### रक्षाबंधन के अवसर पर सीएम ने दी बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार एवं स्नेह का त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आज के दिन हम सभी को महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण का संकल्प लेना चाहिये।

### यूपी के दो कांवरियों की बिहार में मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बैद्यनाथ धाम से जल चढ़ाकर लौट रहे दो श्रद्धालुओं की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। दोनों मृतक उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रहने वाले थे। थावे दुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद घर लौटते समय यह दुखद घटना हुई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के हाटा थाना क्षेत्र के मिश्र दाना दुधही निवासी मीना देवी और सेवरही थाना क्षेत्र के सरठिया कर्मपट्टी निवासी बाबूलाल राम के रूप में हुई है।

### गुरारू थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अवैध वसूली के आरोपों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के निर्देश पर वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने गुरारू थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार को पद से हटा दिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से पुलिस केंद्र में पदस्थापित किया गया है। यह कार्रवाई शराब माफिया, बालू माफिया और मिट्टी लदे वाहनों से अवैध वसूली के आरोपों के बाद हुई है।

### तेज हवा और बिजली चमकने की संभावना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में आज 28 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन राखी बांधने या घर से बाहर निकलने वालों को मौसम का ध्यान रखना होगा। मौसम के नक्शे के अनुसार राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवा और बिजली चमकने की संभावना है।

# भारी वाहनों से नगर निकाय नहीं करेंगे वसूली : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नगर निकाय भारी वाहनों से रोड टैक्स, प्रवेश सेवा शुल्क या चुंगी की वसूली नहीं करेंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि इसकी वसूली निर्धारित नियमों के तहत ही की जा सकती है। फिलहाल रोड टैक्स की वसूली के लिए विभाग की ओर से कोई नियमावली या विनियमावली प्रभावी नहीं है। ऐसे में नियमावली बनने तक किसी भी नाम या माध्यम से इसकी वसूली पूरी तरह प्रतिबंधित है। मंत्री ने बताया कि नगर निकायों को रोड टैक्स और प्रवेश शुल्क की वसूली को लेकर पहले भी कई बार स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं। इनमें नियमावली बनने तक किसी भी तरह का मार्ग कर, प्रवेश सेवा शुल्क या चुंगी नहीं लेने को कहा गया है। इसके बावजूद कुछ नगर निकायों द्वारा भारी वाहनों से अलग-अलग नामों पर राशि वसूले जाने की जानकारी विभाग को मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने राज्य के सभी नगर आयुक्तों और नगर परिषद व नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नियमावली के प्रभावी होने तक मार्ग कर की वसूली पूरी तरह बंद रखें। अधिकारियों को विभागीय आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। नीतीश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी नगर निकाय ने विभागीय निर्देशों की अनदेखी करते हुए किसी भी नाम या स्वरूप में मार्ग कर की वसूली की तो संबंधित नगर आयुक्त या नगर कार्यपालक पदाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उनके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# सासाराम में पहाड़ चीरकर बनाई जाएगी टनल

## फिर बदलेगा वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी से बिहार होकर पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता तक प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट फिर बदला जाएगा। बिहार के सासाराम में पहाड़ को चीरकर टनल बनाने की योजना है। इसके लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को बिहार सरकार की तरफ से एक प्रस्ताव भेजा गया है। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे की बिहार में लंबाई लगभग 170 किलोमीटर है। राज्य में इसका निर्माण सात अलग-अलग पैकेज में किया जा रहा है। इसके तहत पैकेज चार में रोहतास जिले के मुख्यालय सासाराम में पहाड़ से टनल बनाने का प्रस्ताव पूर्व में दिया गया था मगर शुरुआत में उस प्रस्ताव को छोड़ दिया गया और पहाड़ के बगल से सड़क बनाने का फैसला लिया गया था। यह सड़क ताराचंडी के पास से जीटी रोड से होकर गुजारनी थी। हालांकि अब फिर से सासाराम के पहाड़ में टनल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पदाधिकारी बताते हैं कि टनल के प्रस्ताव पर राज्य वन्य जीव बोर्ड की अनुमति भी मिल गई है। इस कारण फिर से टनल बनाने की कवायद शुरू हो



गई है। वहीं, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के पैकेज पांच में सोन नदी पर पुल बनाना प्रस्तावित है। इस संबंध में पदाधिकारी बताते हैं कि बिहार में सात में से पांच पैकेज के तहत सड़क निर्माण का काम चल रहा है। दरअसल इस एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट की शुरुआत में ही सासाराम में टनल बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। मगर वन विभाग ने पहाड़ में ब्लास्टिंग करने की अनुमति नहीं दी थी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) से सुरंग का निर्माण करने पर भी आपत्ति जताई थी क्योंकि उसमें खर्च दो से तीन गुना अधिक आ रहा था। इस कारण टनल का प्रस्ताव ड्रॉप कर दिया गया था। फिर नए सिरे से सड़क का डिजाइन तैयार किया गया। वन क्षेत्र से बाहर सासाराम शहर के पास से होकर एक्सप्रेसवे बनाने का फैसला लिया गया था। सासाराम शहर के पास होकर एक्सप्रेसवे गुजारने का जो अलाइनमेंट बनाया गया था, उसमें दूरी 15 किलोमीटर बढ़ गई थी। अब फिर से एलाइनमेंट बदलकर टनल बनाने का प्रस्ताव आया है। बताया जा रहा है कि वन विभाग से मंजूरी भी मिल गई है। ऐसे में कोलकाता से वाराणसी की दूरी 15 किलोमीटर तक घट जाएगी। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे 6 लेन का होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत बिहार में सोन नदी पर 3.5 किलोमीटर लंबा पुल भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 6 छोटे पुल बनाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे बनने के बाद बिहार की यूपी, पश्चिम बंगाल और झारखंड से कनेक्टिविटी और आसान हो जाएगी।

# एक लाख जीविका दीदियों के खातों में 20-20 हजार रुपये ट्रांसफर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रक्षाबंधन से ठीक पहले सीएम सम्राट चौधरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी है। बिहार की एक लाख जीविका दीदियों के खातों में 20-20 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। योजना के लिए चार लाख नए रजिस्ट्रेशन हुए थे। इसके तहत चार लाख जीविका दीदियों के खातों में 10-10 हजार रुपए भेजे गए हैं। कुल 400 करोड़ रुपए की राशि खातों में ट्रांसफर की गई है। इसके साथ ही पटना के बापू सभागार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान' की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें रोजगार, स्वरोजगार, उद्यमिता, पशुपालन, डेयरी, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। इस अभियान का दायरा केवल स्वयं सहायता समूहों और जीविका दीदियों तक सीमित नहीं रखा गया है। इसमें महिला उद्यमियों, पशुपालक महिलाओं, डेयरी क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं, उच्च शिक्षा एवं शोध करने वाली छात्राओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बेटियों को भी शामिल किया गया है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में अपना व्यवसाय शुरू करने की इच्छुक महिलाओं को भी अभियान के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# छात्रों की मांगों को लेकर सरकार गंभीर : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बीपीएससी टीआरइ-4 को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। 25 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास मार्च के बाद अब अभ्यर्थियों ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के आवास का रुख किया। गर्दनीबाग धरनास्थल से पहुंचे अभ्यर्थियों ने संगीत, शारीरिक शिक्षा, ललित कला समेत विभिन्न विषयों में पद बढ़ाने, एकल परीक्षा आयोजित करने और निगेटिव मार्किंग हटाने समेत अपनी मांगों को लेकर सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की। कुछ देर बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी खुद गेट पर पहुंचे और अभ्यर्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों की मांगों को लेकर गंभीर है और बातचीत के जरिए समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले 19 हजार शिक्षकों की वैकेंसी देने की बात थी लेकिन सरकार ने 33 हजार से अधिक पद जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक परीक्षा की तारीख घोषित नहीं होती तब तक शिक्षा विभाग को जिन-जिन संकायों से अतिरिक्त रिक्तियां मिलेंगी, उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। मिथिलेश तिवारी ने कहा कि जिन विषयों और संकायों में पद बढ़ाने की संभावना होगी, वहां वैकेंसी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से दोबारा बातचीत करने की बात कही। मंत्री ने अभ्यर्थियों से कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए जो भी संभव होगा, किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों से आंदोलन के बजाय परीक्षा की तैयारी पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और छात्रों की समस्याओं पर अधिकारियों के साथ बातचीत जारी रहेगी। अंत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि आप लोग खुश होकर जाइए, आपके लिए बेहतर करेंगे। वहीं टीआरइ-4 अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, गर्दनीबाग में उनका आंदोलन जारी रहेगा।







# मुख्यमंत्री ने किया संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेपाल त्रासदी ने देश-दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। पानी और पहाड़ से आए मलबे में सैकड़ों लोगों की जिंदगी उगड़ गई है। प्रभावित क्षेत्र में तबाही ही तबाही नजर आ रही है। इस त्रासदी की वजह से बिहार में भी बाढ़ का अलर्ट है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के सीमावर्ती और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया। सोनपुर से वाल्मीकिनगर तक गंडक नदी का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान बगहा, वाल्मीकिनगर, बेतिया और मोतिहारी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति, संभावित प्रभाव और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर पहुंचने के बाद वाल्मीकिनगर बैराज का निरीक्षण किया। उन्होंने बैराज के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जलस्राव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जलस्राव लगभग 1.06 लाख क्यूसेक था। मुख्यमंत्री ने बैराज स्थित नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से गंडक नदी के जलस्तर और जलस्राव की अद्यतन जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 26 अगस्त 2026



की रात 11 बजे गंडक नदी का जलस्राव 1,50,200 क्यूसेक के पीक स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद जलस्राव में लगातार कमी दर्ज की गई। हालांकि देवघाट क्षेत्र में देर से हुई बारिश के कारण गंडक नदी के जलस्तर में फिर वृद्धि दर्ज की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल तटबंधों पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। जल संसाधन विभाग की ओर से स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से भी जिले की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संभावित प्रभाव, आवश्यक एहतियाती उपायों, सुरक्षा व्यवस्था और राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहें तथा किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गंगा नदी का जलस्तर फिलहाल घटते रुझान में है। हालांकि कुछ स्थानों पर जलस्तर में एक से दो सेंटीमीटर तक मामूली वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन को लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव एवं सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जा रहे हैं।

C M Y K

# जीविका दीदियों को दी गई 17,300 करोड़ की राशि

## संवर रही महिलाओं की तकदीर : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों वर्ष 2006 में डाली गई जीविका की नींव आज वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। राज्य में सक्रिय 11 लाख 88 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से एक करोड़ 81 जीविका दीदियां जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत अब तक 16 हजार 700 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जीविका दीदियों को दी जा चुकी है। इसके अलावा 600 करोड़ रुपये गुरुवार को जारी की गई हैं। इस तरह अब तक 17 हजार 300 करोड़ रुपये दीदियों के खाते में जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा इन दीदियों को बैंकों से 74 हजार 100 करोड़ रुपये का ज्यादा की ऋण दिलायी जा चुकी है। दीदियों की यह ईमानदारी ही कही जाएगी कि इनमें 99 फीसदी दीदियों ने ऋण चुका दिया है। मंत्री श्री कुमार गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग की ओर से गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में आयोजित समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जीविका एक संस्था नहीं बल्कि विकसित बिहार की मजबूत स्तंभ हैं जिसके माध्यम से बिहार आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम को छू रहा है। यह अदम्य साहस, सूझबूझ एवं दूरदर्शिता को प्रदर्शित करता विकसित भारत 2047 की आधारशिला है। मंत्री ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पूर्व जीविका दीदियों को आर्थिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके तहत आज सातवीं चरण में कुल चार लाख जीविका दीदियों के खातों में 10-10 हजार रुपये का प्रोत्साहन और एक लाख दीदियों के खातों में 20-20 हजार रुपये दूसरी किस्त के रूप में अंतरण की जाएगी। इसके अलावा जीविका निधि से 10 हजार दीदियों को 50 करोड़ रुपये ऋण दी गई है। राज्य में जीविका दीदी लखपति बनकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कई योजनाओं को लागू किया। उसी का परिणाम है कि आज हमारी बहनें तेजी के साथ आत्मनिर्भर हो रही हैं। श्री कुमार ने कहा कि देश में पहला राज्य बिहार है जहां सतत जीविकोपार्जन योजना लागू किया गया। ताड़ी, शराब बेचकर जिंदगी का गुजर-बसर करने वाले दो लाख एक हजार परिवारों को चिन्हित कर इस योजना के तहत राजकीय खजाने से एक रुपये से दो लाख रुपये तक का आर्थिक सहायता पहुंचाया गया और उन्हें वैकल्पिक रोजगार मुहैया कराया गया। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों के उत्पाद को उचित मूल्य और उनकी हुनर को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल सके, इसके लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इसके लिए पंचायत, प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर अत्याधुनिक बाजार-हाट का निर्माण किया जाएगा।

## हिंदी भावना, संस्कृति और राष्ट्रीय अभिव्यक्ति की साक्षी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जगदम्बी प्रसाद यादव स्मृति प्रतिष्ठान एवं अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव के अभिनंदन समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, राष्ट्रीय संगोष्ठी, काव्य गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद नंदकिशोर यादव को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत संबोधन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की भावना, संस्कृति और राष्ट्रीय स्तर की अभिव्यक्ति की साक्षी है। यह गांव की संस्कृति, संतों की वाणी और स्वतंत्रता संग्राम की बोली से लेकर राष्ट्रीय कवियों और मूर्धन्य साहित्यकारों की धरोहर की प्रतीक है। देववाणी संस्कृत से उद्गम लेने वाली हिंदी साहित्य के व्यापक इतिहास की संगिनी रही है। उन्होंने हिन्दी साहित्य की समृद्ध परंपरा में साहित्यकार और कवियों के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा के स्वरूप को बेझिझक अंगीकार करने और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। हिंदी की अनुभूति, स्वीकृति और संस्कृति को नई ऊंचाई देने का समय आ गया है। नंदकिशोर यादव ने कहा कि हिंदी साहित्य और संस्कृति के प्रकटीकरण तथा प्रस्तुतीकरण को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। इसे शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं, चिकित्सा और अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हिंदी भाषी क्षेत्र के लोग अपनी भाषा पर गर्व कर सकें। इस अवसर पर 'राजभाषा दर्पण' स्मारिका का विमोचन किया गया तथा हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वालों को जगदम्बी प्रसाद यादव स्मृति शिखर सम्मान, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मेघालय एवं सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और पूर्व पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने भी हिंदी की विरासत को समृद्ध करने पर विचार रखे।

## 'समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान' एक ऐतिहासिक पहल : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में बिहार सरकार की महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि से परिवार, समाज और बिहार के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पटना के बापू सभागार में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पांच लाख महिला लाभुकों के खातों में राशि का अंतरण, जीविका निधि से 10 हजार लाभुकों को ऋण वितरण तथा विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत 112 ग्रामीण हाटों के निर्माण का कार्यारंभ किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार और रोजगार के अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास हो रहा है। जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। गया जिले में योजना के तहत अब तक 36,677 लाभुकों को लाभ मिला है जिनमें प्रथम चरण के 34,359 और द्वितीय चरण के 2,318 लाभुक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विकास नहीं, बल्कि परिवार और समाज का विकास है।

## हिमालया बेबीकेयर ने प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक पेश किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने अपने नए हिमालया बेबीकेयर प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक के लिए एआई से तैयार किया गया नया डीवीसी लांच किया है। तकनीक आधारित कहानी कहने, सांस्कृतिक जुड़ाव और प्रीमियम प्रोडक्ट पोजिशनिंग के माध्यम से हिमालया बेबीकेयर नवजात शिशुओं के लिए तेजी से विकसित हो रही गिफ्टिंग श्रेणी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए एनवी चक्रवर्ती, डायरेक्टर, बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी ने कहा कि हिमालया बेबीकेयर में हमारा मानना है कि शिशु का पहला उपहार सोच-समझकर चुना गया, शुद्ध और वास्तव में खास होना चाहिए क्योंकि यह नवजात शिशु के आगमन पर मिलने वाले प्यार और देखभाल को दर्शाता है।

## मध्यमा परीक्षा 2027 में नया कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी

### 31 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने मध्यमा परीक्षा 2027 की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू कर दी है। बोर्ड का लक्ष्य आगामी परीक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता, परीक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और परिणाम–सभी क्षेत्रों में नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मध्यमा परीक्षा 2027 में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात निर्धारित नियमों के अनुसार विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा कि बोर्ड इस वर्ष मध्यमा परीक्षा में विद्यार्थियों की संख्या को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यमा परीक्षा 2025 की तुलना में मध्यमा परीक्षा 2026 में विद्यार्थियों की संख्या में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई थी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बाद अब वर्ष 2027 में इससे भी आगे बढ़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मृत्युंजय झा ने कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूरे बिहार में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाध्यापक और आचार्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मध्यमा परीक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भरवाने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि आगे चलकर इस अभियान को और व्यापक बनाने के लिए जन-जागरूकता एवं संपर्क यात्रा भी आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना बोर्ड का एकमात्र उद्देश्य नहीं है। परीक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता, सुव्यवस्थित व्यवस्था और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मध्यमा परीक्षा 2026 में लगभग 87.5 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा पूरक परीक्षा का भी आयोजन किया गया। विशेष रूप से, मध्यमा परीक्षा 2026 का परिणाम मात्र 27 दिनों में घोषित किया गया, जो बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## एल.बी.एफ.सी. ट्रस्ट और पटना रंग गुरुकुल की ऐतिहासिक पहल

### प्रेमचंद रंगशाला में मंचित 'अवलोकन' ने छुआ दर्शकों का दिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से 26 अगस्त को प्रेमचंद रंगशाला में पटना रंग गुरुकुल द्वारा निर्मित एक दिवसीय नाट्य प्रस्तुति नाटक 'अवलोकन' का मंचन हुआ। एल.बी.एफ.सी. ट्रस्ट (अध्यक्षः रागिनी पटेल) और पटना रंग गुरुकुल का यह पहला साझा रंगमंचीय प्रयास था जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते कलाकारों को बड़ा मंच देना है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष इंद्रजीत पटेल का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान एल.बी.एफ.सी. ट्रस्ट एवं पटना रंग गुरुकुल द्वारा सभी अतिथियों को मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एल.बी.एफ.सी. ट्रस्ट का मानना है कि रंग गुरुकुल के साथ मिलकर काम करना युवा कलाकारों को तराशने का एक सशक्त जरिया है। ममता मेहरोत्रा की कहानी पर आधारित इस नाटक का नाट्य रूपांतरण मणिकांत चौधरी ने किया। मुंबई से आकर पटना में स्थानीय प्रतिभाओं को तराशने में जुटे निर्देशक राजवीर गुंजन ने कलाकारों को कड़ी मेहनत से तैयार कर इस कहानी को मंच पर जीवंत किया। नाटक के माध्यम से बच्चों के सुरक्षित भविष्य और सही मार्गदर्शन का बड़ा संदेश दिया गया।

## बी. डी. कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना की सांस्कृतिक समिति की ओर से महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. ममता शर्मा एवं डॉ. अफ्सा निगार उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मेहंदी डिजाइनों का विभिन्न कलात्मक मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-माशिरा रिजवान, द्वितीय स्थान चांदनी कुमारी तथा सूर्या कुमार ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। तृतीय स्थान रूमाना परवीन ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार भी कई छात्राओं को प्रदान किया गया। विजेता छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समन्वय सांस्कृतिक समिति के समन्वयक डॉ. विनीता तिवारी के नेतृत्व में किया गया। सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं।

## विधान सभा सदस्यों और कर्मियों के लिए लागू होगी कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बताया कि विभागीय निर्णय के अनुसार कैशलेस व्यवस्था को आयुष्मान भारत से जोड़ा जाएगा और वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा उनके आश्रितों के लिए यह सुविधा एक जनवरी 2027 से लागू होगी। फिलहाल कैशलेस सुविधा अंतर्वासी चिकित्सा के लिए होगी, जबकि बर्हिवासी चिकित्सा की प्रतिपूर्ति पूर्ववत रहेगी। आयुष्मान भारत से जुड़े सरकारी एवं गैर-सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिपूर्ति की सीमा निर्धारित करने के सुझावों पर भी चर्चा हुई। चिकित्सा विपत्रों के सत्यापन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय जाने की प्रक्रिया में होने वाले विलंब को दूर करने तथा कैंसर, किडनी और हृदय रोग से पीड़ित कर्मियों के मामलों में प्रतिपूर्ति प्रक्रिया को त्वरित और सुगम बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में गयाजी में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ आईएमए भवन स्थित मगध आई रिट्रीवल सेंटर के लाइसेंस के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक होने वाले पितृपक्ष मेला में श्रद्धालुओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की पुख्ता व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

## रक्षा बंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और निष्ठा का पवित्र पर्व : विस अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और निष्ठा के पवित्र बंधन का प्रतीक है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की लंबी आयु और मंगलकामना के लिए उनकी कलाई पर राखी बांधती है जबकि भाई बहन की सदैव रक्षा करने का वचन देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रक्षा बंधन से जुड़ी विभिन्न पौराणिक और ऐतिहासिक मान्यताएं हैं। मान्यता है कि देवासुर संग्राम के दौरान भगवान इंद्र की पत्नी इंद्राणी ने उन्हें अभिमंत्रित रक्षा सूत्र बांधा था जिसके बाद इंद्र की विजय हुई और इसी से रक्षा बंधन की परंपरा शुरू हुई। अन्य मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी ने राजा बलि तथा द्रौपदी ने श्रीकृष्ण को राखी बांधी थी। इतिहास में मेवाड़ की रानी कर्णावती द्वारा मुगल सम्राट हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा का आग्रह किए जाने और हुमायूं द्वारा रक्षा का वचन निभाने का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि माताओं और बहनों की सुरक्षा, सम्मान तथा सशक्तिकरण के संकल्प का भी प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

## केवाइपी बचाओ महाआंदोलन के तीसरे दिन पुतला दहन, रिन्यूवल की मांग पर अड़े केंद्र संचालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**पटना।** बिहार में पिछले करीब दस वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों को अघोषित रूप से बंद रखे जाने तथा पुराने केंद्रों को रिन्यूवल देने के बजाय नया टेंडर लाने की विभागीय कवायद के विरोध में 25 अगस्त से पटना के गर्दनीबाग में शुरू हुआ केवाईपी बचाओ महाधरना गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। लगातार तीन दिनों के आंदोलन के बावजूद सरकार और विभाग की ओर से कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं होने से केंद्र संचालकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलन के तीसरे दिन आक्रोशित केंद्र संचालकों ने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव कौशल किशोर एवं विभागीय मंत्री अरुण शंकर प्रसाद का पुतला दहन कर विरोध जताया। इससे पहले आंदोलन स्थल पर बुद्धि-शुद्धि हवन का आयोजन किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि वर्षों से केवाईपी के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने वाले केंद्रों को अचानक बंद रखना और पुराने केंद्रों के रिन्यूवल के बजाय नए टेंडर की बात करना केंद्र संचालकों के हितों के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को भी प्रभावित करता है। धरना स्थल पर सम्पूर्ण बिहार के केंद्र संचालकों की उपस्थिति रही जो धरना-प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा 'जब तक रिन्यूवल नहीं, तब तक धरना जारी रहेगा। जब तक एडमिशन नहीं, तब तक धरना जारी रहेगा।' आंदोलनकारियों का कहना है कि पुराने और वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर रिन्यूवल दिया जाना चाहिए। साथ ही केवाईपी प्रशिक्षण के लिए नए एडमिशन तत्काल शुरू किए जाएं, ताकि बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से वंचित न होना पड़े। इसी बीच दीघा के भाजपा विधायक संजीव चौरसिया भी धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि केवाईपी से संबंधित समस्याओं और केंद्र संचालकों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे। हालांकि, आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि केवल आश्वासन से आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उनका कहना है कि जब तक पूरे 1700 केवाईपी केंद्रों का रिन्यूवल नहीं किया जाता और प्रशिक्षण के लिए एडमिशन शुरू नहीं होता, तब तक गर्दनीबाग में महाधरना जारी रहेगा।

## एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे हर्ष कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के कराटे जगत के लिए यह गर्व और गौरव का क्षण है। बिहार के हर्ष कुमार, जो एशियन कराटे फेडरेशन के जज हैं, आगामी एशियन कराटे चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जॉर्डन में आयोजित होने जा रही है। हर्ष कुमार चैंपियनशिप में जज के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तथा रेफरीशिप का दायित्व संभालेंगे। वे इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत की ओर से आधिकारिक अधिकारी के रूप में सेवाएं देंगे। हर्ष कुमार 5 सितंबर 2026 को जॉर्डन के लिए रवाना होंगे। हर्ष कुमार का एशियन स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चयन होना बिहार के लिए गौरव की बात है। उनके चयन से बिहार के कराटे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल जगत में खुशी का माहौल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना हर्ष कुमार के साथ-साथ पूरे बिहार के लिए भी सम्मान की बात है।

## संस्कृत भाषा की उपयोगिता पर होगा विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से पाटलिपुत्र कालोनी स्थित पेंशनर भवन में 28 अगस्त को संध्या 4 बजे संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें आधुनिक सन्दर्भ में संस्कृत भाषा की उपयोगिता पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में बिहार एवं झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव विजय शंकर दुबे, अध्यक्षता के रूप में विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के अध्यक्ष डॉ शिववंश पाण्डेय, मुख्य वक्ता के रूप में गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो. रागिनी वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डॉ उपेन्द्र नाथ पांडेय, मंच संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी, डॉ राम नारायण सिंह, प्रो. अशोक कुमार, पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, प्रो. मीनाक्षी प्रसाद, पूर्व प्राचार्या महिला महाविद्यालय खगौल, डॉ रागनी कुमारी, डॉ भारती कुमारी, डॉ अंजलि कुमारी, तरुण कुमार पाण्डेय, शम्भु नाथ पांडेय, श्रद्धा कुमारी, राहुल कुमार सहित विहार संस्कृत संजीवन समाज के सभी सदस्य एवं संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

## इलाज से लेकर न्याय की राह तक, बाल गृहों के बच्चों को मिलेगी चारपहिया वाहन की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित बाल गृहों में रहने वाले बच्चों को अस्पताल और न्यायालय ले जाने के लिए अब चारपहिया वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के 40 बाल गृहों के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इससे बच्चों को अस्पताल में इलाज कराने अथवा न्यायालय में पेशी के लिए ले जाने में सहूलियत होगी और उनके सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

**40 बाल गृहों को मिलेगी वाहन सुविधा**

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के 40 विभिन्न बाल गृहों को एक-एक चारपहिया वाहन की सुविधा दी जाएगी। इन वाहनों का उपयोग बाल गृहों में रहने वाले बच्चों को आवश्यकता के अनुसार अस्पताल, न्यायालय अथवा अन्य निर्धारित स्थानों तक ले जाने के लिए किया जाएगा। अब तक बच्चों को ऑटो, रिक्शा या अन्य उपलब्ध वाहनों के माध्यम से ले जाना पड़ता था। नई व्यवस्था से उनके आवागमन को अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। वाहनों की सुविधा आउटसोर्सिंग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। सभी 40 बाल गृहों के लिए सातों दिन और 24 घंटे चारपहिया वाहन उपलब्ध रहेगा, ताकि आपात स्थिति में भी बच्चों को अस्पताल अथवा अन्य आवश्यक स्थानों पर तत्काल ले जाया जा सके। विभाग की ओर से प्रत्येक वाहन के लिए 75 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने इस व्यवस्था को एक वर्ष के लिए मंजूरी दी है। विभागीय जानकारी के अनुसार 40 वाहनों की व्यवस्था पर एक वर्ष में कुल 3 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री निशांत की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## गर्भवती महिलाओं की मैपिंग तथा अस्थायी चिकित्सा शिविरों की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** नेपाल में गंडक नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति उत्पन्न होने तथा गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की संभावना के मद्देनजर राज्य में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग के सभागार में आयोजित इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री को राज्य के बाढ़ संभावित जिलों में आमजन की सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान बाढ़ प्रभावित होने की संभावना वाले प्रमुख छह जिलों–पश्चिमी चंपारण (बेतिया), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली–में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त सीतामढ़ी, शिवहर एवं अन्य संवेदनशील जिलों की स्थिति पर भी निरंतर नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री अमित कुमार पांडेय, विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा, बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक सुब्रत कुमार सेन, मंत्री के आप्त सचिव कौशलेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, राज्य स्वास्थ्य समिति एवं बीएमएसआईसीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि आपदा के समय सबसे अधिक जोखिम वाले वर्गों–गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, नवजात शिशुओं, बुजुर्गों तथा गंभीर असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों–पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा एवं एएनएम के माध्यम से बाढ़ संभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग पूरी कर ली गई है।

# इलेक्ट्रिक बाइक गोदाम में भीषण आग, 60 से अधिक गाड़ियां जलकर खाक

## दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, लाखों के नुकसान की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ी गोला(रोहतास)।** जिले के अकोढ़ी गोला बाजार के चांदी रोड स्थित सरस्वती इलेक्ट्रिक बाइक एवं ई-रिक्शा के गोदाम में बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में 60 से अधिक नई इलेक्ट्रिक बाइक और ई-रिक्शा जलकर पूरी तरह खाक हो गई है। आग पूरी तरह बुझने के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो पाएगा। हालांकि प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। दुकान मालिक की ओर से अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आग लगने के कारणों और नुकसान की जांच की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बाजार के चांदी रोड स्थित सरस्वती इलेक्ट्रिक बाइक एवं ई-रिक्शा के गोदाम में बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में 60 से अधिक नई इलेक्ट्रिक बाइक और ई-रिक्शा जलकर पूरी तरह खाक हो गई है। आग पूरी तरह बुझने के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो पाएगा, हालांकि प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।

# भरण-पोषण और भूमि विवाद मामलों की एसडीएम ने की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में पारिवारिक भरण-पोषण एवं माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई जिसमें संबंधित पक्षकारों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और भरण-पोषण से जुड़े मामलों में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, वहीं इसी दिन अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय, बिक्रमगंज में भूमि विवाद एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और भूमि विवाद से संबंधित लंबित मामलों की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को भूमि विवादों का नियमानुसार त्वरित समाधान करने, आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और प्रत्येक लंबित मामले में ठोस प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखते हुए विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर विशेष जोर दिया गया ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# रोहतास में चीनी की कालाबाजारी पर डीएम सख्त, तीनों एसडीएम और सभी एमओ को दिया कड़ा आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रोहतास।** चीनी की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने जिले के तीनों एसडीएम और सभी एमओ को बड़ा आदेश जारी करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी और बाजारों की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। थोक-खुदरा दुकानों और गोदामों की औचक जांच होगी। जमाखोरी, अवैध भंडारण या निर्धारित कीमत से अधिक दर पर बिक्री मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** कृषि विभाग की इकाई आत्मा से प्राप्त सूचना के आलोक में डीबीटी पोर्टल पर वर्तमान में किसानों के हित की 8 महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसकी जानकारी किसानों को अपने स्तर से साझा करने का निर्देश दिया गया है। खुली हुई योजनाओं में ड्रोन से छिड़काव और उपादान वितरण कार्यक्रम, कीटनाशी स्टॉक एंट्री, तेल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, डीजल अनुदान, दाल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण, गोबर/बायो गैस संयंत्र स्थापना और व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इकाई शामिल हैं। आत्मा, दावथ प्रखंड के अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक किसान बिहार कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर जाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और सरकार द्वारा देय अनुदान का लाभ ले सकते हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें और किसी भी तकनीकी सहायता के लिए अपने पंचायत के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक या प्रखंड कृषि कार्यालय से संपर्क करें।

# जेडीएस पब्लिक स्कूल और विद्या निकेतन विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इंद्रपुरी/तिलौथू (रोहतास)।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर रोहतास जिले के विभिन्न विद्यालयों में भाई-बहन के प्रेम और आपसी स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने राखी बांधकर एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लिया। जेडीएस पब्लिक स्कूल, इंद्रपुरी, डिहरी में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं। बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और विभिन्न सजावटी सामग्रियों का उपयोग कर मनमोहक राखियां बनाईं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सीए संजय कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का पवित्र पर्व है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक क्षमता का भी विकास होता है। वहीं तिलौथू प्रखंड के ग्राम पंचायत तिलौथू पूर्वी के न्यू एरिया स्थित विद्या निकेतन विद्यालय में भी रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# सूर्य घर योजना से 98 हजार तक की सब्सिडी, बिजली बिल में मिलेगी बड़ी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ मिल रहा है जहां केंद्र सरकार के साथ-साथ बिहार सरकार भी अनुदान दे रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम इं. ब्रवीम ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली बिल में बचत कराना और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना है। योजना के तहत अनुदान की राशि क्षमता के अनुसार तय की गई है। 1 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार और बिहार सरकार की ओर से 10 हजार, यानी कुल 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 20 हजार, कुल 80 हजार रुपये की सहायता मिल रही है जबकि 3 किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के पैनल पर केंद्र से 78 हजार और राज्य से 20 हजार, कुल 98 हजार रुपये तक का अनुदान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आर्थिक बोझ कम करने के लिए उपभोक्ताओं को आसान किस्तों पर ऋण की सुविधा भी दी जा रही है जिससे कम लागत में अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाना आसान हो गया है। कार्यपालक अभियंता ने सासाराम प्रमंडल के सभी घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, बिजली बिल में बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। योजना के लिए आवेदन प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा सकता है, वहीं अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# सरकारी नौकरी के बाद पति से विवाद, महिला कांस्टेबल के लापता होने का मामला पहुंचा थाने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले के डिहरी क्षेत्र से एक महिला पुलिसकर्मी के अपने पति से अलग होकर कथित रूप से लापता होने का मामला सामने आया है। मामले में महिला के पति ने डालमियानगर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस प्रशासन से जांच और न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों की ओर से भी मामले को लेकर अधिकारियों से संपर्क किए जाने की बात कही गई है। शिकायत के अनुसार दरिहट थाना क्षेत्र निवासी अर्चना कुमारी की शादी 26 जनवरी 2025 को डालमियानगर के प्रयाग बिगहा निवासी अजय सिंह के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज से हुई थी। पति का कहना है कि शादी के बाद पत्नी ने सरकारी नौकरी की तैयारी करने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्होंने उसकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग किया। पति के अनुसार उन्होंने पत्नी का नामांकन स्थानीय कोचिंग संस्थान में कराया और पढ़ाई सहित अन्य जरूरतों में सहयोग किया। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के बाद महिला को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और बाद में उनकी नियुक्ति बिहार पुलिस में हुई। वर्तमान में उनके बेगूसराय स्थित बीएसएपी में तैनात होने की बात कही जा रही है।

# रोहतास में इंसानियत और भाईचारे का पैगाम, ईद-मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** पैगंबर मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बुधवार को रोहतास प्रखंड के अकबरपुर, कुशडिहरा, मस्जिद मोड़, नवाडीह और बंजारी समेत विभिन्न इलाकों में अकीदत और एहतराम के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान पूरा क्षेत्र नात-ओ-कलाम और धार्मिक नारों से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में लोग हाथों में झंडे लेकर जुलूस में शामिल हुए। कुशडिहरा मदरसा से निकला जुलूस बसकटिया और आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हुए पुनः मदरसा परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं, अकबरपुर स्थित शाही मस्जिद से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। युवाओं और बच्चों में जुलूस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जुलूस के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/777, दिनांक 26.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3666–आर, कार्य का नाम :** एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/नबद्वीप धाम के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस संख्या 6/2, 7/3, 7/4, 8/2, 13, 15ए, 17/1 इत्यादि के क्रॉस ड्रेन, हंप के प्रावधान, नाली एवं जलाशय की गाद निकालने, ग्राउटिंग, पंप हाउस के निर्माण एवं अन्य सहायक कार्यों के माध्यम से एलएचएस की मरम्मत के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 90,53,181/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,81,100/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3682, कार्य का नाम :** एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के तहत अहमदपुर–कटवा खंड में चौहट्टा, गोपालपुरग्राम, लाभपुर, कीर्नाहार, दासकलग्राम, कुरमाडांगा, ज्ञानदास कान्दरा, कोमरपुर, निरोल, पाचन्दी और अम्बलग्राम स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 18,06,357/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 36,100/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन । **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3679, कार्य का नाम :** हावड़ा मंडल में अंबिकाकालना, नबद्वीप धाम, कटवा स्टेशनों में एबीएसएस के विकास के संबंध में रैंप सहित सेंट्रल एफओबी (12 मी. चौड़ाई) के प्रावधान के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 62,05,519/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,24,100/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 15.09.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 से 3 के लिए। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-306/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जन सेवा समिति की नई कमेटी का गठन

## चार सितंबर को धूमधाम से मनेगा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रत्तू बिगहा, डालमियानगर में बुधवार देर शाम जन सेवा समिति, डिहरी डालमियानगर की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। साथ ही आगामी 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि बैठक में सदस्यों की सहमति से बबलू मद्धेशिया को अध्यक्ष चुना गया। वहीं शिवानंद प्रसाद एवं रवि शंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष, अरविंद भारती एवं पंकज रंजन को सचिव तथा दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। दीपक कुमार सिंह को कोर कमेटी प्रमुख और आशुतोष कुमार को कोर कमेटी उपप्रमुख बनाया गया। बता दें कि नई कमेटी में धनंजय गुप्ता, पंकज नाग एवं श्रीराम साव को उप सचिव, राजू गुप्ता को टीम संयोजक, अरुण गुप्ता को मुख्य संरक्षक तथा अरुण तिवारी को प्रधान सचेतक बनाया गया। पंकज गुप्ता एवं पप्पू गुप्ता को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। इसी क्रम में दीपक सिंह शक्ति को मुख्य प्रवक्ता, राजू सोनी को उपकोषाध्यक्ष सह सूचना अधिकारी, शशांक केतन को प्रिंट मीडिया प्रभारी, दीपक गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी, पिंटू कुमार को मुख्य तकनीकी सहायक और अनीश कुमार को तकनीकी सहायक बनाया गया। वहीं बबलू श्रीवास्तव को योजना मंत्री, आलोक सिंह को संगठन मंत्री, राजेश केशरी को व्यवस्था मंत्री तथा संजय सोनी को प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा शत्रुघ्न कुमार वर्मा को मुख्य मार्गदर्शक, समीर दास को मार्गदर्शक एवं गोविंद ठाकुर को प्रवक्ता बनाया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामाजिक सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समिति के निदेशक विकास कुमार ने कहा कि जन सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के दबे-कुचले, जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना है।

# भैसहीं के पूर्ववर्ती छात्रों का सहयोग काबिले तारीफ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसहीं से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे छात्रों को कम्प्यूटर, इन्वर्टर, प्रिंटर, हैंडपंप सहित लाखों रुपए के आवश्यक सामग्री अपने तरफ से भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोहतास के डीएम दीपक कुमार ने भैसहीं के ग्रामीणों की सराहना करते हुए इसमें अग्रणी भूमिका निभाने वाले ग्रामीण वरीय पत्रकार अखिलेश कुमार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सरकारी विद्यालयों में सहयोग या दान देने की परंपरा समाप्त होते जा रहा है, वैसे समय में अखिलेश ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर पठन-पाठन सामग्री की व्यवस्था सक्षम पूर्ववर्ती छात्रों के सहयोग से किया है वह पहल काबिले तारीफ है। इसका अनुकरण जिले के हर सरकारी स्कूलों में होना चाहिए। डीएम ने विद्यालय के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वाले रामाकांत राय, ब्रजेश राय, करन कुमार गोलू, लक्ष्मण राय, कुशनाथ राय सहित को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भैसहीं निवासी अखिलेश कुमार ने कहा कि हर विद्यालय से पढ़े लिखे कुछ लोग ऐसे जरूर होते हैं जिनके छोटे-छोटे मदद से भी छात्र-छात्राओं के लिए बड़ा सहयोग हो सकता है।

# वार्ड पार्षद ने निजी खर्च से सड़क की कराई मरम्मत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर।** रोहतास नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में जर्जर सड़क की स्थिति को देखते हुए वार्ड पार्षद आकिब जावेद ने अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत कराकर स्थानीय लोगों को तत्काल राहत देने का प्रयास किया है। उन्होंने जर्जर सड़क पर मिट्टी डलवाकर उसे आवागमन के लायक बनवाया। पार्षद के इस पहल से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद के प्रति आभार जताते हुए उनके कार्य की सराहना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड पार्षद आकिब जावेद द्वारा इससे पहले भी अपने स्तर से वार्ड की कई समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। लोगों के अनुसार पूर्व में उनके द्वारा नाली की स्लिप का निर्माण कराने के साथ-साथ बेलापुर में पुलिया सहित अन्य छोटे-बड़े कार्य भी कराए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड की समस्याओं को लेकर पार्षद लगातार गंभीर रहते हैं और नगर पंचायत से कार्य नहीं होने की स्थिति में अपने स्तर से समाधान करने का प्रयास करते हैं। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 12 में कई सड़कें लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। बारिश के दिनों में इन सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिससे पैदल चलने के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन में भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क की मरम्मत की मांग की है। वार्ड पार्षद आकिब जावेद ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने अपने निजी खर्च से सड़क पर मिट्टी डलवाकर तत्काल राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।

वहीं मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद का कहना है कि नगर पंचायत में स्थायी कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा सासाराम स्टेशन पर सैलून के स्थापना संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है **AA/1(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** सासाराम स्टेशन पर सैलून के स्थापना, संचालन और रखरखाव हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः COM-SLOON-SSM ई नीलामी लॉट संख्याः MSS-DDU-SSM-SS-48-26-1 ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 10.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(2)वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**(E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पू0म0 रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/0811/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/26–27/24

# रक्षाबंधन को लेकर बाजार में सजी राखी की दुकानें, बहनों में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र में रक्षा बंधन पर्व को लेकर गुरुवार को चेनारी मुख्य बाजार व तेलारी बाजार में रौनक बढ़ गई है। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भीड़ उमड़ रही है। हर कोई अपने भाई के लिए सबसे सुंदर और खास राखी चुनने में जुटा है। बाजार में पारंपरिक धागों वाली राखियों से लेकर डिजाइनर, मोतियों, पत्थरों और चांदी-पॉलिश वाली राखियों तक की लंबी रेंज मौजूद है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों और म्यूजिकल राखियों की भी खूब मांग है। दुकानदार दीपक गोसाई ने बताया कि इस बार इको-फ्रेंडली और हैंडमेड राखियों को भी लोग पसंद कर रहे हैं।

राखियों के साथ-साथ मिठाइयों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। लड्डू, पेड़ा और काजू कतली की बिक्री जोरों पर है। स्थानीय निवासी दीपक चौबे ने कहा रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते का त्योहार है, इसलिए इसकी तैयारी में हर घर में खुशी का माहौल है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau-F2-10/2026-27 (Two Envelope System)**

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पलामू जिला के प्रखंड मोहम्मदगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदगंज के ग्राम मोहम्मदगंज के नदी पर टोला (मोहसीननगर) में कासीसोत नदी पर पुल (पुलिया निर्माण। | 20951300 | 4,19,100 | 10000 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **29.08.2026** (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **03.09.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से** दिनांक **28.09.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय –**30.09.2026** अपराह्न 3:00 बजे।
6. **वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।**
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू**

**PR 388479 (District)26-27*D**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-12/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time for Sale of BOQ :- 12.09.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 15.09.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 15.09.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. **Details of Work :-**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of A Type ward no. 1 to 4 in Campus of Central Jail, Daltonganj, Dist-Palamu. | Rs. 17,08,400.00 | Rs. 35,000.00 | Rs. 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Renovation of C Type ward no. 1 to 4 in Campus of Central Jail, Daltonganj, Dist- Palamu. | Rs. 14,40,700.00 | Rs. 30,000.00 | Rs. 2,500.00 | 03 Months |
| 3. | Renovation of Combined Doctor and Clerks Quarter in Campus of Central Jail, Daltonganj, Dist - Palamu. | Rs. 21,81,600.00 | Rs. 44,000.00 | Rs. 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Ramp in Block A and Slope in Block B & C in Campus of Collectorate Building, Daltonganj, Palamu. **(2nd Call) Previous PR No. 386404 District(26-27):D** | Rs. 3,36,200.00 | Rs. 7,000.00 | Rs. 750.00 | 01 Month |
| 5. | Renovation of DC Residence, Landscaping Shed, Boring in Campus of DC Residence, Daltonganj, Palamu. | Rs. 18,60,500.00 | Rs. 38,000.00 | Rs. 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा–

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3Bएवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

**PR 388570 District(26-27)#D**

# राजगीर में अब घर के पास होगी पीजी की पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर और आसपास के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई सुविधा शुरू हुई है। राजकीय डिग्री कॉलेज में सात विषयों के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इससे स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को पीजी शिक्षा के लिए पटना, गया या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भूगोल, गृह विज्ञान, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस (एमएलआईएस) में पीजी स्तर की पढ़ाई के लिए नामांकन लिया जा रहा है। पीजी पाठ्यक्रमों की शुरुआत को राजगीर की उच्च शिक्षा व्यवस्था के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।विश्वविद्यालय के कुलपति उपेन्द्र प्रसाद सिंह के इस निर्णय का स्थानीय बुद्धिजीवियों और विद्यार्थियों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे राजगीर अनुमंडल के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को अपने घर के नजदीक उच्च शिक्षा जारी रखने का अवसर मिलेगा। बाहर जाकर पढ़ाई करने में होने वाले आवागमन, छात्रावास और अन्य खर्चों में भी कमी आएगी, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा। प्राचार्य ने कहा कि पीजी पाठ्यक्रम शुरू होने से विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के विकल्प बढ़े हैं। राजगीर पहले से ही नालंदा विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय और नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के कारण शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में पहचान बना चुका है। ऐसे में राजकीय डिग्री कॉलेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन क्षेत्र की शैक्षणिक गतिविधियों को और गति देगा। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, प्रतिष्ठित संस्थानों में सीट नहीं मिलने या अन्य कारणों से नामांकन से वंचित रह जाने वाले विद्यार्थियों के लिए भी स्थानीय स्तर पर शुरू हुए ये पाठ्यक्रम बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं।

# इलाज के दौरान महिला की मौत पर निजी क्लीनिक में तोड़फोड़, एनएच-20 जाम

## प्रसव के बाद बिगड़ी थी तबीयत, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर के समीप एनएच-20 किनारे स्थित केशव केयर निजी क्लीनिक में प्रसव के बाद एक महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान क्लीनिक में तोड़फोड़ करने के बाद शव को एनएच-20 पर रखकर सड़क जाम कर दी गयी। जाम के कारण दोनों ओर करीब 22 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी।मृतका की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के अबजलबीघा गांव निवासी सुजीत कुमार की 23 वर्षीय पत्नी शरीफ कुमारी के रूप में हुई है। मृतका की मां पार्वती देवी ने बताया कि मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर शरीफ कुमारी को केशव केयर में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने पानी गिर जाने की बात



कहते हुए ऑपरेशन से प्रसव कराने की जानकारी दी और करीब एक लाख रुपये खर्च बताया। ऑपरेशन के बाद महिला ने पुत्र को जन्म दिया।परिजनों के अनुसार प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। इलाज के दौरान खून की कमी बतायी गयी, जिसके बाद बाहर से खून की व्यवस्था कर क्लीनिक में उपलब्ध कराया गया। आरोप है कि खून चढ़ाने के दौरान डॉक्टर ने महिला को पीलिया होने की बात कहते हुए दूसरे अस्पताल रेफर करने की सलाह दी। गंभीर हालत में महिला को पटना ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण क्लीनिक पहुंच गये और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर सोहसराय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर सड़क जाम समाप्त कराया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने पर जांच कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर और क्लीनिक संचालक मौके से फरार हैं।

## पड़ोसी से पूर्व विवाद में मारपीट, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के खिरूबिगहा गांव में पड़ोसी से पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान रामशरण गोप के 50 वर्षीय पुत्र मिथिलेश प्रसाद, बुधन प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी और उनकी पुत्री विमल कुमारी के रूप में हुई है। तीनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा लाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। परिजनों ने बताया कि गांव के पड़ोसी गौरव के साथ पूर्व से विवाद चल रहा था। भैंस को रास्ते से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

## एक नजर

### महंगाई के खिलाफ खेत-ग्रामीण मजदूर सभा ने किया पुतला दहन

**नगरनौसा**। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा की ओर से गुरुवार को नगरनौसा प्रखंड के कछियावां पंचायत में बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए रामदास अकेला ने कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ मजदूर वर्ग की स्थिति बेहद खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के बढ़ते दामों से गरीब और मजदूर परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल रोक लगाने, मजदूरों को राहत देने और गरीबों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बच्चों ने बनाई चीनी की राखी

**सरमेरा**। मनोरंजन मध्य विद्यालय चेरों के बच्चों ने रक्षाबंधन के अवसर पर स्वयं चीनी की राखी तैयार कर एक-दूसरे को बांधी। बच्चों ने चीनी से बनाई गई राखी के माध्यम से मिठास और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नकी हसन अय्यूबी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में स्किल डेवलपमेंट के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही उन्हें पर्व-त्योहारों की सांस्कृतिक जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि नवाचार आधारित शिक्षा से विद्यालय में आनंददायी माहौल बनता है और बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा मिलता है। बच्चों द्वारा तैयार चीनी की राखी देखकर शिक्षक भी काफी खुश हुए और बच्चों से राखी बंधवाई। प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर सतीश प्रसाद, चंद्रशेखर रविदास, लालजी कुमार, मोनी कुमारी, चंद्र प्रकाश और सर्वोत्तम कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**परवलपुर**। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत परवलपुर थाना पुलिस ने कतरू बिगहा एवं ढिबरी गांव में छापेमारी कर 50 लीटर देसी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोलू उर्फ रोशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर दोनों स्थानों पर छापेमारी की गई थी। कार्रवाई के दौरान शराब बरामद होने के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के कारोबार और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। बुधवार को पुलिस ने गोलू उर्फ रोशन कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बाजार स्थित देवी मंदिर में अखंड कीर्तन शुरू

**परवलपुर**। परवलपुर स्थित देवी माता मंदिर में गुरुवार के अहले सुबह से 24 घंटे का अखंड महाकीर्तन शुरू हो गया। अखंड कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए।अखंड कीर्तन को ले स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। श्रद्धालु अखंड कीर्तन में शामिल होकर माता की पूजा-अर्चना में जुट गएऔर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि अखंड के दौरान श्रद्धालु बारी-बारी से भजन-कीर्तन में शामिल होंगे।

### मारपीट में बीच-बचाव करने गए युवक को पीटा

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के भोभी गांव में बुधवार की देर संध्या दो लोगों के बीच हो रही मारपीट में बीच-बचाव करने गए एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान भोभी गांव निवासी अर्जुन यादव के 35 वर्षीय पुत्र अजय कुमार यादव के रूप में हुई है।

# करोड़ों खर्च के बाद भी बदहाल बाजार समिति कैंपस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। किसानों को बेहतर बाजार सुविधा उपलब्ध कराने और कृषि उपज के लिए आधुनिक व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से बाजार समिति परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। लेकिन वर्तमान में बाजार समिति की स्थिति सरकारी दावों के बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। परिसर में फैली गंदगी, जलजमाव और बदबूदार वातावरण के बीच जिले के किसान अपनी उपज लेकर पहुंचने और उसे बेचने को मजबूर हैं।बाजार समिति परिसर में नियमित साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में जगह-जगह कचरा पसरा हुआ है। कई हिस्सों में गंदगी जमा रहने से दुर्गंध का वातावरण बना रहता है। इससे किसानों के साथ-साथ



यहां आने वाले व्यापारियों और खरीदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जिस बाजार समिति को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की बात कही गई थी, वहां बुनियादी सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध नहीं दिख रहा है।किसानों के अनुसार, वे अपनी मेहनत से तैयार की गई फसल को बेचने के लिए बाजार समिति पहुंचते हैं, लेकिन परिसर की बदहाल स्थिति देखकर निराशा होती है। गंदगी और दुर्गंध के कारण यहां लंबे समय तक रहना भी मुश्किल हो जाता है। उनका आरोप है कि विकास कार्यों पर राशि खर्च करने के बाद उसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।स्थानीय लोगों और किसानों ने संबंधित अधिकारियों से बाजार समिति परिसर की नियमित सफाई, जलनिकासी, कचरा प्रबंधन और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो करोड़ों रुपये खर्च करने का उद्देश्य ही सवालों के घेरे में रहेगा।

# भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। भाजपा जिला कार्यालय, मेहनौर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह नालंदा क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल और प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना शामिल हुए।बैठक में जिला पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व विवाद में पड़ोसियों के बीच मारपीट, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के खिरु बिगहा गांव में पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर पड़ोसियों के बीच मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज कराया गया।घायलों की पहचान राम शरण प्रसाद के पुत्र मिथिलेश प्रसाद तथा बुधन प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी और उनकी पुत्री विमल कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। बताया गया कि भैंस को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट शुरू हो गई।मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में हिलसा पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।



# बिहार की दो बेटियों का भारतीय महिला रग्बी टीम में चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला रग्बी टीम में बिहार की दो बेटियों का चयन किया गया है। इनमें नवादा की आरती कुमारी और मुजफ्फरपुर की गुड़िया कुमारी शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों के चयन से बिहार के खेल जगत में खुशी की लहर है। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला रग्बी टीम की मंगलवार को घोषणा की गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार दोनों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में




शामिल किया गया है। यह उपलब्धि बिहार में रग्बी खेल के लगातार बढ़ते प्रभाव और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम मानी जा रही है।

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन नवादा के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि आरती कुमारी ने इससे पहले भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। लगातार बेहतर प्रदर्शन, अनुशासन और कठिन प्रशिक्षण के बल पर उन्होंने भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है।

## पकरीबरावां के साकिर अहमद एचसीएल में बने वैज्ञानिक

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड मुख्यालय के चमन मोहल्ला के रहने वाले साकिर अहमद ने भारत सरकार के एचसीएल में जीईओ वैज्ञानिक बने हैं। साकिर ने मार्च 2026 में गेट की परीक्षा में सफलता पाई है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 119 प्राप्त हुई थी। उन्होंने एएमयू अलीगढ़ से जियोलॉजी में स्नातक की है। आईआईटी धनबाद से की है। उनकी सफलता पर मोहल्ले में खुशी है। लोगों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि साकिर के बड़े भाई डॉ. तनवीर अहमद आईआईटी धनबाद से बीटेक, एमटेक एवं पीएचडी करने के बाद आईआईएफटी में प्रोफेसर हैं। साकिर की बड़ी बहन पाकीजा प्रवीण प्रधान शिक्षिका हैं।

# टी एस कॉलेज हिसुआ में खेलो इंडिया 2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ**। टी. एस. कॉलेज, हिसुआ के पं. दीनदयाल सभागार में "विकसित भारत युवा कनेक्ट–खेलो इंडिया 2026" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "खेल की बात पीएम मोदी के साथ" थी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा एवं मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्री रवि जी, एन. सी. सी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार दुवे, बर्सर डॉ स्वर्गेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेल जगत से साईकलिंग एवं अन्य खिलाडी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर बन्धु , मिडीया प्रभारी मुकेश कुमार, प्राधान सहायक राजेश कुमार कम्पयुटर आपरेटर दिनेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने टी. एस. कॉलेज के




विद्यार्थियों को वर्चुवल माध्यम से सम्बोधित करते हुए भारतीय खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं को खेलों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने वर्ष 2036 में भारत में प्रस्तावित ओलंपिक खेलों में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा नशामुक्त भारत के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। एन. एस. एस. पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि टी. एस. कॉलेज के विद्यार्थी खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नई ऊंचाइयां हासिल कर रहे हैं और भविष्य में भी कॉलेज को गौर्वानवित करेंगे। मुख्य अतिथि ने युवाओं को अनुशासन, निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अनुशासन एवं निरंतर प्रयास से जीवन में आगे बढा जा सकता है।

# गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**कौआकोल**। गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में गुरुवार को रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में भाई-बहन के पवित्र प्रेम एवं आपसी स्नेह का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और आपसी जिम्मेदारी का प्रतीक है। मौके पर विद्यालय के प्रधान आचार्य महेंद्र कुमार, आचार्य अशोक कुमार, आचार्या संध्या कुमारी, आचार्या प्रतिमा कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# नवादा विधायक का जारी है विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संसाधनों की उपलब्धता एवं छात्र छात्राओं को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित सदर विधायक विभा देवी का विद्यालय निरीक्षण कार्यक्रम आज भी जारी है। गुरुवार को विधायक ने नवादा नगर स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, इंटर विद्यालय गोणावां, राजकीय अंबेडकर आवासीय इंटर विद्यालय गोंदापुर और इंटर विद्यालय भदैनी का दौरा किया ।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी एवं सदस्य वीणा देवी मौजूद रही। छात्र छात्राओं ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्वागत गान



के माध्यम से अपने विधायक का स्वागत किया। इसी कड़ी में कक्षाओं का निरीक्षण , छात्र छात्राओं से बातचीत , संसाधनों की उपलब्धता पर मंथन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये गए और प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्य को आवश्यक निर्देश दिए गए। इनमें से गोनावां और भदौनी के विद्यालय में क्लास रूम की कमी देखी गई जिसकी शिकायत छात्राओं ने अपने विधायक से किया। इन विद्यालयों में पर्याप्त भूमि नहीं रहने के कारण कक्षाओं का निर्माण बाधित है। विधायक ने विभागीय पत्राचार और व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से इस समस्या का समाधान ढूंढने का भरोसा दिया। इसी के साथ प्राचार्य और प्रबंध समिति को निर्देश दिया गया कि फिलहाल जितना संसाधन उपलब्ध है उसका बेहतर उपयोग हो और जो भी कमी है उसके लिए आवश्यक विभागीय संपर्क स्थापित किया जाय।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का राज्यव्यापी आंदोलन पहुंचा नवादा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति, वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समायोजन तथा वर्षों से कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का राज्यव्यापी आंदोलन गुरुवार को नवादा पहुंचा। नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्राचार्य, कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी, कांग्रेसजन, विद्यार्थी एवं शिक्षा से जुड़े लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संजय यादव ने कहा कि वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी पिछले चार दशकों से बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सीमित संसाधनों और अनेक कठिनाइयों के बीच इन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा देने और उनका भविष्य संवारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जिन शिक्षकों ने अपना जीवन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में लगा दिया, उनका अपना भविष्य आज भी अनिश्चित है। नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए उन्हें वर्षों से संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार को इस स्थिति को बदलने के लिए निर्णायक पहल करनी होगी। प्रो. (डॉ.) संजय यादव ने कहा कि वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त कर वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का समायोजन किया जाना चाहिए।

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज खान ने कहा कि वित्त रहित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्या चार दशक पुरानी है। वर्षों से शिक्षा व्यवस्था



में योगदान देने वाले शिक्षक-कर्मचारी आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कार्यक्रम को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने भी संबोधित किया। धरना-प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के बाद जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंच संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार एवं जिला अध्यक्ष, नवादा, फैटनेस, डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। धरना कार्यक्रम में नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, राकेश कानन, डॉ राधेश्याम शर्मा, डॉ सुनील कुमार, डॉक्टर हेमंत कुमार, विनोद कुमार पप्पू समेत विभिन्न शिक्षकों एवं कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों ने बिहार में शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन संस्थानों में वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपेक्षा अब स्वीकार्य नहीं है। सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। सभा में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति, वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समायोजन, नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# सवर्ण समाज के साथ भेदभाव के विरोध में नवादा में आक्रोश मार्च

**नवादा**। अखिल भारतीय सामान्य जाति संघर्ष मोर्चा की ओर से सवर्ण समाज के साथ कथित भेदभाव, द्वेष और दमन के विरोध में 27 अगस्त को नवादा शहर में आक्रोश मार्च निकाला गया। मोर्चा के संयोजक राजेश कुमार श्री ने प्रधानमंत्री, भारत सरकार तथा जिलाधिकारी, नवादा को दिए आवेदन के माध्यम से मार्च की जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग की मांग की थी। आवेदन में कहा गया है कि सवर्ण समाज के संवैधानिक अधिकारों और विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। मोर्चा का आरोप है कि आंदोलनकारियों को दिल्ली के अंदर प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई तथा पुलिस प्रशासन द्वारा कथित तौर पर बदसलूकी करते हुए कई आंदोलनकारियों को हिरासत में लेकर दिल्ली से बाहर भेजा गया। इसे लेकर सवर्ण समाज में आक्रोश है। मोर्चा के अनुसार, इसी क्रम में नवादा नगर में 27 अगस्त को विशाल आक्रोश मार्च आयोजित किया गया। मार्च श्रीकृष्ण सिंह स्मारक हॉल, न्यू एरिया, आरएन इंटर कॉलेज के पास से निर्धारित समय पर शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नवादा जिला समाहरणालय पहुंचा। यहां सवर्ण समाज की न्यायोचित मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया ।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीटीआर-एएसटीई-आरपीएच-26-आरई, दिनांक: 25.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीटीआर-एएसटीई-आरपीएच-26-आरई** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** सिग्नलिंग कार्य-हावड़ा मंडल-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) 60 केजी 1 इन 12-74 सेट। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,81,28,471/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,62,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 25.08.2026 को 18.39 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 04.09.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.09.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-305/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वारिसलीगंज थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, 16,500 रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड तथा एक कस्टमर डाटा बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वारिसलीगंज के तीन अलग-अलग स्थानों—पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप एचडीएफसी



बैंक, सब्जी मंडी तथा फौदी साव गली स्थित एसबीआई एटीएम के पास छापेमारी की। इस दौरान तीन आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित कुमार, पिता सुनील प्रसाद, ग्राम मकनपुर, थाना वारिसलीगंज; पिन्दु कुमार, पिता बुलक महतो, ग्राम तारे, थाना शेखपुरा; तथा रोहित कुमार, पिता साजो साव, माफी गली, वार्ड नंबर-12, वारिसलीगंज के रूप में हुई है।

### मगध विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न

# मगध विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर राज्यपाल खुश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/बोधगया।** बिहार लोक भवन में गुरुवार को मगध विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में राज्यपाल सह बिहार विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (से. नि.) सैयद अता हसनैन ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और शोध उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, वह उल्लेखनीय है और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणादायी है। महामहिम ने विशेष रूप से बिहार दिवस प्रतियोगिताओं में मगध विश्वविद्यालय द्वारा हासिल प्रथम स्थान, खेल प्रतियोगिताओं और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों की निरंतर सक्रियता, 10 से अधिक पेटेंट और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि मगध विश्वविद्यालय, नालंदा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, नालंदा नवविहार और दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (गया) के साथ मिलकर बौद्ध दर्शन और उसकी विरासत पर संयुक्त अध्ययन, शोध और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाए। प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा दुब्बा में किए गए उत्खनन को मगध विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए महामहिम ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक मानकों और अकादमिक अनुशासन के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि नवगठित डिग्री कॉलेजों को भी साथ लेकर योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और विश्वविद्यालय प्रगति पथ पर आगे बढ़ने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने शोध और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता, नए यूजीसी नियमों का पालन और शोध के मानक सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। एसीएस दीपक कुमार ने इस सत्र से शुरू हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए कोर्स पर सुझाव दिया कि राज्य सरकार को पत्र भेजकर इस कोर्स के लिए उचित पद सृजन और नियुक्ति की मांग की जाए ताकि पाठ्यक्रम की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के नए आयामों को ध्यान में रखते हुए संसाधन और मानव संसाधन की व्यवस्था जरूरी है। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने पावर-पॉइंट प्रस्तुति में विश्वविद्यालय की उपलब्धियां, चुनौतियां और सुधार के उपाय प्रस्तुत किए। उन्होंने शोध, फैकल्टी विकास और अवसंरचना सुधार पर भी प्रकाश डाला। बैठक में महिला महाविद्यालयों को मिलने वाले कोष में कमी और अवसंरचना व अन्य खर्चों से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

### गया कॉलेज में विकसित भारत युवा कनेक्ट-खेलो इंडिया 2026 का भव्य आयोजन

## पीएम मोदी ने विद्यार्थियों से किया लाइव संवाद, मंत्री जीतन राम मांझी ने खेल अवसंरचना विकास में सहयोग का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया कॉलेज, गया के मुंशी प्रेमचंद सभागार में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट-खेलो इंडिया 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'खेल की बात पीएम मोदी के साथ' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस दौरान खेल, युवा शक्ति, अनुशासन और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी उपस्थित रहे। उनके अलावा कर्नल पंकज कुमार (कीर्ति चक्र), गया की डिप्टी कलेक्टर नेहा कुमारी सहित खेल जगत और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गया कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ लाइव संवाद करते हुए भारतीय खेल संस्कृति को मजबूत बनाने और युवाओं की खेलों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने वर्ष 2036 में भारत में प्रस्तावित ओलंपिक खेलों के संदर्भ में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की। साथ ही उन्होंने युवाओं से नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़ी कई हस्तियां मौजूद रहीं।

## डीएम ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 50 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, आवास योजना, पेंशन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े मामले आए।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गया में 'समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान' का शुभारंभ, महिलाओं के खातों में पहुंची राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पटना के बापू सभागार में 'समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान' का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की हर महिला को उद्यमी बनाकर आर्थिक रूप से मजबूत करना है। गया जिले की जीविका दीदियों ने समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में सहभागिता की। डीएम गया शशांक शुभंकर की उपस्थिति में गया की 34,359 महिलाओं के खाते में प्रथम किस्त के रूप में 10,000 रुपये तथा 2,318 महिलाओं के खाते में द्वितीय किस्त के रूप में 20,000 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए।सरकार ने वर्ष 2030 तक बिहार की 1 करोड़ महिलाओं को रोजगार से जोड़कर 'लखपति दीदी' बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। वर्तमान में ग्रामीण महिलाएं अर्थव्यवस्था में 1,86,000 करोड़ रुपये का योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 'सहयोग पोर्टल' पर आने वाली समस्याओं का समाधान 30 दिनों के भीतर नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 5 लाख महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की राशि, 10,000 लाभुकों को जीविका निधि से ऋण और 112 ग्रामीण हाट निर्माण का शुभारंभ किया गया।

## जीविका सुधा बिक्री केंद्र' का शुभारंभ, डीएम ने महिलाओं को दी आर्थिक स्वावलंबन की सौगात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज (गया)।** स्थानीय प्रखंड की बिच्छा पंचायत अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में जीविका और कॉम्फेड (मगध मिल्क यूनियन, सुधा) के संयुक्त प्रयास से 'जीविका सुधा बिक्री केंद्र' का शुभारंभ किया गया। केंद्र का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। इसका संचालन स्थानीय जीविका दीदी मंजू देवी द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत इस केंद्र के लिए सरकार द्वारा 60,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है जबकि 15,000 रुपये का अंशदान लाभार्थी का है। कुल 75,000 रुपये के शुरुआती निवेश से डीप फ्रीजर, विजी कूलर और दुकान की ब्रांडिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसडीओ जतिन कुमार से की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एभीवीपी शेरघाटी के नगर मंत्री सचिन कुमार के नेतृत्व में परिषद के कार्यकर्ताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) जतिन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न जनहित के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं तथा स्थानीय स्तर पर सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष प्रमुखता से रखा। मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने छात्र हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया तथा जनहित से संबंधित मामलों के त्वरित समाधान की मांग रखी। नगर मंत्री सचिन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र-छात्राओं के हित और समाज के व्यापक जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहती है। संगठन का प्रयास है कि विद्यार्थियों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाकर उनके समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखे गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक सहयोग करने तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## आरक्षण की समीक्षा का अर्थ इसे समाप्त करना नहीं : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि आरक्षण की समीक्षा का उद्देश्य इसे समाप्त करना नहीं, बल्कि इसके वास्तविक लाभ को समाज के सबसे वंचित और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। पटना में जारी एक बयान में उन्होंने यह बातें कहीं।डॉ. सुमन ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि इससे समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े समुदायों को उनकी सही हिस्सेदारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को यह अध्ययन करना चाहिए कि आरक्षण का लाभ अब तक किस समुदाय को कितना मिला है और कौन-से वर्ग आज भी पिछड़े हुए हैं।आरक्षण रहे और उसका लाभ हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचे–यही बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संवैधानिक विचारों का वास्तविक सम्मान है।

## एसएसबी जवानों की कलाइयों पर सजे स्नेह और प्रेम के धागे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट कुणाल के उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय परिसर में ज्ञान भारती आवासीय विद्यालय, बोधगया एवं हॉली पब्लिक स्कूल डोभी के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन पर्व का हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह एवं आपसी विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। छात्राओं द्वारा जवानों की कलाई पर राखी बांधने से कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण हो गया। इस अवसर पर कमांडेंट कुणाल ने अपने संबोधन में रक्षाबंधन पर्व की महत्ता एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं से उनकी रुचि एवं भविष्य में वे किन-किन क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहती हैं। इस संबंध में संवाद किया तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, अधीनस्थ अधिकारीगण तथा वाहिनी के अन्य जवान मौजूद रहे।

## पेड़ों को राखी बांध बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** रक्षाबंधन पर्व से पहले उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीरामपुर बीटी बिगहा, शेरघाटी में इको क्लब की ओर से वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगे पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पेड़ों की रक्षा का संकल्प लिया। इको क्लब के नोडल शिक्षक बृजेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने कहा कि रक्षाबंधन पर भाई-बहन एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इसी तरह पेड़-पौधे भी हमारे जीवन की रक्षा करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। बच्चों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका स्वाति कुमारी, कुमारी गीता एवं शिक्षक नीलेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी।

## लोगों को समय पर सेवा देने का सीओ ने दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी रितु सोनी ने गुरुवार को आरटीपीएस काउंटर, सहज वसुधा केंद्र और रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने आरटीपीएस काउंटर पर लंबित आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि जाति, आवासीय, आय सहित सभी प्रमाण पत्रों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्गत करें। आम लोगों को सेवाओं के लिए अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें। इसके बाद उन्होंने सहज वसुधा केंद्र और रिकॉर्ड रूम का जायजा लिया। रिकॉर्ड रूम में दस्तावेजों के रखरखाव, अभिलेखों की सुरक्षा और उन्हें व्यवस्थित तरीके से रखने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय की कार्यप्रणाली को दुरुस्त रखने और आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया है। सभी कर्मी समय पर कार्य निष्पादन करें और कार्यालय आने वाले लोगों से शालीन व्यवहार करें।

## इनामी नक्सली के घर ढोल-नगाड़े के साथ चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** बिहार-झारखंड के कुख्यात इनामी नक्सली के घर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चस्पाया है। झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद थाना की पुलिस ने मैगरा थाना के सहयोग से कुख्यात नक्सली नितेश यादव उर्फ इरफान उर्फ किरानी के तरवाड़ीह गांव स्थित घर पर गुरुवार को ढोल-नगाड़े के साथ इश्तेहार चस्पाया। इस संबंध में मैगरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद थाना की पुलिस मैगरा थाना पहुंची थी।

## कोंच की तीन पंचायतों में लगा संत रविदास विकास शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच(गया)।** प्रखंड की असलेमपुर, कोंच और श्रीगांव पंचायत में गुरुवार को श्री गुरु संत रविदास के 650 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संकल्प अभियान के तहत संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ चंदन कुमार, पंचायत सचिव व अन्य कर्मी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन लिए गए। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क, नाली और पेयजल से जुड़ी शिकायतें रखीं। अधिकारियों ने मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया और शेष आवेदनों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। बीडीओ ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कर्मियों को प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान कर्मियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किये जाने से पुलिस, मीडिया सहित आमजन प्रसन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू थाना में एक वर्ष से पदस्थापित थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार का वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा लाइन हाजिर किये जाने से थाना में पदस्थापित कई पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी, मीडिया कर्मी सहित आमजन काफी प्रसन्न हैं। गौरतलब है कि बाजार निवासी ट्रांसपोर्टर सह जन सुराज के नेता रविशंकर अवस्थी ने आई.जी. मगध रेंज को आवेदन दिया था कि थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्वारा भूमि, शराब, बालू, छर्री, मिट्टी माफियाओं से मेल कर के थाना में पदस्थापित चौकीदार का पुत्र ललन पासवान को अपना रसोईया में रख कर उसके माध्यम से अवैध वसूली करवाया जा रहा है। इस आवेदन के परिपेक्ष्य में आई जी द्वारा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोप की सत्यता की जांच करवाया गया और सत्य पाने पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष को गुरूवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। श्री अवस्थी ने बताया कि थानाध्यक्ष ने जिस प्रकार का अपराध किया है उसके अनुसार इन्हें यह सजा काफी कम है। थाना में अभी भी इनके गुरु मौजूद हैं। मैं इससे संतुष्ट नहीं हूं। गौरतलब है कि श्री अवस्थी द्वारा पूर्व थानाध्यक्ष चाहत कुमार पर भी भू-माफिया से मेल का आरोप लगाया था और जांच के बाद उन्हें भी निलंबित किया गया था। वही इस संबंध में मथुरापुर बाजार के रामचन्द्र चौहान ने बताया कि थानाध्यक्ष अखिलेश द्वारा दस दिनों से आवेदन लेकर मथुरापुर बाजार के ही दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया है। साथ ही साथ कईयों ने बताया कि थानाध्यक्ष का आदत था कि जिस आवेदन में उन्हें इंट्रेस्ट नहीं होता था बगैर आई जी साहब के आदेश के प्राथमिकी दर्ज नहीं करते थे और आम आदमी को थाना पर दौड़ाते-दौड़ाते जूता तुड़वाते थे।

## खेत में जहरीले जीव के काटने से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के उचिरमा गांव में खेत में काम करने के दौरान जहरीले जीव के काटने से किसान पांचू मंडल की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया जबकि गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार पांचू मंडल खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी जहरीले जीव ने उन्हें काट लिया। इसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी बीच उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को घर लाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शेरघाटी थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बिना डॉक्टर रोस्टर के संचालित हो रहा गुरुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 10 में सिर्फ दो डॉक्टर मिले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गुरुआ।** गुरुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। गुरुवार को अस्पताल के मीडिया कर्मी पड़ताल में पहुंची तब 10 डॉक्टरों में से महज दो डॉक्टर ही ड्यूटी पर मौजूद मिले। वहीं अस्पताल परिसर से लेकर कार्यालय तक कहीं भी डॉक्टरों का रोस्टर सटा हुआ नहीं मिला। मामले को लेकर जब स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. हरेंद्र नारायण सिंह से डॉक्टरों के रोस्टर के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट कहने से परहेज किया। इसके बाद अस्पताल के हेल्थ मैनेजर अजीत कुमार ने कर्मी पंकज कुमार से रोस्टर की फाइल दिखाने की बात कही। हैरानी की बात यह रही कि अस्पताल परिसर में डॉक्टरों की ड्यूटी से संबंधित रोस्टर सार्वजनिक रूप से कहीं प्रदर्शित नहीं किया गया था। मीडिया कर्मियों के पहुंचने के बाद करीब एक बजे आनन-फानन में अस्पताल के महिला वार्ड में कार्यरत महिलाकर्मी अनुभा प्रजापति द्वारा डॉक्टरों का रोस्टर चिपका गया। रोस्टर में अस्पताल में 10 डॉक्टरों के कार्यरत होने की बात उन्होंने कही। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में केवल डॉ. गजेंद्र कुमार मरीजों का इलाज करते हुए मिले जबकि स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. हरेंद्र नारायण सिंह अपने कार्यालय में मौजूद थे। ऐसे में अस्पताल में डॉक्टरों की वास्तविक ड्यूटी व्यवस्था और रोस्टर को सार्वजनिक नहीं किए जाने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल ये उठता है कि यहां डॉक्टर रोज नहीं आते और सिर्फ कागजों पर उपस्थिति हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी का रोस्टर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए। ताकि मरीजों और उनके परिजनों को यह जानकारी मिल सके कि किस दिन कौन डॉक्टर ड्यूटी पर हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से मामले की जांच कर अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है।


**आवश्यकता**

पटना जिला के दुल्हिन बाजार प्रखंड अंतर्गत उलार सोरंमपुर कृषि साख समिति (पैक्स) में प्रबंधक की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति निम्नांकित पते पर आवेदन करें।
**योग्यता** – बी. ए. एवं कंप्यूटर
वेतन /पारिश्रमिक/भत्ता, समिति लाभ होने पर
आवेदन करने की तिथि-विज्ञापन प्रकाशित होने से एक सप्ताह के अंदर।

**अरुण कुमार**
**अध्यक्ष-चयन समिति**
**ग्राम – उलार, पोस्ट भरतपुरा,**
**थाना-दुल्हिन बाजार, जिला-पटना**
**पिनकोड – 801102**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

Invitation of Proposal (e-procurement Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.- 08/2026-27
1st Call NATIONAL BIDDING
e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/08/2026-27 Date:- 25.08.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services forFeasibility study report for the Strengthening & Widening of NH-139 road Kaua Khoh to Belaghat , Navdiha Bazar RCD road via Majhgaon under Garhwa district in State of Jharkhand. |
| 2 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 3 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document - Rs 5,000/- (Five Thousand only) EARNEST MONEYDEPOSIT: -Rs 10,000 (Rs. Ten thousand only) .As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 4 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.09.2026 At 5:00 PM |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bid | 21.09.2026 Upto 12:00 noon |
| 7 | Date and Time of Financial Bid opening | 24.09.2026 at 12:30 PM |
| 8 | Bid validity | 120 days |
| 9 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 388542 Road(26-27)D


## रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय में राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी में सावन माह को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में रक्षाबंधन सह राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नवम वर्ग से 12वीं वर्ग तक की छात्राओं ने भाग लिया और राखी बनाओ पुरस्कार पाओ के अंतर्गत छात्रों के पास उपलब्ध संसाधनों रेशम के धागे सूती धागे और इको फ्रेंडली वस्तु मोती का उपयोग करके आकर्षक और सुंदर राखी बनाई गई। विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई राखी का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में एक से एक डिजाइन की हाथों में मेहंदी लगाकर छात्रों ने सावन महोत्सव मनाया और चयन समिति के द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय का चयन किया गया जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम अंजली कुमारी, द्वितीय राधा कुमारी और तृतीय स्थान इकरा, चतुर्थ स्थान पर स्वरूप कुमारी, पांचवें स्थान पर सबीना खातून, छठे स्थान पर नैंसी कुमारी, सातवें स्थान पर गीता कुमारी, आठवें स्थान पर सुहानी कुमारी, नौवें स्थान पर अकीरा और दसवीं स्थान पर कायनात परवीन ने पुरस्कार पाया। वही मेहंदी प्रतियोगिता में 11वीं की छात्रा इकरा हसन प्रथम, रोशनी खातून द्वितीय, संजना कुमारी तृतीय, सलोनी कुमारी चतुर्थ और गीता कुमारी पांचवें स्थान पर रही। विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. अबरार आलम ने पुरस्कृत किया। साथ ही मेहंदी और राखी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा**

**Cancellation (रद्द)**

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा से आमंत्रित/प्रकाशित निविदा सं0–ZP/GARHWA/04/ 2025-26/Gr.-11 Re (3RD CALL) RR-386605 RURAL DEVELOPMENT(2026-24)-d को Bidding Document के Clause-11 में निहित शर्तों का उपयोग करते हुए अपरिहार्य कारणों से ग्रुप सं0–11 को रद्द किया जाता है। भविष्य में उक्त निविदा का पुर्ननिविदा आमंत्रित की जायेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.388529 Rural Development(26-27):D

संपादकीय

# जबरिया मराठी सिखाने का औचित्य?

महाराष्ट्र गैर मराठी भाषी ऑटो टैक्सी ड्राइवरों को जबरन मराठी सीखना अनिवार्य करने के खिलाफ प्रदेश की राजधानी मुंबई के सभी ऑटो टैक्सी ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। इससे लाखों यात्रियों को परेशानी हो रही है। परिवहन विभाग ने लगभग ड़ेढ़ हजार गैर मराठी भाषी ड्राइवरों को नोटिस थमा दिए हैं। इन ड्राइवरों का कहना है कि उनके लिए इतने कम समय में अच्छी मराठी सीखना संभव नहीं है। रोज पांच सौ हजार तक कमाने वाला ड्राइवर मराठी नहीं आने पर 15 से 20 रू. तक का जुर्माना कहां से भरेगा। दूसरे, कई ड्राइवरों की उम्र साठ साल की हो चुकी है। उनके लिए दूसरी भाषा सीखना आसान नहीं है। राज्य में फडणवीस सरकार जो कर रही है, वह दरसअल राज्य की आंतरिक राजनीति का परिणाम ज्यादा है। जिस राज्य में सबसे बड़ी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री हो, जहां हिंदी दूसरी संपर्क भाषा हो, वहां ड्राइवरों को जबरिया मराठी सिखाने की जिद राजनीतिक मजबूरी भले हो, लेकिन राजनीतिक विवेकशीलता नहीं कही जा सकती। वास्तव में महाराष्ट्र में लंबे समय से स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने की मांग होती रही है। सरकार का तर्क है कि ड्राइवरों को स्थानीय मराठी भाषा का ज्ञान होना चाहिए ताकि वे यात्रियों के साथ बेहतर संवाद कर सकें। पहले भी ऑटो-टैक्सी परमिट के लिए मराठी भाषा की जानकारी एक शर्त रही है, लेकिन इसका सख्ती से पालन नहीं होता था। अब सरकार ने इसे सख्ती से लागू करने का फैसला किया है और नियम तोड़ने पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया है। यह ही विवाद की मुख्य वजह बन गया है। इस मामले में शिवसेना नेता संजय निरुपम का कहना है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मुंबई और एमएमआर क्षेत्र के सभी ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों को मराठी भाषा का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए। इसे 1 मई से लागू किया जाना था, लेकिन ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए समय दिया गया। उनका दावा है कि 85% से अधिक ड्राइवरों ने मराठी का बुनियादी ज्ञान प्राप्त कर लिया है। 12 अगस्त को एक महीने का अतिरिक्त विस्तार दिया गया था। हालांकि, आरटीओ अधिकारी ऑटो ड्राइवरों को परेशान कर रहे हैं। अगर कोई अधिकारी सरकार के आदेश का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' हालांकि सरकार का कहना है कि उसका उद्देश्य किसी की रोजी रोटी छीनना नहीं है बल्कि मराठी भाषा और संस्कृति को सुरक्षित रखना है। प्रशासन का यह भी दावा है कि 105 दिनो तक चले अभियान 1.65 लाख ड्राइवरों को मराठी भाषा का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कई विधायकों ने भी अपने अपने क्षेत्र में मराठी भाषा सिखाने की व्यवस्था की है। बावजूद इन सबके सभी गैर मराठी भाषी ड्राइवर अच्छी मराठी इतनी जल्दी सीख जाएं यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। सच्चाई यह है कि सरकार का यह मराठी प्रेम भी राजनीति से उपजा ज्यादा है। क्योंकि मराठी के संवर्द्धन को लेकर जमीनी हकीकत कुछ और ही कह रही है। खुद महाराष्ट्र, जहां मराठी राजभाषा है, वहां हाल के वर्षों में करीब 150 मराठी माध्यम के स्कूल बंद हो चुके हैं, क्योंकि उन्हें विद्यार्थी नहीं मिल रहे। इस को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस वैराले ने अपने एक भाषण में चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार इन्हें बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही है। उधर महाराष्ट्र की युवा पीढ़ी में अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी का आकर्षण भी बढ़ रहा है। इस पूरे मामले का राजनीतिक कोण यह भी है कि मुंबई में ज्यादातर गैर मराठी भाषी ड्राइवर यूपी और बिहार से हैं। उन्हें जबरिया मराठी सिखाने का गलत संदेश जा सकता है, खासकर यूपी में, जहां छह माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

# पितृसत्ता के खात्मे की दिशा में एक अहम पहल

**1789 की फ्रांसीसी क्रांति के तीन मूल बीज समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व ने समूचे विश्व में एक नई मानवीय परिकल्पना का सूत्रपात किया। जिससे मानवीय अस्तित्व और मानवीय गरिमा की अवधारणा को बल मिला और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष तेज हुए। समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की इस विश्व व्यापी अवधारणा को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए लंबा संघर्ष किया गया है जो प्रतिफलित भी हुआ है। लेकिन समूचे विश्व की महिलाओं के लिए आज भी समानता, स्वतंत्रता एक यूटोपिया ही बनी हुई हैं। समानता के बारे में जब भी चर्चा की जाती है तो यह प्रश्न अवश्य उपस्थित होता है कि हम किस समानता की बात कर रहे हैं। समानता के इस विमर्श में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और लैंगिक समानता का समावेश किया जा सकता है।**

समानता की मुख्यतः चार अवधारणाएं हैः पहली कल्याण की समानता, दूसरी संसाधनों की समानता, तीसरी क्षमताओं की समानता और चौथी वैकल्पिक समानता। प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने क्षमताओं की समानता की अवधारणा को प्रतिपादित किया है जिसमें वे लोगों की क्षमताओं को बराबर करने पर जोर देते है। अमर्त्य सेन के अनुसार अगर सामाजिक नीति इस प्रकार बनाई जाए कि उसके आधार पर लोग विभिन्न काम करने लायक क्षमताएं विकसित कर सकें तो समानता का आदर्श प्राप्त किया जा सकता है। अमर्त्य सेन यह भी स्पष्ट करते हैं कि असमानता (विषमता) का विश्लेषण करते समय मानवीय विविधता का पूरी बारीकी से ध्यान रखा जाना चाहिए। यह विविधता आंतरिक (उम्र, जेंडर, स्वास्थ्य, प्रतिभाएं आदि) भी होती है और बाह्य (संपत्ति का स्वामित्व, सामाजिक पृष्ठभूमि, पर्यावरणीय स्थितियां आदि) भी हो सकती है।

अमर्त्य सेन कहते हैं कि वैसे तो हर स्त्री जेंडर आधारित भेदभाव का शिकार होती है लेकिन एक दलित स्त्री और एक उच्च जाति की स्त्री की परिस्थितियां एकदम भिन्न हो सकती हैं। सामाजिक नीतियां अगर इन अंतरों को ध्यान में रखकर तैयार की जाएंगी तो क्षमताओं की समानता अधिक बेहतर ढंग से प्राप्त की जा सकेगी। समाज में स्त्री-पुरुष समानता का विश्लेषण भी इसी बारीकी से किया जाना चाहिए ताकि स्त्रियों के समानता के अधिकार के रोज होते हनन को देखा व समझा जा सके। समानता की अवधारणा के विकसित होने के बाद भी वैश्विक स्तर पर महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार के लिए अलग से संघर्ष करने पड़े हैं। अमेरिकी महिलाओं ने समानता के अधिकारों के लिए एक लंबा संघर्ष किया था जिसके फलस्वरूप 26 अगस्त 1920 में अमेरिकी संविधान में संशोधन के बाद पहली बार महिलाओं को मताधिकार का अधिकार प्राप्त हुआ। महिला समानता के अधिकारों के संघर्ष की स्मृतियों को ताजा रखते हुए प्रत्येक वर्ष 26 अगस्त को महिला समानता दिवस (Womens Equality Day) के रूप में मनाया जाता है। 26 अगस्त 1970 को अमेरिकी संविधान में 19वें संशोधन के पारित होने की 50वीं वर्षगांठ थी इसी संविधान संशोधन ने महिलाओं को पूर्ण मताधिकार प्रदान किया था। इसी वर्ष 'राष्ट्रीय महिला संगठन' ने महिलाओं से समान अधिकारों के लिए देशव्यापी समानता के लिए हड़ताल का आह्वान किया था। जिसमें देश के 90 से अधिक प्रमुख शहरों और कस्बों में एक लाख से अधिक महिलाओं ने रैलियों और प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। अमेरिका के इतिहास में लैंगिक समानता के लिए यह हड़ताल महिलाओं का सबसे बड़ा प्रतिरोध थी। न्यूयॉर्क शहर में पचास हजार महिलाओं ने महिला आंदोलन और समान अधिकारों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में बेट्टी फ्राइडन, ग्लोरिया स्टीनम और बेला अब्जुग ने संबोधित भी किया था।

महिलाओं ने शिक्षा और रोजगार में समान अवसर की मांग की और साथ ही बाल देखभाल केंद्रों की मांग भी की। 1971 न्यूयॉर्क में बेला अब्जुग ने महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने के लिए एक विशेष दिन की मांग की। इस विशेष दिवस की मांग को मान लिया गया और 1973 में अमेरिकी कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में नामित किया। इसके बाद पूरी दुनिया में महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाने लगा। महिला समानता दिवस के उद्देश्य महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार, भेदभाव, बलात्कार, कुकर्म, एसिड अटैक के प्रति लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाना है, साथ ही महिलाओं को सशक्त कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। वर्ष 2023 में महिला समानता दिवस की थीम 'Embrace Equality' था जिसका अर्थ 'समानता को अपनाओ या गले लगाओ' थी। इस थीम के द्वारा लैंगिक समानता हासिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। वर्ष 2024 में महिला समानता दिवस की थीम 'अपने जीवन में महिलाओं का धन्यवाद करें' थी, जो जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं के योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। वर्ष 2025 की थीम 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण थी'। यह थीम लैंगिक समानता प्राप्त करने के महत्व पर जोर देती है और महिलाओं व लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए तेजी से कदम उठाने का आह्वान करती है। लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों में से भी एक है। लैंगिक समानता मौलिक अधिकार होने के साथ एक शांतिपूर्ण, समृद्ध, सतत और टिकाऊ दुनिया के लिए आवश्यक आधार भी है। लैंगिक समानता की दिशा में विगत वर्षों में प्रगति हुई है लेकिन समूचे विश्व में लैंगिक समानता का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भी हासिल नहीं हो सकेगा। 131 देशों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 61 देशों में आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान कार्य करने से रोका जाता है। 38 देशों में विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष बिना किसी ठोस आधार के निर्धारित की गई है। 63 देशों में बलात्कार को सहमति के अभाव के तौर पर परिभाषित किया जाता है। 80% देशों में आधी से भी कम महिलाओं के पास कृषि योग्य भूमि का स्वामित्व है जो ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और कृषि खाद्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संसद में वर्ष 2025 में महिलाओं के पास महज 27.2% सीटें हैं जो वर्ष 2015 से 4.9% और वर्ष 2024 से महज 0.3% ही अधिक है। भारतीय संविधान महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्रदान करता है। लेकिन क्या ये सभी समानताएं 21 वीं सदी के तीसरे दशक में भी परिलक्षित होती हैं? कई लोग तर्क दे सकते हैं कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और उन्हें अवसरों की समानता है। इस तर्क को स्वीकार किया जा सकता है लेकिन हर क्षेत्र में अवसर की समानता उतनी सहज नहीं है जितनी पुरुषों को है, साथ ही इसकी एक कीमत भी उसे चुकानी पड़ती है। शिवानी भटनागर और जेसिका लाल के नाम शायद आज भी स्मृतियों में जिंदा हो। अपनी योग्यता साबित करते रहने के साथ साथ कई बार महिला होने के नाते भी समस्याओं, भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ साथ कार्यस्थल की जिम्मेदारियों का संयोजन भी बखूबी महिलाएं करती आई हैं और लगातार कर रही हैं। लेख लिखे जाने तक वर्ष 2026 की आधिकारिक थीम की घोषणा नहीं की गई है इसलिए उसका जिक्र नहीं किया गया है। महिला समानता दिवस की थीम आमतौर पर वैश्विक स्तर पर महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों और चुनौतियों को दर्शाती है और इस खास दिन के कार्यक्रमों को निर्धारित करती है ताकि अधिक से अधिक लोगों को महिला समानता के लिए जागरूक व सचेत किया जा सके।

आज के दिन हम उन सभी सशक्त और प्रतिभाशाली महिलाओं के योगदान और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हैं जो हमसे पूर्व आईं और हम सभी के लिए एक बेहतर और समावेशी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहीं। यह प्रतिबद्धता हम सभी की है जो हमारी आने वाली अगली पीढ़ी को हम से अधिक अधिकार उपलब्ध कराने के लिए है या कहें समानता और स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए है।

## अध्यात्म

### संत के मंत्र की वजह सांप ने डंसना छोड़ दिया

पुरानी लोक कथा है, एक गांव के बाहर एक सांप रहता था। वह रास्ते से गुजरने वाले लोगों को वह डंस लेता था। धीरे-धीरे उसका इतना आतंक फैल गया कि लोगों ने उस रास्ते से गुजरना लगभग बंद कर दिया।

एक दिन गांव में एक विद्वान संत आए और वहां ठहर गए। कुछ दिन बाद उन्हें दूसरे गांव जाना था और उनका रास्ता उसी स्थान से होकर गुजरता था, जहां सांप रहता था। गांव वालों ने उन्हें सावधान किया, लेकिन संत ने कहा कि मुझे एक मंत्र मालूम है, जिससे सांप नहीं डंसेगा, इतना बोलने के बाद संत निडर होकर आगे बढ़ गए।

उस रास्ते पर पहुंचते ही सांप फुफकारता हुआ उनके सामने आ गया। उसने संत को डंसने की कोशिश की। संत ने एक मंत्र का जप किया। सांप शांत होकर उनके चरणों में आ गया। संत ने उसे समझाया, अब किसी को मत डंसना। हिंसा छोड़कर भक्ति और अच्छे कर्मों का मार्ग अपनाओ।

इस घटना के बाद सांप ने लोगों को डराना और डंसना बंद कर दिया, कुछ समय बाद गांव वालों को समझ आ गया कि सांप अब किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता है। अब वे उसे कमजोर समझकर परेशान करने लगे। कोई उस पर पत्थर फेंकता, कोई उसे छेड़ता और एक दिन एक व्यक्ति ने उसकी पूंछ पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। सांप बुरी तरह घायल हो गया।

डर और चोट के कारण उसने बिल से बाहर निकलना बंद कर दिया। वह कमजोर होता गया। कुछ समय बाद वही संत फिर गांव आए। उन्हें सांप की हालत का पता चला तो वे उसे खोजते हुए उसके बिल तक पहुंचे। संत की आवाज सुनकर सांप बिल से बाहर आया।

संत ने उसकी दशा देखकर कहा, मैंने तुम्हें किसी को डंसने से मना किया था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं था कि तुम अपनी रक्षा करना भी छोड़ दो। तुम्हें अपनी रक्षा के लिए फुफकारना चाहिए था। लोगों को यह संकेत देना चाहिए था कि तुम्हारे साथ गलत व्यवहार न करें। बस किसी को डंसना नहीं है।

### प्रसंग की सीख

अपनी सीमाएं स्पष्ट करें

हर रिश्ते में कुछ सीमाएं जरूरी हैं। कोई बार-बार आपका समय, सम्मान या भावनाओं का गलत फायदा उठा रहा है, तो शांत शब्दों में अपनी सीमा स्पष्ट करें। मैं इस तरह की बात स्वीकार नहीं करूंगा कहना बदतमीजी नहीं, आत्मसम्मान है। कई लोग अच्छे बनने के नाम पर गलत व्यवहार भी सहते रहते हैं। उन्हें डर होता है कि विरोध करने से रिश्ता खराब हो जाएगा, लेकिन लगातार अपमान सहना समस्या का समाधान नहीं है। विनम्र रहते हुए असहमति जताना सीखिए।

# राहुल गांधी के साथ चलते हुए जनता के मन जागी उम्मीद

**रहुल गांधी बीते पॉच वर्षों से निरन्तर 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं और उनके साथ इस यात्रा में शामिल होकर भारत के लोगों के मन में यह उम्मीद जाग रही है कि... कोई तो है जो हमारे मन की बात जानने निकला है। किसान, कारीगर, मजदूर, देश की नारियॉ और युवा पदयात्री राहुल गांधी के साथ चलते हुए उन्हें अपने- अपने मन की बात खुलकर बता रहे हैं। उमरदराज़ लोग भी राहुल गांधी के साथ कदम मिलाने से पीछे नहीं हट रहे। राहुल गांधी लोगों के करीब आकर यह जानने की इच्छा और उत्साह से भरे हुए हैं कि आखिर भारत के लोगों के मन में क्या है और वे कैसा देश अपने लिए चाहते हैं।**

राहुल गांधी से अपने सुख-दुख साझा करने वाले लोगों की बात सुनकर सहज ही अनुभव हो रहा है कि वे बीते कुछ वर्षों की उस राजनीति से ऊब गये हैं जो भेदभाव से भरकर केवल अपनी मनमानी कर रही है और उसके नेता लोगों की बात ही नहीं सुन रहे हैं। वे लोगों से दूर सजाये गये महंगे मंचों से खुद ही बोलते रहते हैं। देश के लोगों से दूर खड़े इन सजे-धजे और बनावटी नेताओं के पास लोगों के दुख जानने का समय ही नहीं बचा है।

वे बोलते अधिक हैं और लोगों की बात सुनते कम हैं। वे सवालों के जवाब नहीं देते, कोई हिसाब नहीं देते। राहुल गांधी लोगों के साथ पैदल चलते हुए कम बोल रहे हैं और देश के लोगों की बात अधिक सुन रहे हैं। राहुल गांधी लोगों को फिर उस पगडण्डी पर वापस ला रहे हैं जिस पर साथ चलते हुए आपस में सवाल उठाकर उनके जवाब खोजे जाते हैं और जो असहमत है उसका भी सम्मान किया जाता है। जो लोग देश के दूर-दराज़ इलाकों में जीवन काट रहे हैं और इस यात्रा से सीधे नहीं जुड़ पा रहे, वे भी मन ही मन राहुल गांधी के साथ इस उम्मीद से भरकर चल रहे होंगे कि देश में प्रेम की पगडण्डियों पर सबके साथ चलने और जीवन गुजारने के दिन अब ज़रूर लौटेंगे और नफ़रत की उड़ती धूल शान्त होगी।

असहनीय रूप से अभद्र और सत्ता की भूख से भरे राजनीतिक परिदृश्य में जहर-बुझे



तीर सहते हुए राहुल गांधी की उपस्थिति को हमारे देश के वे करोड़ों संवेदनशील लोग अपने अहसास में ज़रूर महसूस कर पा रहे होंगे जो विभाजनकारी राजनीतिक मानसिकता को पसंद नहीं करते हैं। देश में ऐसे संवेदनशील लोगों का आज भी बहुमत है जो किसी के बांटने से बंटने को तैयार नहीं। यही लोग राहुल गांधी के राजनीतिक धीरज को परख रहे होंगे।

राहुल गांधी का यह धीरज हमारे काम आ सके, इसके लिए लोगों को जात-पांत के भेद और मतान्ध कट्टरता से अपने आपको मुक्त करना होगा। जनसमर्थन पाकर उसकी राजनीतिक सौदेबाजी करने वाले बिकाऊ प्रतिनिधियों को त्यागना होगा। अस्पृश्यता, वैचारिक कट्टरता और सत्ता का लोभ ही हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी बाधा हैं। सबको मिलकर इन बाधाओं को हटाना होगा। लोकतंत्र अपनी विफलताओं से ही सीखकर आगे बढ़ता आया है। हमें इन बाधाओं को हटाने के लिए अपने समय के सत्याग्रह की रचना करके नये विकल्प को गढ़ना होगा।

राहुल गांधी राजनीति की ज़मीन पर नयी धान रोपने की उम्मीद से भरकर भारत की राजनीति के उन कुल-देवताओं की यादों में खोये हुए लग रहे हैं जिनने बिना किसी भेदभाव के सबके घर तक स्वतंत्रता का प्रभात और भरपेट भात पहुंचाने का पराक्रम किया था। भारतीय राजनीति के कुल-देवता तो महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने सबको 'जात मेहनत' का व्रत साधने का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने महान लेखक रस्किन का रचा... 'अन टू दिस लास्ट' यानी सर्वोदय का पाठ भी पढ़ा जिसे अंग्रेजी में 'ब्रेड लेबर' यानी अपनी रोटी कमाना भी कहा जाता है...हर आदमी को धरती की तरफ अपने आपको झुकाकर और पसीना बहाकर अपने और सबके लिए रोटी पैदा करना चाहिए, यही प्रकृति का नियम है। श्रीमद्भगवद्गीता भी कहती है कि... जो यज्ञ किये बिना खाता है वह चोर है। आज यज्ञ का अर्थ यही है कि अपने ईमान की रोटी के लिए जन और जन-प्रतिनिधि एकजुट होकर मेहनत करें। राहुल गांधी किसानों के साथ पिण्डलियों तक पानी में खड़े होकर राजनीति की बंध्या होती जा रही धरती पर लोकतंत्र की नयी धान उगाने की चाहत से भरे लग रहे हैं। राहुल गांधी के चेहरे पर यह आत्मविश्वास झलकता दिख रहा है कि अगर सबको अपने हुनर से देश को सॅवारने के अवसर मिल सकें तो जात-पांत और ग़रीब-अमीर के बीच की दूरी अपने आप कम होने लगेगी। फिर देश के साधनों पर कोई व्यक्ति और जाति अपनी मिल्कियत का दावा नहीं करेगी... बहु विश्वासी जन और उनके चुने हुए प्रतिनिधि ही देश के जल-जंगल-ज़मीन और जानवरों के संरक्षक कहलायेंगे।

राहुल गांधी देश की नयी उमर की नयी फ़सल के साथ खड़े दीख रहे हैं। उनकी दक्षिण से उत्तर और पूरब से पश्चिम तक भारत में पदयात्रा किसी को भुलाये नहीं भूलती, जब वे कड़कती ठंड में एक आधे बांह की टी-शर्ट पहनकर भारत के लोगों के बीच से आते हुए दिखायी दे रहे थे। यह साफ़ दिख रहा है कि राहुल गांधी ने सबके करीब जाकर हर पीढ़ी के लोगों के दिलों में प्रेम के लिए वह जगह बनायी है जिसके सहारे ही लोकतंत्र को संभाला जा सकता है। जब तक देश के बहुविश्वासी बहुजन और उनके बच्चे प्रेमपूर्वक अपनी रोजी कमाकर अपने घर नहीं लौटेंगे, तब तक लोकतंत्र का सुख भोगना सबके लिए कठिन बना रहेगा।

इस समय हम भारत के लोग अपने लोकतंत्र में कठिन परीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। राहुल गांधी की अनवरत भारत जोड़ो यात्रा हमें संविधान की उद्देशिका में अंकित उन चार संकल्पों... स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुता को देश के जीवन में चरितार्थ करने की याद दिला रही है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज जिम्मेदारियों को संभालने पर दफ्तर में साख बढ़ाएगी। पैसों के मामलों में अनुशासन रखना बहुत जरूरी होगा। आप बचत, लंबे समय के वादों और किसी मुख्य खर्च पर विचार कर सकते हैं।

**वृषभ**

आज का दिन स्थिर रहेगा। अपने बजट को देखना और फालतू खर्चों को काटना फायदेमंद रहेगा। केवल दूसरों की सलाह मानकर जोखिम भरे फैसले न लें।

**मिथुन**

आज नई कमाई का मौका और काम की प्राथमिकता को महत्व देना होगा। पैसों से जुड़े मामले आज सक्रिय रहेंगे। आय बढ़ाने का कोई नया मौका आपको मिल सकता है।

**कर्क**

आज बचत में मजबूती और रिश्तों में संतुलन बनाए रखे। पैसों के प्रति अच्छी सोच बनी रहेगी। भविष्य की योजना बनाने या बचत को मजबूत करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**

आज वित्तीय निर्णयों में भरोसा बढ़ेगा। कमाई बढ़ाने या अपनी कुशलता का बेहतर इस्तेमाल करने के विचार आएंगे। केवल उत्साह में आकर किसी भी तरह का जोखिम लेने से बचें।

**कन्या**

आज खर्चों में कटौती और काम में सुधार होगा। आप खर्चों को लेकर बहुत सतर्क रहेंगे। छोटे-छोटे खर्चों पर आपका ध्यान जाएगा जो आपके बजट को प्रभावित कर रहे थे।

**तुला**

आज बजट का प्रबंधन और जिम्मेदारियों का पालन करना होगा। वित्तीय योजना बनाना आज ज्यादा जरूरी रहेगा। व्यक्तिगत जरूरतों और परिवार या दफ्तर के खर्चों के बीच संतुलन बनाना होगा।

**वृश्चिक**

आज सही योजना बनाकर आप अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। कोई रुका हुआ भुगतान या पैसों की बात आगे बढ़ सकती है।

**धनु**

आज आप अपने वित्तीय भविष्य के बारे में अधिक गंभीरता से सोचेंगे। बचत, निवेश और बार-बार होने वाले खर्चों की जांच करने के लिए दिन अच्छा है। किसी भी नए वादे से बचें जो शुरू में आकर्षक लगे।

**मकर**

आज कमाई के नए तरीके ढूंढने का मन करेगा। कुछ विचार अच्छे हो सकते हैं, पर हर मौके पर तुरंत कदम उठाना सही नहीं है। किसी भी जगह पैसा लगाने से पहले सारे तथ्य जांच लें।

**कुंभ**

छोटे-छोटे खर्चों पर आपका ध्यान जाएगा जो आपके बजट को प्रभावित कर रहे थे। खर्चों को सरल बनाने और जरूरी चीजों पर ध्यान देने का यह सही समय है।

**मीन**

आज पुराने काम का सुधार और धीरज से सफलता मिलेगी। पैसों के मामलों में आज धीरज रखना होगा। पुराने वादों की जांच करने और गलतियों को ठीक करने की सीख देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा देवी महिला महाविद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने की। इस दौरान प्रॉक्टर डॉ. बिधुबाला ने विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में सभी छात्राओं को विस्तार से बताया। प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग पोर्टल एक ऐसा डिजिटल मंच है जिसके माध्यम से छात्राएं अपनी शैक्षणिक आवश्यकताएं अथवा समस्याओं की शिकायत सहायता सेवाओं तक सरलता से पहुंच प्राप्त कर सकती हैं। यह शिविर छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।



### बाढ़ में सुखे नशे से आहत हो रही है युवा पीढ़ी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शराब बंदी होने के बाद से युवा पीढ़ी के लोग सुखा नशा की तरफ ज्यादा आकर्षित हुआ है जिसका नतीजा है कि आज युवा पीढ़ी भ्रमित होकर धड़ल्ले से सुख नशा कर रहे हैं और मजे की बात है कि उन्हें नशा चलते फिरते मुहैया हो जाती है बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कई इलाकों में इसका गोरख धंधा चल रहा है शाम ढलते ही युवा अपने दोस्तों के साथ गली मोहल्ले में आराम से सुखा नशा प्राप्त कर लेते हैं हर जगह इसे बेचने वाले राह चलते बेचते हैं इस पर प्रशासन की नजर नहीं है वहीं गरीब तबके के लोग 10 में सुलेशन को एक पॉलिथीन में डालकर उसे मुंह के माध्यम से खींचते हैं उसके बाद उसे नशा जैसा महसूस होता है और नशे की हालत में वह मदहोश हो जाते हैं बाद में नशा करने वाले लोग गंभीर बीमारी का शिकार होकर अपनी जान गवा देते हैं बाढ़ थाना क्षेत्र के कई ठिकाने ऐसे हैं जहां आज भी सुखा नशा मिल रहा है हाल के दिनों में पुलिस ने एक महिला को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन यह नशा रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



### नए एसडीओ कृष्णा जोशी ने पदभार ग्रहण किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नए अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण जोशी ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही विकास कार्यों में जुट गई है गुरुवार के दिन बाढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत में आयोजित श्री गुरु संत रविदास के 650 में जयंती के अवसर पर विकास शिविर के आयोजन में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया और दलित महादलित समाज के लोगों को सरकार के द्वारा मुहैया कराए जाने वाली हर सुविधा और योजनाओं का लाभ उन्हें ससमय मुहैया कराने की बातकहीं कार्यक्रम में महादलित समाज के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच राशन कार्ड जॉब कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र भी ग्रामीणों को वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी अंजू, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सहित करीब आधा दर्जन पदाधिकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए शिविर को सफल बनाया।



### शराब के खिलाफ विशेष अभियान में तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद।

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के अनुसार विशनपुर सुकून टोला निवासी धीरज कुमार (24) को 6.75 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र के मरसेती निवासी रविन्द्र कुमार को 540 एमएल विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया। तीसरे आरोपी राहुल कुमार (27) को शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।इधर, मरांची थाना क्षेत्र के सिमरिया घाट स्थित एक फील्ड में पुलिस ने झाड़ी और गड्ढे में छिपाकर रखी गई करीब 15 लीटर देशी चुलाई शराब तथा 6.400 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बरामद शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई जारी है।





### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 20.80 लाख के 70 मोबाइल फोन धारकों को लौटाए गए

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाईल फोन बरामद कर गुरुवार को वास्तविक मोबाईल धारक को सुपुर्द किया गया है। सिटी एसपी पश्चिमी संकेत कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय, पटना के दिशा निर्देश के आलोक में नगर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी पटना के नेतृत्व में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पश्चिमी क्षेत्र के थाना अन्तर्गत मोबाईल खोने एवं गिरने से संबंधित दर्ज सनहा के आलोक में तकनीकी अनुसंधान कर मोबाईल की बरामदगी की जा रही है। इसी संदर्भ में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पटना पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न थानों में कुल 70 मोबाईल फोन बरामदगी कर उसके वास्तविक धारको को मोबाईल फोन देकर उनके चेहरे का मुस्कान लौटाया गया। बरामद सभी मोबाईल की अनुमानित कीमत तकनीकी टीम द्वारा 20,80,000/- (बीस लाख अस्सी हजार रुपए) आंकलित की गयी है।

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से महिला घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय महिला लौछी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसवरी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मोकामा ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।बताया जाता है कि लौछी देवी अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से पिकअप वाहन की पहचान करने में जुटी है।

### ससुराल में करंट लगने से रेलकर्मी की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना अंतर्गत बहरामा गांव में रेलवे कर्मी मनोहर चौधरी (35) की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ब्यक्ति अपने ससुराल में पंखा लगा रहे थे तभी 440 वोल्ट करंट की चपेट में आ गए जिससे वह नीचे फर्श पर गिर गए और फर्श पर पानी फैला था जिससे वह वहीं बेसुध हो गया कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फर्श पर पड़ा देखा जिसके बाद परिजनों ने उन्हे बेड पर लेटाया और राख से मालिश करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक को पोस्टमार्टम हेतू ले जाया गया। मृतक का भतीजा सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि उन्हें जैसे ही करंट लगने की जानकारी मिली, वह दौड़कर घर पहुंचे उन्होंने देखा कि उन्हें बेड पर लिटाया गया है और उन्हें राख से मालिश की जा रही थी। इसके बाद वह आनन-फानन में निजी क्लीनिक पहुंचे जहां से इन्हें अनुमंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। घटना को लेकर उन्होंने बताया कि यह पंखा बना रहे थे तभी 440 वोल्ट करंट तार की चपेट में आ गए यह पंखा मिस्त्री नहीं थे लेकिन तार जोड़ लेना या सब वह कर लेते थे। वह रेलवे में जॉब करते थे।



### मोर गंगा किनारे सड़ा-गला शव बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मोर वार्ड संख्या-8 में गुरुवार को गंगा नदी के किनारे एक सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव करीब 30 वर्षीय युवक का बताया जा रहा है।मेकरा ओपी प्रभारी अवनीश कुमार के अनुसार, युवक का शव गंगा नदी में बहकर किनारे आया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। युवक के शरीर पर कोई वस्त्र नहीं था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार को रथ रवाना

**बीपीएल परिवारों को मिलेगा मुफ्त सोलर सिस्टम**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते बिजली बिल से राहत दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बीपीएल एवं कुटीर ज्योति परिवारों के घरों पर मुफ्त सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, एसडीपीओ 2 पंकज शर्मा, विद्युत कार्यपालक अभियंता बिहटा अभय रंजन, सहायक विद्युत अभियंता पालीगंज बिपिन बिहारी लाल एवं सहायक प्रबंधक आईटी पालीगंज पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से योजना का लाभ उठाने और सौर ऊर्जा अपनाने की अपील की। विभाग के अनुसार प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सोलर सिस्टम लगाने वाले उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से आकर्षक सब्सिडी दी जा रही है। एक किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम पर 40 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 80 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। अतिरिक्त क्षमता पर भी नियमानुसार सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार योजना के तहत सरकार से मान्यता प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। इसमें प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन, सर्विस सुविधा तथा 25 वर्षों तक की परफॉर्मेंस वारंटी का प्रावधान है। सोलर सिस्टम लगने से उपभोक्ताओं के बिजली बिल में काफी कमी आएगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। इच्छुक उपभोक्ता www.pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 15555 पर संपर्क कर योजना की जानकारी ली जा सकती है। प्रचार रथ में लगे पोस्टर के क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में रवि कुमार, कविश कुमार, विजय कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## धनरुआ में महिलाओं ने पेड़ों को बांधी राखी, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार है, जो पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में धनरुआ प्रखंड में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां महिलाओं ने पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। धनरुआ पंचायत सरकार भवन परिसर में 'हमारा पेड़, हमारा पर्यावरण' थीम के तहत राखी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत गाते हुए हरे-भरे वृक्षों पर राखी बांधी और उनकी रक्षा का संकल्प लिया। महिलाओं ने कहा कि पेड़ उनके परिवार के सदस्य की तरह हैं और जिस तरह वे अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं, उसी तरह वे पेड़ों की भी रक्षा करेंगी। महिलाओं ने कहा कि जिस तेजी से वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, उससे जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे रोकने के लिए पेड़ों को बचाना और अधिक से अधिक पौधे लगाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। धनरुआ पंचायत की मुखिया रानी कुमारी ने कहा कि यह पहल समाज को जागरूक करने के लिए है। उन्होंने कहा, 'जिस तरह एक बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र की कामना करती है, ठीक उसी तरह हमने पेड़ों को राखी बांधकर लोगों को यह संदेश दिया है कि पेड़ों को बचाएं, क्योंकि पेड़ हैं तो जीवन है। इस अवसर पर मुखिया रानी कुमारी के साथ पिंकी देवी, पुतुल कुमारी, रीता कुमारी, प्रमिला देवी, शांति देवी, नेहा कुमारी, रेखा देवी, ममता कुमारी, गौरी कुमारी, शीशम देवी, मोनी कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

## रक्षाबंधन को लेकर मसौढ़ी बाजार में उमड़ी भीड़, महाजाम में घंटों फंसे रहे लोग, प्रशासन की तैयारी फिसड्डी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर मसौढ़ी बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी अधिक थी कि पूरा बाजार महाजाम में तब्दील हो गया और लोग घंटों जाम में फंसे रहे।बाजार में खरीदारी करने आए लोगों ने बताया कि ई-रिक्शा के बेतरतीब परिचालन से पूरे मसौढ़ी शहर की सड़कें अस्त-व्यस्त हो चुकी हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों का कहना है कि रक्षाबंधन जैसे बड़े पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए पहले से तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस और प्रशासन दोनों ही मूकदर्शक बने रहे।जाम के कारण सबसे ज्यादा परेशानी विजय मार्केट, बर्तन मंडी जाने वाली सड़क, अस्पताल रोड और रेलवे गुमटी चौराहा के पास देखने को मिली। कई जगहों पर तो वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे, जिससे खरीदारों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों ने अनुमंडल प्रशासन से मांग की है कि पर्व-त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण और जाम की समस्या से निपटने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान और पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से जूझना न पड़े।

### धनरूआ में आपसी रंजिश को लेकर फायरिंग, 6 नामजद सहित 15 अज्ञात पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बरनी बाजार में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी की घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर 6 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रामानंद प्रसाद उम्र 58 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामबाबू प्रसाद, ग्राम बरनी बाजार, ने बताया कि वह अपने चबूतरे पर बैठे थे। तभी अचानक विजय प्रसाद उम्र 45 वर्ष पिता साधु प्रसाद, प्रिंस कुमार उम्र 25 वर्ष पिता विजय प्रसाद, अभिजीत कुमार उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय अजय प्रसाद, अभिषेक कुमार उम्र 28 वर्ष पिता एकल प्रसाद, सुमन कुमार उम्र 30 वर्ष पिता संजय प्रसाद, गुड्डू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता संजय प्रसाद, शिशुपाल कुमार उम्र 26 वर्ष पिता संपत प्रसाद, और 15 अज्ञात व्यक्ति कई मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हाथों में पिस्तौल और लोहे की रॉड लिए हुए आए।

### सिलाई मशीन दुकान में चोरी करते किशोर धराया

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मेन रोड में एक सिलाई मशीन की दुकान में चोरी कर रहे एक किशोर को दुकानदार ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना गुरुवार सुबह करीब 5 बजे की है। पीड़ित दुकानदार मणि कुमार उम्र 32 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिव प्रसाद, निवासी अस्पताल रोड मसौढ़ी ने थाने में आवेदन देकर शिकायत की है।

## पुरानी रंजिश में नरसंहार की योजना नाकाम, धनरुआ पुलिस ने हथियार के साथ युवक को दबोचा

**एक देशी पिस्तौल तीन जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार • जियाउद्दीन चक गांव में नरसंहार की थी योजना**



शशि तुलस्यान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। पुलिस ने पुरानी रंजिश के प्रतिशोध में हत्याकांड की योजना बना रहे एक युवक को एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि दिनांक 26 अगस्त 2026 को समय करीब 12:10 बजे वह प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक कुमार राहुल एवं सशस्त्र बल के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान बिहार स्ळऋ पटना से आसूचना मिली कि जियाउद्दीनचक निवासी अनीश कुमार पिता स्वर्गीय कलेंद्र पासवान पुरानी रंजिश को लेकर परसाबाजार की ओर से जियाउद्दीनचक में बड़ी घटना को अंजाम देने आ रहा है। सूचना पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस ने पुनपुन स्थित लक्ष्मण झूला ऑटो स्टैंड के पास घेराबंदी की। पुनपुन थाना की गश्ती टीम भी सहयोग के लिए पहुंची। पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में अनीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में उसके चाचा धर्मबीर पासवान और वर्ष 2025 में उसकी ही जाति के दो अन्य लोगों की हत्या उसके गांव के ही यादव जाति के लोगों द्वारा कर दी गई थी। इसी प्रतिशोध की भावना से वह यादव जाति के लोगों की हत्या करने जा रहा था। आरोपी की निशानदेही पर जियाउद्दीनचक जाने वाले मोड़ के पास बाउंड्री किए हुए प्लॉट के सामने सड़क किनारे पेड़ के जड़ के पास झाड़ी में छिपाकर रखा गया एक लोडेड देसी कट्टा और तिंन जिंदा कारतूस जप्त किया और आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### दो भाइयों में विवाद, बड़े भाई के साथ मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के कुकुरबारा गांव में जमीन और बीमार मां के इलाज को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद गहरा गया है। इस विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित रणजीत प्रसाद ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि उनके भाई संजय प्रसाद की नौकरी अनुकंपा के आधार पर पीडब्ल्यूडी विभाग में हुई है।

## डिजिटल पत्रकारिता में आर्थिक आत्मनिर्भरता का बढ़ता प्रभाव : प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में 'डिजिटल युग में पत्रकारिता का अर्थशास्त्र : नैतिक मूल्यों और बाजारगत दबावों के बीच संतुलन' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की। मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार भगत, अध्यक्ष, मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी एवं पूर्व सदस्य, बिहार लोक सेवा आयोग थे। प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डिजिटल युग में पत्रकारिता केवल समाचार प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि तकनीक, अर्थव्यवस्था, बाजार और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण संस्था है। डिजिटल पत्रकारिता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीक, मानव संसाधन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निरंतर निवेश आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता जरूरी है, लेकिन बाजार के दबाव में पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों और संपादकीय स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता में गति आवश्यक है, लेकिन गति से अधिक महत्वपूर्ण विश्वसनीयता है। मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार भगत ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता उसकी तत्कालता और व्यापक पहुंच है, लेकिन खबर को सबसे पहले देने की प्रतिस्पर्धा में तथ्य-जांच और संपादकीय विवेक की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम, प्रो. हेमलता सिंह, प्रो. ऊषा किरण, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. अमृतांशु कुमार, डॉ. देवारती घोष, डॉ. चंद्रशेखर ठाकुर, डॉ. शशि शेखर कुमार सिंह, डॉ. हंस कुमार, डॉ. सुनीता कुमारी, श्री कुमार अमिताभ, श्री तुमुल आनंद, डॉ. अंकित तिवारी एवं शिवम पराशर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बाढ़ कोर्ट में लल्लू मुखिया की पेशी, समर्थकों ने कहा न्याय का इंतजार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया की गुरुवार को बाढ़ कोर्ट में पेशी हुई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच बाढ़ थाना पुलिस उन्हें कोर्ट परिसर लेकर पहुंची। पेशी को लेकर कोर्ट परिसर में उनके सैकड़ों समर्थक भी जुटे रहे। लल्लू मुखिया की पेशी बाढ़ थाना कांड संख्या 98/23 से जुड़े मामले में हुई। कोर्ट में पेशी के बाद बाहर निकलने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है और उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। बताया जाता है कि यह मामला 10 फरवरी 2023 को हुई एक हत्या से जुड़ा है। इस मामले में बाढ़ थाना में लल्लू मुखिया को अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस की ओर से दबिश बढ़ाए जाने के बाद उन्होंने बाढ़ कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद से वह भागलपुर जेल में बंद हैं। मामले में उनकी कई बार न्यायालय में पेशी हो चुकी है।

## एएन कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के शताब्दी भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आज माय भारत एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. सुजीत दुबे, माय भारत की उप-निदेशक एवं जिला युवा अधिकारी सुश्री प्रियदर्शनी, अंतरराष्ट्रीय वुशु पदक विजेता सुश्री दीक्षा कुमारी, पैरा-एथलीट सुश्री सोनी कुमारी तथा बड़ी संख्या में एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम वर्चुअल टू-वे संवाद के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्र सरकार के माननीय मंत्रियों ने खेलों के महत्व पर चर्चा की। तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा न केवल देश में, बल्कि विश्व पटल पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं और देश का तिरंगा ऊँचा रख सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। सुश्री दीक्षा कुमारी ने कहा कि खेल व्यक्ति को अनुशासन और आत्मविश्वास प्रदान करता है तथा बेटियों को खेल के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं, पैरा-एथलीट सुश्री सोनी कुमारी ने कहा कि शारीरिक चुनौती सपनों से बड़ी नहीं होती और किसी को भी हार से डरना नहीं चाहिए।

## दुग्ध उत्पादकों के बीच सुधा ने किया बोनस वितरित



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर पैपुरा पंचायत के कल्याणपुर गांव में महिला कल्याणपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड की ओर से सुधा दूध के प्रथम बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच उनके द्वारा समिति को उपलब्ध कराए गए दूध की मात्रा के आधार पर बोनस राशि वितरित की गई। साथ ही किसानों को केन कैल्शियम भी प्रदान किया गया। बोनस राशि मिलने से किसानों में खुशी का माहौल रहा। किसानों ने कहा कि समय-समय पर मिलने वाली बोनस राशि से उन्हें आर्थिक सहयोग मिलता है। इससे पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान सुधा दूध की ओर से किसानों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही दुग्ध व्यवसाय से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी किसानों को दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मनेर कैंप के ग्रुप लीडर चंद्रशेखर राय एवं विशिष्ट अतिथि मनेर कैंप के प्रभारी धनुषधारी सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सिक्की देवी ने की, जबकि सचिव आशा देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं दुग्ध उत्पादक किसान मौजूद रहे।

## नयी कार्यसमिति के गठन हेतु अधिकृत किए गए डा. अनिल सुलभ

**स्थायी समिति ने प्रस्ताव पारित कर किया अधिकृत, 01 सितम्बर से हिन्दी-पखवारा एवं पुस्तक चौदस मेला**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी कार्यकाल के लिए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की कार्य समिति के गठन हेतु सम्मेलन के पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष डा अनिल सुलभ को अधिकृत किया गया है। बुधवार को कदमकुआं स्थित सम्मेलन-सभागार में 'स्थायी समिति' की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सम्मेलन अध्यक्ष को यह अधिकार सौंपा गया। डा अनिल सुलभ ने उन्हें चौथी बार और निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की तथा बताया कि इस अवधि में प्रतिवर्ष औसतन 125 आयोजन किए गए, जो एक विश्व कीर्तिमान हो सकता है। उनके प्रथम बार अध्यक्ष बनने के पूर्व 40 वर्षों में केवल एक अधिवेशन हुए थे, उनके कार्यकाल के 14 वर्षों में 11 महाधिवेशन हुए। सम्मेलन-पत्रिका 'सम्मेलन-साहित्य' का प्रकाशन हो रहा है। 50 से अधिक पुस्तकों के भी प्रकाशन हुए हैं। सम्मेलन की स्थापना के शती वर्ष में देश भर की 100 विदुषियों, 100 विद्वानों और 100 युवा साहित्यकारों को 'शताब्दी-सम्मान' के ऐतिहासिक अलंकरण से विभीषित किया गया। डा सुलभ ने बताया कि 'हिन्दी-दिवस' के उपलक्ष्य में विगत वर्षों की भांति, आगामी एक सितम्बर से हिन्दी-पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला का आयोजन किया जा रहा है। सभी 15 दिनों में विविध साहित्यिक आयोजन, विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएँ एवं कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी, इनमें काव्य-कार्यशाला तथा कथा-कार्यशाला सम्मिलित है। सभा में स्थायी समिति के सदस्य और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रास बिहारी सिंह, डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा कुमार अरुणोदय, प्रो बलिराज ठाकुर, डा नंद जी दूबे, महेश्वर ओझा 'महेश', उदय नारायण सिंह, डा अरुण कुमार निराला, डा कामेश्वर पंकज, डा आलोक कुमार, ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, देवेंद्र सिंह आजाद, डा विपिन दूबे, देशबंधु शर्मा, ई आनन्द किशोर मिश्र, सुधीर मधुकर,रामेश्वरनाथ मिश्र 'विहान' समेत विभिन्न ज़िला सम्मेलनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने परामर्श दिए। बैठक में, डा ध्रुव कुमार, डा मनोज कुमार झा, डा पुष्पा जमुआर, विभारानी श्रीवास्तव, डा पूनम आनन्द, डा पूनम देवा, आराधना प्रसाद, कृष्ण रंजन सिंह, डा एम के मधु, शमा कौसर 'शमा', उमेश मिश्र, प्रो उषा सिंह सहित 116 सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मौज बाबा के मठिया के महंत परमेश्वर दास का निधन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में स्थित मौज बाबा के मठिया स्थित राम-जानकी मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री परमेश्वर दास का गुरुवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनके निधन की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके सानिध्य में रहने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर परमेश्वर दास समीप स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान कुछ ही मिनट बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल एवं मंदिर परिसर पहुंचने लगे। उनके शिष्य श्रीनारायण माली, वशिष्ठ शर्मा एवं ललित कुमार पांडेय ने बताया कि परमेश्वर दास मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के रहने वाले थे। वह पिछले करीब 25 वर्षों से एकमा स्थित मौजे बाबा के मठिया (राम-जानकी मंदिर) में महंत के रूप में रहकर आध्यात्मिक एवं धार्मिक जीवन व्यतीत कर रहे थे।



### जीविका सुधा बिक्री केंद्र शुरू, महिला समूहों के उत्पादों को मिलेगा बाजार

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की उपस्थिति में जीविका सुधा बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र के माध्यम से जीविका समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के जरिए महिलाओं को आजीविका के साधनों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीविका समूहों की महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में बिक्री केंद्र उपयोगी साबित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को स्थायी बाजार मिलने से महिलाओं को अपने काम का बेहतर लाभ मिल सकेगा। इसके लिए उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ पैकेजिंग और विपणन पर भी ध्यान देना जरूरी है। मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी, जीविका कर्मी, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं और अन्य लाभुक मौजूद रहे।



### महंगाई के खिलाफ खेग्रामस का ताजपुर में प्रतिवाद मार्च, प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**समस्तीपुर/ताजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती महंगाई के विरोध में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के आह्वान पर गुरुवार को ताजपुर में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। गांधी चौक से शुरू हुआ मार्च नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वापस गांधी चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने सभा की। इसके बाद केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के परिवारों की आर्थिक परेशानी बढ़ा दी है। रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, चीनी, सब्जी सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में राहत देने की मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए आसिफ होदा ने कहा कि महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण की मांग करते हुए कहा कि सरकार को आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। मार्च और सभा में मनोज कुमार सिंह, संजीव राय, राजदेव प्रसाद सिंह, कैलाश सिंह, मोतीलाल सिंह, मकसूदन सिंह, दिनेश राय, शंकर महतो सहित बड़ी संख्या में खेग्रामस कार्यकर्ता, किसान, मजदूर और स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि महंगाई पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।



### ग्रिल दुकान की आड़ में चल रही थी मिनी गन फैक्ट्री

भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार एवं उपकरण जप्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मराची गांव में ग्रिल दुकान की आड़ में पिछले कई वर्षों से चल रहे अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर छापेमारी की और मौके से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मराची गांव निवासी ग्रिल दुकान के मालिक महेंद्र





मिस्त्री उम्र 70 वर्ष, पिता स्वर्गीय खेलावन मिस्त्री, अपनी ग्रिल की दुकान की आड़ में मिनी गन फैक्ट्री चला रहा था। छापेमारी के दौरान दुकान से कई अर्धनिर्मित देसी कट्टा, बैरल, कटर मशीन और हथियार बनाने में प्रयुक्त अन्य सामान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महेंद्र मिस्त्री पहले भी हथियार बनाने के मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ में पता चला है कि वह बैरल बनाता था और कराय परसुराय के हथियार तस्करों के संपर्क में रहकर हथियारों की सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि 24 जुलाई को केवड़ा थाना क्षेत्र में इसी तरह से ग्रिल के दुकान की आड़ में मिनी फैक्ट्री संचालित हो रहा था, जहां एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अर्ध निर्मित देसी पिस्टल राइफल का बैरल, कटर बरामद किया गया था, ठीक उसी तरह मराची गांव में भी ग्रिल दुकान की आड़ में यह मिनी गन फैक्ट्री का धंधा चल रहा था, जहां भारी मात्रा में अर्ध निर्मित राइफल का बैरल जप्त किए गए हैं, पूछताछ के दौरान यह चिकसौरा, नालंदा जहानाबाद के कई तस्कर के इसके संपर्क में हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रिल दुकान की आड़ में यह पिस्टल एवं राइफल का बैरल बनाता है। जहां चिकसौरा से हथियार तस्कर मराची से पिस्तौल का अर्धनिर्मित उपकरण खरीद कर ले जाता है और पूरी तरह से हथियार चिकसौरा में तैयार किए जाते हैं यहां सिर्फ हथियारों के पार्ट्स बनाता था,बहरहाल इस अवैध धंधे से जुड़े पूरे नेटवर्क की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# रोसड़ा डीसीएलआर के सरकारी आवास पर निगरानी की दबिश

## 13.80 लाख रुपये नकद मिलने की सूचना; भूमि विवाद में रिश्वत मांगने की शिकायत से जुड़ा मामला

**समस्तीपुर/रोसड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोसड़ा की भूमि सुधार उप समाहर्ता कंचन कुमारी झा के सरकारी आवास पर गुरुवार को निगरानी विभाग की टीम ने छापेमारी की। सुबह करीब नौ बजे दो वाहनों से पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने आवास को अपने घेरे में लेकर तलाशी और दस्तावेजों की जांच शुरू की। कई घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान आवास से संबंधित कागजात, नकदी और अन्य सामान की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान करीब 13 लाख 80 हजार रुपये नकद बरामद होने की सूचना है। हालांकि, बरामद रकम की गिनती, कागजी प्रक्रिया और अन्य औपचारिकताएं पूरी किए जाने की बात कही जा रही है। निगरानी विभाग की ओर से देर शाम तक बरामदगी और कार्रवाई को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी। इसलिए नकदी की अंतिम





पुष्टि आधिकारिक बयान के बाद ही मानी जाएगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार निगरानी की यह कार्रवाई विभूतिपुर प्रखंड से जुड़े एक भूमि विवाद में कथित रिश्वत की मांग की शिकायत के बाद की गई है। शिकायतकर्ता मनोज कुमार कुशवाहा के अनुसार, भूमि विवाद से संबंधित मामला डीसीएलआर कार्यालय में चल रहा था। उनका आरोप है कि मामले के निपटारे को लेकर उनसे रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि डीसीएलआर से मुलाकात के दौरान उन्हें सुमित कुमार नामक व्यक्ति से बातचीत करने के लिए कहा गया। इसके बाद कथित तौर पर उनसे अलग-अलग चरणों में रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, पहले दो लाख रुपये, फिर तीन लाख रुपये और बाद में पांच लाख रुपये की मांग किए जाने की बात कही गई। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि मामले के सिलसिले में उन्होंने एक वॉशिंग मशीन दी थी। उनका कहना है कि निगरानी टीम की कार्रवाई के दौरान वह वॉशिंग मशीन भी आवास से मिली है और उसके संबंध में बिल भी मौजूद है। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, कथित तौर पर लगातार बढ़ती रकम की मांग के बाद उन्होंने निगरानी विभाग में शिकायत की। उनका कहना है कि गुरुवार को उन्होंने दो लाख रुपये दिए थे और इसी शिकायत के आधार पर निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद करीब एक कट्ठा तीन धुर जमीन से संबंधित है। शिकायतकर्ता का दावा है कि मामले से संबंधित जांच रिपोर्ट उपलब्ध होने के बावजूद उनसे रुपये की मांग की गई। इधर, छापेमारी की सूचना फैलते ही रोसड़ा में प्रशासनिक एवं राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रवींद्रनाथ सिंह ने भी डीसीएलआर के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि कार्यालय के कर्मचारियों के माध्यम से कथित तौर पर रकम की मांग की जाती थी। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम सरकारी आवास में दस्तावेजों और अन्य सामान की जांच में जुटी हुई है। कार्रवाई पूरी होने के बाद बरामद नकदी, वॉशिंग मशीन, दस्तावेजों और अन्य सामग्री के संबंध में स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। डीसीएलआर कंचन कुमारी झा का पक्ष फिलहाल सामने नहीं आया है। निगरानी विभाग की आधिकारिक रिपोर्ट या बयान आने के बाद ही मामले में कार्रवाई की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

# मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी में 'खेलो इंडिया संवाद' का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय -27/08/2026 को मेरा भारत, पूर्वी चम्पारण एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ' रही।कार्यक्रम का




शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के सीधे प्रसारण से हुआ। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत युवाओं के साथ खेल, फिटनेस, खेल अवसंरचना, प्रतिभा विकास, 2036 ओलंपिक की तैयारियों, युवा नेतृत्व तथा ह्यनशा मुक्त युवा-विकसित भारत' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में थांग-ता कोच एवं पूर्वी चम्पारण के सेक्रेटरी अशफाक अहमद के साथ स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों सिमरा खान एवं मो. साजिद सिद्दीकी की विशेष उपस्थिति रही। सिमरा खान ने 31 वीं नेशनल थांग-ता (मार्शल आर्ट) सब-जूनियर चैंपियनशिप, गोवा (2025-26) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, जबकि मो. साजिद सिद्दीकी ने 31 वीं नेशनल थांग-ता जूनियर चैंपियनशिप, असम (2025-26) में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। संवाद के दौरान स्थानीय खिलाड़ियों एवं युवाओं ने खेलों को बढ़ावा देने, ग्रामीण एवं महाविद्यालय स्तर पर खेल सुविधाओं के विस्तार, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराने तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी से संबंधित अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों ने खेल को केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम न मानकर अनुशासन, स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती, डॉ. विदुषी दीक्षित, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. कौसर नाज, डॉ. रुपेश कुमार, डॉ. नितेश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक, मेरा भारत एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को माय भारत पोर्टल से जुड़ने तथा विभिन्न युवा एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' की शपथ एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस 'खेलो इंडिया संवाद' ने युवाओं में खेल, फिटनेस, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# रेलवे ओवरब्रिज पर कल से बदलेगा ट्रैफिक रूट, रात में मरम्मत के लिए रहेगा बंद

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के रेलवे ओवरब्रिज पर यातायात व्यवस्था में कल से बदलाव किया जाएगा। दिन के समय पुल पर वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी, जबकि रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक ओवरब्रिज से वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। रात में पुल को बंद रखने का निर्णय शेष बचे मरम्मत कार्य को पूरा करने और ओवरब्रिज पर लाइट लगाने के लिए लिया गया है।





नई व्यवस्था के तहत दिन में मगरदही घाट की ओर से आने वाले वाहनों को ओवरब्रिज के ऊपर से जाने की अनुमति होगी। वहीं समाहरणालय की ओर से आने वाले वाहनों को पुल के ऊपर से नहीं भेजा जाएगा। ऐसे वाहनों को ओवरब्रिज के नीचे बाईं ओर से होकर भोला टॉकीज की दिशा में जाना होगा। रात के समय ओवरब्रिज पर वाहनों का परिचालन बंद रहने के दौरान वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना होगा। अधिकारियों के अनुसार, पुल पर मरम्मत से संबंधित कुछ कार्य अभी बाकी हैं। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइटें भी लगाई जानी हैं। इन्हीं कार्यों को पूरा करने के लिए रात के समय वाहनों की आवाजाही रोककर काम कराया जाएगा।

# अदालत सिंह के श्राद्ध कर्म में उमड़ा जनसैलाब, पूर्व आईपीएस अधिकारी समेत कई गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**मांझी/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सेवानिवृत्त अपर सचिव एवं मांझी प्रखंड के नचाप गांव निवासी अदालत सिंह के निधन के बाद बुधवार की देर शाम उनके पैतृक गांव नचाप में श्राद्ध कर्म एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार व उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गणमान्य लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षाविद ई. जयप्रकाश सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव कुमार शर्मा, जन सुराज नेता खुर्शीद नैयर, संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार के. के. सिंह सेंगर, मुकेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, अवधेश सिंह, कुणाल कुमार सिंह, बारिन्द्र सिंह, मनोज सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, गोबिंद सिंह, सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, नई दिल्ली समेत विभिन्न शहरों से पहुंचे शुभचिंतकों के साथ नचाप गांव



परिजनों एवं ग्रामीणों ने दिवंगत अदालत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं वरिष्ठ जन सुराज नेता डॉ. जयप्रकाश सिंह, आकाशवाणी के लोकप्रिय कवि एवं गायक कलाकार राजनाथ सिंह राकेश, प्रो. अजीत कुमार सिंह, आप नेता भूपेंद्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, बिगहा निवासी सूर्य देव लाल, डीलर मदन गोपाल सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, श्रीभगवान सिंह, श्रीनारायण सिंह, सुभाष सिंह, प्रो. उमेश कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह, ववैभै के ग्रामीणों और परिजनों ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्राद्ध कर्म एवं ब्रह्म भोज में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने अदालत सिंह के प्रति लोगों के सम्मान और उनके व्यापक सामाजिक संपर्क को दशार्या। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके प्रशासनिक जीवन, ईमानदारी, सादगी, संघर्षशीलता और गांव के प्रति गहरे लगाव को याद किया। स्वर्गीय अदालत सिंह ने बेहद सामान्य किसान परिवार से निकलकर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर बिहार प्रशासनिक सेवा में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया था।

# कच्ची दरगाह ब्रिज के पिलर नंबर 28 से 40 तक पहुंचा का पानी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के रसुवा और त्रिशुली नदी घाटी में अचानक आए फ्लैश फ्लड और भारी तबाही के बाद बिहार के 8 जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को राघोपुर प्रखंड के कच्ची दरगाह सिक्स लेन क्षेत्र में पिलर नंबर 28 से 40 तक गंगा का पानी फैल जाने से ग्रामीणों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सड़क पर पानी भरने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग जहांगीरपुर, जफराबाद, सुकुमारपुर, परोहा समेत करीब 14 गांवों के लोगों के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है। बाढ़ का पानी आने के बाद सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त भी हो गई है, जिससे आवागमन और अधिक कठिन हो गया



## 14 गांवों के लोगों की बढ़ी परेशानी

है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस सड़क को ऊंचा कर बनाया जाता तो हर साल गंगा के पानी से उन्हें ऐसी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती। लोगों का सवाल है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने सिक्स लेन मार्ग का लाभ आसपास के ग्रामीणों को तब कैसे मिलेगा, जब बाढ़ के समय मुख्य संपर्क मार्ग ही पानी में डूब जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पिलर नंबर 40 के पास यदि सड़क का ढाल और बेहतर तरीके से बनाया जाता तो पानी की निकासी हो सकती थी और पटना-हाजीपुर की ओर जाने में लोगों को काफी सुविधा मिलती। फिलहाल कई ग्रामीणों को करीब तीन किलोमीटर तक गंगा के पानी में पैदल चलकर पिलर नंबर 22 के पास पहुंचना पड़ रहा है, जिसके बाद वे पटना या हाजीपुर की ओर जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल मौके का निरीक्षण कर सड़क की ऊंचाई बढ़ाने, जलनिकासी की व्यवस्था करने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो हर बाढ़ में हजारों लोगों को इसी तरह परेशानी झेलनी पड़ेगी। अब जरूरत सिर्फ राहत पहुंचाने की नहीं, बल्कि भविष्य के लिए ऐसी सड़क व्यवस्था तैयार करने की है, जिससे बाढ़ के समय 14 गांवों का संपर्क बाधित न हो। ग्रामीणों की मांग है कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति देखें और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

# जलजमाव से बेहाल योगीपुर मोड़, दुकानदारों ने कहा - जल्द बने नाला

## गंदे पानी के छींटों से बाजारबासी बेहाल

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग के स्टेट हाईवे-4 पर हिलसा के व्यस्ततम योगीपुर मोड़ चौराहे पर जलजमाव से लोग बेहाल हैं। बुधवार की बारिश के बाद बैंक ऑफ इंडिया के सामने सड़क तालाब में तब्दील हो गई। बाइक, कार सवार पानी चीरते हुए निकल रहे हैं, राहगीरों पर गंदे पानी के छींटे पड़ रहे हैं। स्थानीय दुकानदार गोकुल स्वीट्स के अरविंद यादव, प्रभात मेडिकल के नवाब मियां, अखबार विक्रेता इंद्रदेव पटेल, राजू महुरी व जगदीश साव ने बताया कि हल्की बारिश में ही यहाँ नारकीय स्थिति बन जाती है। पश्चिमी दिशा में नाला नहीं होने से पानी का निकास नहीं हो पाता। उन्होंने हिलसा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद सिंह, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार से जल्द नए ड्रेनेजयुक्त नाला निर्माण की मांग की है। मुख्य पार्षद श्री धनंजय कुमार व उनके प्रतिनिधि चंदन कुमार पटेल ने बताया कि समाधान के रास्ते निकाले जा रहे हैं, एस्टीमेट तैयार हो रहा है। 2027-28 सत्र तक स्थायी समाधान कर दिया जाएगा, फिलहाल अस्थायी रूप से पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी। जबकि स्थानीय वार्ड पार्षद विजय कुमार विजेता ने इसे पूरी तरह नगरपरिषद के सिस्टम की विफलता बताया।कुछ दुकानदारों ने इस समस्या पर हिलसा के अनुमंडलाधिकारी अमित कुमार पटेल को भी प्रतिवेदन दिया है पर अबतक भरी बरसात में निराशा ही हाथ लगी है।



# 01 से 03 सितंबर तक मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य रूप से मनाया जाएगा बापूधाम महोत्सव

## महोत्सव में रहेगी धूम; मैथिली ठाकुर, करीना पांडेय और सबिता पांडेय,बॉलीवुड गायक सलमान अली, अजीत आनंद महोत्सव में देंगे अपनी प्रस्तुति, डॉ तीष्या श्री के नेतृत्व में कवि सम्मेलन का भी होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ परिसदन मोतीहारी में हुई बैठक में आगामी 01सितंबर से 03 सितंबर तक बापूधाम महोत्सव का भव्य आयोजन कराने का निर्णय लिया गया और कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। बापूधाम महोत्सव का शुभारंभ 01 सितंबर को 10:30 बजे पूर्वाहन में मुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री को सादर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव के दौरान 01 सितंबर 2026 सुप्रसिद्ध



लोक गायिका - सह विधायक सुश्री मैथिली ठाकुर की प्रस्तुति के साथ साथ करीना पांडेय और सबिता पांडेय का भी कार्यक्रम होगा। 02 सितंबर को प्रसिद्ध बॉलीबुड सिंगर सलमान अली का कार्यक्रम रखा गया है। उसी दिन स्थानीय कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 03 सितंबर को प्रसिद्ध कलाकार अजीत आनंद और उनकी टीम की प्रस्तुति होगी। 03 सितंबर को ही डॉ. तीष्या श्री के नेतृत्व में नीलोत्पल मृणाल, स्वयं श्रीवास्तव सहित देश के प्रसिद्ध कवियों की हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संध्या 5:00 बजे से गांधी मैदान मोतिहारी में किया जाएगा। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात,उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार के द्वारा कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान में चल रहे तैयारियों का गहन निरीक्षण किया गया और सभी जरूरी निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा मीडिया के प्रतिनिधिगण को गांधी मैदान में चल रही तैयारी की जानकारी दी गई।

# होली मिशन हाई स्कूल की चारों शाखाओं में राखी और मेहंदी प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**समस्तीपुर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के अवसर पर गुरुवार को होली मिशन हाई स्कूल की मोहनपुर, काशीपुर, सतमलपुर और दलसिंहसराय शाखाओं में राखी मेकिंग एवं मेहंदी रचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने राखी निर्माण में हिस्सा लिया, जबकि कक्षा छह से दसवीं तक की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। राखी निर्माण में विद्यार्थियों ने रंगीन रिबन, मोती, ग्लिटर शीट, कागज सहित पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल कर आकर्षक राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की रचनात्मकता और नए डिजाइन देखने को मिले। उत्कृष्ट राखी बनाने वाले प्रतिभागियों में कक्षा चार की आस्था, कक्षा सात की अंशु, कक्षा आठ की श्रेया भारती एवं परिणीता, कक्षा छह के आर्यन व आरणा रंजन, कक्षा एक की वैष्णवी रंजन और कक्षा तीन की नायसा शामिल रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने हाथों पर पारंपरिक एवं सांस्कृतिक डिजाइनों को उकेरकर अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाई। कक्षा आठ की परिणीता, कक्षा नौ की अगस्त्या और कक्षा दस की दिलशाद ने बेहतर प्रदर्शन किया।



CMYK

# 1645 पंचायत सचिवों के तबादले पर सरकार का आभार, शीघ्र विरमित करने की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार पंचायती राज विभाग की ओर से 1,645 पंचायत सचिवों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी किए जाने पर राज्यभर के पंचायत सचिवों ने सरकार और विभागीय मंत्री के प्रति आभार जताया है। पंचायत सचिवों ने इसे कर्मचारी हित में महत्वपूर्ण और पारदर्शी पहल बताते हुए स्थानांतरित कर्मियों को शीघ्र कार्यमुक्त करने की मांग की है। पंचायत सचिवों के संयुक्त ज्ञापन के अनुसार, स्थानांतरण विनियमावली के तहत पोर्टल के माध्यम से कर्मियों से तीन ऐच्छिक विकल्प लिए गए थे। प्रक्रिया के तहत 4 फरवरी 2026 को 243 तथा 7 अगस्त 2026 को 1,402 पंचायत सचिवों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए। इस तरह कुल 1,645 कर्मियों को नई पदस्थापना मिली है। इनमें कई कर्मियों को गृह अथवा नजदीकी जिलों में पदस्थापन मिलने से उत्साह का माहौल है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्थानांतरित कर्मियों को वर्तमान पदस्थापन से अविलंब विरमित किया जाए, ताकि वे नई जगह योगदान दे सकें। वहीं, विभिन्न कारणों से स्थानांतरण से वंचित रह गए करीब 600 पंचायत सचिवों के आवेदनों पर भी नियमानुसार सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया गया है। पंचायत सचिवों ने कथित रूप से 'बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ' के नाम पर जारी किए जा रहे दावों और बयानों पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने विभाग से ऐसे किसी भी संगठन या प्रतिनिधि के पत्र पर निर्णय लेने से पहले उसकी वैधानिकता की जांच करने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने वालों में आनंद कुमार, नीतीश कुमार, गौतम कुमार, गौरव प्रधान, सुनील कुमार यादव, आलोक कुमार, रेहान अहमद, मो. आतिफ, मुकेश कुमार, अमित कुमार चौधरी, पप्पू कुमार और धीरज कुमार समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## परिवार न्यायालय का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पौथू थाना पुलिस ने परिवार न्यायालय औरंगाबाद से जारी वारंट के मामले में कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल राम, पिता भोला राम, निवासी ग्राम हरवंशा, थाना पौथू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध परिवार न्यायालय औरंगाबाद के इजराय वाद संख्या-40/26 एवं भरण-पोषण वाद संख्या-149/18 से संबंधित वारंट जारी था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम हरवंशा में छापेमारी कर अनिल राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# कबाड़ से जुगाड़ कर बच्चों ने बनाई आकर्षक राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** राखी पर्व के अवसर पर मध्य विद्यालय सलैया में बच्चों की रचनात्मकता और हुनर देखने को मिला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनुपयोगी एवं कबाड़ हो चुकी सामग्रियों का रचनात्मक उपयोग करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां तैयार की। बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी भी विद्यालय परिसर में लगाई गई जिसे देखने के लिए विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं ग्रामीण पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बच्चों में रचनात्मकता, नवाचार और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'कबाड़ से जुगाड़ कर राखी बनाओ' प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पुराने कागज, ऊन, सजावटी वस्तुओं तथा अन्य अनुपयोगी सामग्रियों का उपयोग कर आकर्षक राखियां बनाईं। उन्होंने कहा कि इस गतिविधि के माध्यम से



बच्चों को यह संदेश दिया गया कि जो वस्तुएं हमारे लिए अनुपयोगी हो जाती हैं, उनका रचनात्मक तरीके से पुनः उपयोग किया जा सकता है। इससे बच्चों में 'वेस्ट टू बेस्ट', स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सृजनात्मक सोच की भावना विकसित होती है।

राखी पर्व के महत्व पर चर्चा करते हुए शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और आपसी विश्वास का पर्व है। बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर पर्व की खुशियां साझा की और भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती तथा आपसी सहयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सलैया के मुखिया मनोज चौधरी ने भाग लेकर बच्चों द्वारा तैयार राखियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शिक्षक ठाकुर अमरेश प्रसाद, शशिकांत कुमार, सत्यानंद, शिक्षिका प्रतिभा कुमारी, रीता कुमारी, कृति कुमारी, रेखा कुमारी सहित अन्य शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एकल अभियान एक संस्था नहीं बल्कि आध्यात्मिक भारत का प्राणवायु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एकल अभियान विद्यालय संच मदनपुर के आचार्य, आचार्या समूह का तीस घंटा का अभ्यास वर्ग धर्मशाला में संपन्न हुआ। समाज सेवी एवं रामनवमी महासमिति के ज्ञानदत्त पांडेय तथा समिति के प्रधान संरक्षक जितेन्द्र सिंह परमार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह सत्र का शुभारंभ कराया। एकल संच मदनपुर के अध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव सुभाष चौरसिया, कोषाध्यक्ष देवनारायण प्रजापति ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। संच प्रशिक्षण प्रमुख प्रदुमन कुमार ने संच अंतर्गत एकल केंद्र की उपलब्धि का वृत्त प्रस्तुत किया। उद्बोधन में जितेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि एकल अभियान मात्र एक संस्था ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक भारत का प्राणवायु है। एकल अभियान के पुरोधा वर्तमान युग के ऋषि श्याम जी गुप्त एकल विद्यालय का विहंगम परिवार तथा आचार्य आचार्या के लिए साक्षात् ज्ञान रूपी धर्म के तेज पुंज है। विष्णु बनकर भावनाओं के जल से परिवार को सींचते रहते हैं और अंत में गुरु महेश्वर बनकर सांसारिक विकृति और कुत्सित मानसिकता जैसे खरपतवार को अपनी दिव्य ऊर्जा से साफ सफाई करते हैं। इसी दिव्य ऊर्जा के कारण एकल अभियान विद्यालय की गुरुकुल परंपरा भारत को आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित किया है जिसका प्रतिफल है कि आज संपूर्ण विश्व भारत को विश्व गुरु के रूप में देख रहा है। विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के दिलीप प्रसाद सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

# खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। प्रेमचंद सभागार में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, एन.एस.एस. के स्वयंसेवक, खेलो इंडिया से जुड़े छात्र-छात्रा तथा माय भारत से जुड़े विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने 'खेलो इंडिया' अभियान के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खेल अवसंरचना के विकास तथा फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के संवाद को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक




बताया। प्रधानमंत्री के उदबोधन के पश्चात स्वयंसेवकों के साथ एन. एस. एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं खेल प्रभारी ने खेल के विभिन्न मुद्दों पर वार्तालाप किया। इस वार्तालाप में स्वयंसेवक अमित कुमार, सन्नी कुमार, शंभु कुमार एवं गुड़िया कुमारी ने सक्रियता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ.अभिषेक भकत ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही आवश्यक नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं मानसिक दृढ़ता का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर महाविद्यालय एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एन.एस.एस. के . कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम. एस. इस्लाम को धन्यवाद दिया गया, जिनके प्रयासों से महाविद्यालय में आधुनिक तकनिकी सुविधाओं के विकास के कारण इस प्रकार के कार्यक्रम संचालित हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'खेलो इंडिया संवाद' जैसे कार्यक्रम युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता, उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# 'गो ग्रीन स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटी एंड सोलर लाइफ'की उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के ब्लॉक रोड ओवरब्रिज के समीप इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर उपकरणों की सुविधा को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल के तहत 'गो ग्रीन स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटी एंड सोलर लाईफ' प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन किया गया। गुरुवार को मो जमशेद आलम, डॉ अब्दुल रशीद, तबरेज़ आलम,परवेज आलम, सदाम आलम, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं ग्राहक मौजूद रहे।




प्रतिष्ठान के संचालक एम. एस. हुसैन एवं शम्स परवेज ने बताया कि यहां ग्राहकों को इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ-साथ स्कूटी एक्सेसरीज एवं सर्विस सेंटर की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा सोलर सिस्टम, इन्वर्टर, बैटरी, सोलर स्ट्रक्चर, सोलर इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और अन्य सोलर उपकरण भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राहकों के लिए आसान ईएमआई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। संचालकों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं सौर ऊर्जा से जुड़े उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमे इरफान आलम, मुखिया सहित अन्य शामिल हुए ।

# रक्षा बन्धन आज, यह सबसे बढ़िया मुहूर्त

## जेवर खरीदने समेत कई कार्य आरंभ का मुहूर्त शुभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** शुक्रवार को रक्षा बन्धन है। गुरुवार को प्रातः 08.38 बजे से पूर्णिमा आरंभ हो गया। यह शुक्रवार को 09.18 बजे तक रहेगा। उदया तिथि पूर्णिमा शुक्रवार को है। अतः इसी दिन भद्रा रहित शुद्ध पूर्णिमा रहेगी। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री बताते हैं कि इस दिन अन्नप्राशन, दीक्षा ग्रहण, आभूषण निर्माण एवं धारण, पौधारोपण, वाहन खरीदना, नृत्य गीत वाद्य कला आरम्भ करना, बोरिंग करना, आवेदन पत्र लेखन, नींव भूमि पूजा, नवीन पाकशाला प्रारम्भ, दवा खाना इत्यादि का शुभ मुहर्त है। प्रातः 04.52 बजे से प्रातः 07.06 बजे स्थिर सिंह लग्न में भूमि पूजा करें। अन्यान्य कर्म सूर्योदय से सूर्यास्त तक कर सकते हैं। ***रक्षा बंधन के शुभ मुहूर्त***

रक्षा बन्धन का मुहर्त शुक्रवार को प्रातः काल से संध्या तक है। सर्वोत्तम मुहूर्त प्रातः 09.18 बजे तक है। द्वितीय मुहूर्त दिन 01.57 बजे से 03.57 बजे तक धन लग्न में है। तृतीय मुहर्त 03.57 से संध्या 05.43 बजे तक है।

# सब्जी बेचने जा रहे व्यक्ति को पिकअप ने रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जनता कॉलेज के पास एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने सब्जी बेचने जा रहे एक व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में परसावां बीघा निवासी पंचम मेहता (उम्र 40 वर्ष), पिता केश्वर मेहता, गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचम मेहता हर रोज की तरह आज सुबह सब्जी लेकर सतबहिनी बाजार में बिक्री के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे जनता कॉलेज के समीप पहुंचे, तभी तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ठोकर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोटें आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप को जब्त कर लिया, हालांकि चालक सुनसान सड़क का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल पंचम मेहता को तुरंत रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ भाकपा माले का आक्रोश मार्च, केंद्र सरकार को दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** महंगाई के मुद्दे पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं का आक्रोश गुरुवार को सड़क पर दिखा। पेट्रोल-डीजल के बाद चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अंबा में विशाल आक्रोश मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मार्च पार्टी कार्यालय से शुरू होकर नबीनगर रोड, औरंगाबाद रोड, हरिहरगंज रोड, देव मोड़ समेत प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबा चौक पहुंचा। कार्यकर्ताओं के हाथों में पार्टी के झंडे और महंगाई के विरोध में लिखी तख्तियां थीं। अंबा चौक पर आयोजित सभा में भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामरेड रमेश पासवान ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की महंगाई से पहले ही आम जनता परेशान है। अब चीनी की कीमत बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को गरीब और आमजन विरोधी बताते हुए बढ़ी कीमतों पर तत्काल नियंत्रण की मांग की। कहा कि महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भाकपा माले सड़क से लेकर संसद तक व्यापक जन आंदोलन चलाएगी। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।

# महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन और पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** देश में बढ़ते कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव सह राज्य कमिटी सदस्य चंद्रमा पासवान के नेतृत्व में राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। भखरुआं मोड़ स्थित भाकपा माले कार्यालय से निकल कर नारा लगाते हुए लोग भखरूआं चौराहा पर पहुंचे और पुतला दहन किया। पुतला दहन यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने रोको




महंगी बांधो दाम नहीं तो होगा नींद हराम। दाम बांधो काम दो, काम का उचित दाम दो। नेताओं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया- तेल - आटा चावल - दाल- चीनी जनवितरण दुकान से उपलब्ध कराओ।

**चीनी -तेल - मिचाई -प्याज महंगा क्यों प्रधानमंत्री जवाब दो।** चंद्रमा पासवान ने कहा कि आज देश भर में कमरतोड़ महंगाई चरम पर है। अचानक चीनी का दाम बढ़ जाना सीधा सीधी आम जनता पर हमला है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में माले नगर सचिव सह निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष बिरजू चौधरी, पूर्व जिला सचिव जनार्दन प्रसाद सिंह, काराकाट सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, हसपुरा प्रखण्ड सचिव सह किसान महासभा के जिला सचिव कामता प्रसाद यादव, सांसद निजी सचिव नरेन्द्र कुमार, रामशकल मेहता, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन जिला सचिव अलकारी देवी, महिला नेत्री अख्तरी बानों, फातमा खातून, सुशीला देवी, आइसा नेता विकास कुमार कैश खान, अरमान अंसारी नगर कमिटी सदस्य रामचन्द्र चौहान, कार्यालय सचिव फकीरचन यादव रामरूप राम, लक्ष्मी मेहता, रामजनम महतो, ललन यादव शामिल हुए।

# मदाड नदी का जर्जर पुल दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के प्राणपुर गांव के समीप मदाड नदी पर बना पुल पिछले एक दशक से जर्जर अवस्था में है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कब बड़ी दुर्घटना घट जाए कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई। इधर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कई बार पुल की मरम्मत की मांग उठाई है परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चेई नवादा, प्राणपुर, उधम बिगहा, बांसा बिगहा के आसपास के ग्रामीण इसी पुल से गुजरते हैं। ग्रामीण प्रमोद सिंह, सुबोध सिंह सहित ने बताया कि पुल के जर्जर होने के कारण बाइक से पुल से नीचे से गुजरते हैं परंतु वर्षा के दिनों में जलजमाव के कारण यह जोखिम भरा हो जाता है। वर्षा में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मजबूरन ग्रामीण दूसरे रास्तों से जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव में एक सरकारी विद्यालय भी है जहां छात्र-छात्राएं पुल से गुजरकर जाते हैं। पुल की स्थिति के कारण छात्रों और शिक्षकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।

# विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने मनाया राखी का त्योहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** पुरानाशहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में गुरुवार को रक्षाबंधन मनाया गया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर पवित्र रिश्ता को मजबूत किया। संस्था भाई-बहन के अटूट प्रेम के बंधन में बंध गया। महौल ऐसा लगा मानों प्रकृति की बनी हुई रचना सकारात्मक रुप धारण की है। निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव



डा.चंचल ने बताया कि यह राखी का बंधन कोई खेल नहीं। इस धागा के पीछे उस बहन का विश्वास छुपा है जो अपने भाईयों से भविष्य में उम्मीद की किरण संयोग कर रखी है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों में अपनी बहन के प्रति सकारात्मक विचार आते हैं। सारे लड़कों ने अपने बहनों की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया। मौके पर सारे शिक्षक गण उपस्थित रहें।

# देवकुली में फेमस उत्सव हॉल एंड फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** एनएच-139 स्थित देवकुली मुख्य सड़क किनारे फेमस उत्सव हॉल एंड फैमिली रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र कुमार ने विधायक सहित उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने कहा कि देवकुली में रेस्टोरेंट एवं उत्सव हॉल शुरू होने से स्थानीय लोगों को छोटे-बड़े आयोजनों के लिए दूसरे स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां जन्मदिन, रिंग सेरेमनी, पारिवारिक समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान के साथ खान-पान की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक को नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में रालोमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, नंद कुमार प्रसाद, बिजेंद्र कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय सोम, हसपुरा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम, पूर्व मुखिया कमला प्रसाद, डॉ. उपेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, बलराम मेहता, संजय कुमार सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान सहित दर्जनों समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कौशल विवेक प्रतियोगिता में शामिल हुए 300 विद्यार्थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** चावल बाजार स्थित नव ज्योति शिक्षा निकेतन में गुरुवार को कौशल विवेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 300 से अधिक छात्र-छात्रा इसमें शामिल हुए। संस्था के निदेशक नीरज गुप्ता ने बताया कि बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं की मानसिकता तैयार हो, आने वाले समय में किसी भी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने को लेकर उनमें कोई हिचक या भय ना



हो, इस उद्देश्य से यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसमें सफल छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस के दिन सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस तरह के आयोजन करने से विद्यालय के छात्र-छात्रा मानसिक रूप से काफी मजबूत होते हैं।

# शहर में गोवंश के वध के आरोप मे दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के राजा बिगहा मोहल्ला स्थित डॉ उदय कुमार के क्लीनिक से 100 मीटर दुर गोवंश के कथित वध का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर हिंदु संगठन एवं भाजपा के नेता पहुंचे । जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एस आई मिथलेश कुमार, ए एस आई बबनजीत कुमार, ए एस आई सुनिल सिंह, ए एस आई मृत्युंजय कुमार, एएसआई संतोष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच उत्पन विवाद को शांत कराया। इस संबंध में शहर के गौ रक्षा दल के एक सदस्य ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 27 अगस्त 2026 को आवेदक को सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा गोवंश का वध किया जा रहा है। सूचना मिलने पर जब वहां पहुंचकर देखा गया तो पशु के अवशेष तथा खून के निशान दिखाई दिए तथा दो बछड़ा बंधा हुआ पाया गया। मौके पर एसडीएम गौरव कुमार सिंह, एस डीपीओ सदर 2 आदित्य कुमार पहुंचे तथा लोगों से बातचीत की।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जीडी कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जीडी कॉलेज में 'खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात, पीएम के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह, डीएम रिची पांडेय, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, महापौर पिंकी देवी, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह, शिक्षक, खिलाड़ी और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।राष्ट्रीय सत्र के बाद स्थानीय युवा संवाद में खेल अधोसंरचना, प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, युवा नेतृत्व और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। युवाओं ने 2036 ओलंपिक की तैयारी, खेल मैदानों की उपलब्धता, उद्यमिता और डिजिटल कौशल पर सुझाव दिए। कार्यक्रम में युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण, क्यूआर कोड से सुझाव देने और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 क्विज की जानकारी दी गई।

## बागडोव कस्तूरबा विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सखी वार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। मटिहानी प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बागडोव में गुरुवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सखी वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला मिशन समन्वयक राज कुमार सिन्हा और वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ संजीत कुमार ने छात्राओं को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और महिला-बाल सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट 2012, साइबर क्राइम से बचाव, माहवारी स्वच्छता, नशा मुक्ति, कैरियर काउंसलिंग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे विषयों पर जागरूक किया गया।कार्यक्रम में 72 छात्राओं ने भाग लिया और गीत गायन में भी उत्साह से हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# समृद्ध महिला-समृद्ध बिहार अभियान का शुभारम्भ

### जिले में 2,455 जीविका दीदियों को मिली पहली किश्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। समृद्ध महिला समृद्ध बिहार अभियान का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के बापू सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में किया। इस दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 5 लाख महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की गई, जीविका निधि से 10 हजार लाभुकों को ऋण दिया गया, 112 ग्रामीण हाटों के निर्माण का कार्यारंभ हुआ और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं मद्य निषेध विभाग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कारगिल विजय सभागार में किया गया। जहां डीएम रिची पाण्डेय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, एसडीएम बलिया अजय कुमार, जीविका डीपीएम अविनाश कुमार और बड़ी संख्या में जीविका दीदियां मौजूद रहीं।डीएम ने बताया कि बेगूसराय में योजना के तहत 4 लाख 74 हजार 606 आवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 4 लाख 59 हजार 95 आवेदकों को प्रथम किस्त के रूप में 10-10 हजार रुपये दिए जा चुके हैं, जिनमें 31,078 शहरी क्षेत्र के हैं। आज के कार्यक्रम में जिले की 2,455 दीदियों को प्रथम किस्त के 10-10 हजार और 6,282 आवेदकों को द्वितीय किस्त के 20-20 हजार रुपये अंतरित किए गए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है।

# माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में देशभक्ति के संग मना रक्षाबंधन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन का पर्व उत्साह, प्रेम और देशभक्ति के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सुंदर राखियां और सजावटी थालियां तैयार कीं और उन्हें दानापुर कैंट में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए भेजा।बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज और अन्य सामग्री से आकर्षक राखियां बनाईं। अपनी बनाई राखियों को जवानों तक पहुंचाने को लेकर उनमें विशेष उत्साह दिखा, जिसमें सैनिकों के प्रति सम्मान और अपनापन झलका।इसके बाद विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से माहौल को उत्सवमय बना दिया।प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्व बच्चों को रिश्तों की अहमियत और संस्कृति से जोड़ते हैं और उनकी रचनात्मकता को सामने लाते हैं। निदेशक डॉ. मनीष देवा ने कहा कि बच्चों की भागीदारी ही आयोजन की खूबसूरती है और ऐसे कार्यक्रम उन्हें संस्कृति और मूल्यों से जोड़ते हैं।

# विश्व बंधुत्व दिवस एवं अलौकिक रक्षाबंधन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेघरा सेवा केन्द्र में मंगलवार को विश्व बंधुत्व दिवस एवं अलौकिक रक्षाबंधन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान की द्वितीय पूर्व मुख्य प्रशासिका परम तपस्विनी राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके तपस्वी जीवन, मुख्य प्रशासिका के रूप में उनके कार्यकाल, उनके उच्च व्यक्तित्व और देश-विदेश में किए गए सराहनीय कार्यों को याद किया गया। उक्त अवसर संस्था के वक्ताओं ने बताया कि दादी जी ने देश-विदेश के सभी समुदायों के साथ अपनी विचारधारा रखते हुए भाईचारे की भावना बढ़ाने का कार्य किया, जिसके उपलक्ष्य में पूरे विश्व में हर वर्ष मंगलवार को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में उन्हें याद किया जाता है।इस अवसर पर सेवा केन्द्र की संचालिका आदरणीया राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कंचन दीदी जी ने दादी प्रकाशमणी के जीवन चरित्र का विस्तार से वर्णन किया और उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी। स्थानीय सेवा केन्द्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि दादी जी के विशिष्ट कार्यों और विचारधारा पर चलने से कितने ही लोगों के जीवन में नैतिक एवं चारित्रिक परिवर्तन हुआ है, जिससे आज पूरे विश्व में दादी जी विख्यात हैं।दोनों दीदियों ने उनके चित्र पर पुष्प एवं माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों और जिज्ञासुओं ने भी दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के बाद अलौकिक रक्षाबंधन (रक्षा बंधन पावन पर्व) समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन बछवाड़ा क्षेत्र की जिला पार्षद सदस्य वीणा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बछवाड़ा अमित कुमार, पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार राय, अधिवक्ता राजीव रंजन, आरसीएम प्रोडक्ट के प्रोपराइटर कन्हैया लाल सोनी, विद्वान कवि कौशल सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता आदरणीया कंचन दीदी ने सभी को रक्षा बंधन पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इसके अलौकिक रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को उजागर करने वाला, भाई-बहन के वैश्विक रिश्ते की स्मृति दिलाने वाला है।

# 1,368लीटर स्पिरिट एवं शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददताा**

**दरभंगा**। जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब परिवहन भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग, दरभंगा द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम, दरभंगा द्वारा जाले थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्सा गांव में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान झाड़ी में छुपाकर रखे गए 5 बड़े ड्रमों से करीब 920 लीटर स्पिरिट तथा 375 एमएल की 105 खाली बोतलें बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त 180 एमएल की पेट बोतलों में कुल 448.920 लीटर अवैध विदेशी शराब भी बरामद की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार कार्रवाई के दौरान कुल 1,368.920 लीटर स्पिरिट एवं अवैध विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 14 लाख रुपये है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध ने बताया कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त जितेंद्र पासवान के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। साथ ही, नकली शराब के इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य सहयोगियों की पहचान एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए आवश्यक जांच की जा रही है।

# एनटीपीसी कहलगांव में अंतर-विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर**। जिले में स्थित एनटीपीसी कहलगांव विद्युत परियोजना के खेल परिषद की ओर से नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत अंतर-विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीप्तीनगर आवासीय परिसर स्थित विक्रमशिला भवन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेलों के विकास पर बल दिया। मौके पर महाप्रबंधक (रसायन) विकास चक्रवर्ती, अपर महाप्रबंधक (एचआर) मनोरंजन सारंगी, उप महाप्रबंधक (सीएसआर) केके सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में कहलगांव क्षेत्र के 12 विद्यालयों के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, एकाग्रता, तार्किक क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। एनटीपीसी कहलगांव विद्युत परियोजना की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में सीएसआर के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# संत गुरु रविदास विकास शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी**। प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत में गुरुवार को संत गुरु रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बीपीआरओ सह नोडल पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित 22 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, नल-जल आपूर्ति योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शिविर में लाभुकों के बीच चार राशन कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं ग्रामीणों ने संत रविदास के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन निवेदित किया। अधिकारियों ने लोगों से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रता के अनुसार उसका लाभ उठाने की अपील की।

# वंचित परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना विकास शिविरों का मुख्य उद्देश्यः डीएम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय**। गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में संचालित 'श्री गुरु संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' के तहत गुरुवार को जिनेदपुर पंचायत में विकास शिविर का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने संत रविदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद व वंचित परिवारों तक पहुंचाकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने लोगों से संत रविदास के समरसता और सामाजिक सद्भाव के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों के अनुसूचित जाति टोलों में रहने वाले परिवारों को 22 प्रमुख सरकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा। यह आयोजन 15 फरवरी 2027 तक प्रत्येक सप्ताह के बृहस्पतिवार को सभी पंचायतों में क्रमिक रूप से चलेगा। शिविर में जिलाधिकारी द्वारा लाभुकों के बीच राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने विकास मित्रों व संबंधित अधिकारियों को वंचित परिवारों को चिन्हित कर योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

## पूर्व सैनिक रामसागर पंडित का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर**। प्रखंड के अतरुआ-समस्तीपुर गांव निवासी पूर्व सैनिक रामसागर पंडित (80) का गुरुवार को दिन में लगभग 10 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। वे भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। सेवा के दौरान कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए उनके पेट में गोली लग गई थी। उन्हें तुरंत सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद वे पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर घर लौटे थे। लगभग 30 वर्ष पूर्व उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी।

# 'खेलो इंडिया' युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने की महत्वपूर्ण पहल : डॉ. शंभु कुमार यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा**। मेरा युवा भारत पोर्टल एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में देशभर के 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में युवा कनेक्ट कार्यक्रम के तहत 'खेलो इंडिया खेलो' का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसका जीवंत प्रसारण स्थानीय महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा में प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव ने कहा कि 'युवा कनेक्ट' कार्यक्रम के तहत 'खेलो इंडिया खेलो' जैसी गतिविधियां युवाओं को खेल, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए 5 से 15 वर्ष की उम्र से ही वैज्ञानिक तरीके से खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें तराशने पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम का हिस्सा बनकर विभिन्न खेलों में भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने का आह्वान किया। मंच संचालन गणित विभागाध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार ने किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक नंद किशोर झा, शिक्षक-कर्मी, वुशु के राष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव कुमार यादव, एकलव्य राज आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के निशांत कुमार, जिला खेल कार्यालय के कुमार अनुराग, माय भारत के आशीष कुमार समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजी नगर**। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर शिवाजी नगर प्रखंड मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इसका लाभ दिलाने पर चर्चा की गई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह, बिजली विभाग के जेई आकाश वर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, बल्लीपुर मुखिया अनीता देवी, समाजसेवी शंकर मंडल, दासौत मुखिया नटवर राय, शंकरपुर मुखिया सरिता देवी, करियन मुखिया संजीव पासवान, मधुरापुर मुखिया भारत सिंह सहित कई पंचायतों के मुखिया मौजूद रहे। इसके अलावा प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी भी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1 किलोवाट क्षमता पर कुल 40 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 80 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक का अनुदान मिल सकता है बैठक में अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य घरों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना, बिजली खर्च कम करना तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत सोलर सिस्टम से बिजली उत्पादन कर उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली की जरूरत को काफी हद तक पूरा कर सकते हैं। ग्रिड से जुड़े सिस्टम में नेट मीटरिंग की सुविधा के माध्यम से बिजली के आयात-निर्यात का हिसाब भी रखा जाता है जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने पंचायतों में पात्र उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। बैठक में आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया, सोलर संयंत्र लगाने तथा अनुदान प्राप्त करने से संबंधित जानकारी भी साझा की गई।




- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612-2230942 एवं ई-मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ-साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

PR No.- 010579 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

# पेड़ों की रक्षा का संकल्प, विधायक प्रदीप प्रसाद ने बांधा रक्षा सूत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** बसोबार स्थित सेवाने नदी मंदिर के समीप गुरुवार को पेड़ रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। इस दौरान पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ हमें शुद्ध वायु और छाया देने के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार हम अपने रिश्तों की रक्षा का संकल्प लेते हैं, उसी प्रकार पेड़ों की रक्षा और उनकी देखभाल करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का काम किया है। इससे प्रेरणा लेते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि पेड़ बचेंगे, तभी पर्यावरण बचेगा और तभी सभी का भविष्य सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा आसपास के वातावरण को हरा-भरा और स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। वहीं स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, दिलीप साहू, रौशन सिन्हा, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शिवपाल यादव, आयोजक महेंद्र कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजन सिन्हा, दिनेश पासवान, रंजीत सिन्हा, भरत प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, त्रिलोकी कुशवाहा, विक्की कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## रोजगार नीति के नाम पर स्पष्टता नहीं : डॉ. अशोक कुमार वर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय बेरोजगार मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद में दिन-रात मेहनत करते हैं।

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना संख्या : 51-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 26.08.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में सिग्नल दृश्यता में सुधार एवं फायर अलार्म सिस्टम का भरोसेमंद कार्य-संचालन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,05,37,159.70, **बयाना राशि:** रु. 4,10,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 18.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-233/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना संख्या : 51-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 26.08.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में सिग्नल दृश्यता में सुधार एवं फायर अलार्म सिस्टम का भरोसेमंद कार्य-संचालन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,05,37,159.70, **बयाना राशि:** रु. 4,10,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 18.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-233/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### दुखिया महादेव वाटर प्लांट का माले नेताओं ने लिया जायजा, काम तेज करने की मांग

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हजारों घरों को पेयजल उपलब्ध कराने की योजना से जुड़े दुखिया महादेव वाटर प्लांट की वस्तुस्थिति का जायजा लेने सोमवार को भाकपा माले नेताओं की टीम पहुंची। राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय की अगुवाई में करीब एक दर्जन कार्यकताओं ने प्लांट पहुंचकर निर्माण एवं संचालन से जुड़े कार्यों की प्रगति देखी। टीम ने मौके पर काम जारी पाया और इसे सकारात्मक पहल बताया, लेकिन कार्य में और तेजी लाने की जरूरत भी जताई। बताया गया कि करीब 15 दिन पूर्व गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव की अगुवाई में पीएचईडी विभाग की पूरी टीम वाटर प्लांट पहुंची थी। उपायुक्त ने मौके पर करीब डेढ़ घंटे समय देकर प्लांट को चालू कराने की दिशा में पहल की थी। उस दौरान विभाग की ओर से आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए 15 दिनों का समय मांगा गया था। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद माले नेताओं ने प्लांट की प्रगति देखने का निर्णय लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि प्लांट परिसर में काम चल रहा है। बताया गया कि करीब चार वर्षों से बंद पड़ा मुख्य गेट अब खुल गया है। परिसर में उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों की भी सफाई की गई है। मौके पर मौजूद मो. हबीब ने बताया कि विभाग की ओर से लगातार काम कराया जा रहा है। तीन पंचायतों को मिलना है पानी माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि सरकार द्वारा तैयार इस वाटर प्लांट से तीन पंचायतों के हजारों घरों तक पानी पहुंचाने की योजना है। उपायुक्त के निरीक्षण के बाद विभागीय स्तर पर काम शुरू होना ग्रामीणों के लिए उम्मीद की बात है।माले नेताओं ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की कि अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कर वाटर प्लांट को पूरी क्षमता के साथ चालू किया जाए, ताकि लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे हजारों परिवारों को राहत मिल सके। मौके पर राजेश राय, किशोर राय, भीम कोल, मोहन कोल्ह, प्रदीप कुमार, फेकना राय, गुलाब कोल्ह, रंजीत सिंह, टैटू राय, बुधन राय, अरविंद मुर्मू, मोहन कोल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### श्मशान घाटों में लकड़ी की कमी दूर करने की पहल, वन विभाग से सिविल सोसाइटी ने की मांग

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के विभिन्न श्मशान घाटों में दाह संस्कार के लिए लकड़ी की कमी को देखते हुए सिविल सोसाइटी गिरिडीह ने पहल शुरू की है। इसी क्रम में सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पूर्वी वन प्रमंडल के वन क्षेत्र पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की और इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को आवेदन सौंपते हुए कहा कि गिरिडीह के विभिन्न सड़क किनारे तथा अन्य स्थानों पर सूखे, जर्जर, मृतप्राय और दुर्घटना का खतरा पैदा करने वाले झुके हुए पेड़ों को नियमानुसार कटवाया जाए। इन पेड़ों से प्राप्त लकड़ियों को वन विभाग द्वारा न्यूनतम दर पर सिविल सोसाइटी के माध्यम से श्मशान घाटों का संचालन करने वाली समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। सिविल सोसाइटी का कहना है कि इससे एक ओर जहां सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों से होने वाली दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा, वहीं दूसरी ओर दाह संस्कार के लिए जरूरतमंद परिवारों को कम कीमत पर लकड़ी उपलब्ध हो सकेगी। इससे श्मशान घाटों में लकड़ी की समस्या का भी काफी हद तक समाधान किया जा सकता है। वन क्षेत्र पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए योजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की कमी न हो और लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रतिनिधिमंडल में सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, महासचिव शंकर पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य लखनलाल, देवराज आनंद, कृष्णा मोदी सहित कई सदस्य मौजूद थे।



# खनन बिल के विरोध में कांग्रेस का महाधरना, केंद्र पर बरसे मणिशंकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र सरकार द्वारा पारित नए खनन बिल (एमएमडीआर बिल) के विरोध और झारखंड के खनिज संसाधनों पर राज्य के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को टावर चौक पर एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश केडिया ने की। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता धरना स्थल पर डटे रहे। धरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा प्रभारी मणिशंकर ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन बिल को संसद में पर्याप्त बहस और चर्चा के बिना जल्दबाजी में पारित कराया गया। उन्होंने इसे संघीय ढांचे और राज्यों के अधिकारों पर हमला करार देते हुए कहा कि खनिज संपदा से मिलने वाला राजस्व झारखंड की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है। मणिशंकर ने कहा कि राज्य सरकार के टैक्स और सेस से जुड़े अधिकारों को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रावधान का कांग्रेस विरोध करेगी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अथवा संसदीय समिति की निगरानी में होनी चाहिए, ताकि पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके। उन्होंने भाजपा पर धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करने का आरोप भी लगाया। और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले में यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर सह गिरिडीह जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि झारखंड के हितों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी।



समाहरणालय, औरंगाबाद
Email-apdasection@gmail.com
(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)
कोटेशन संख्या–01/2026–27

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार, पटना के द्वारा जिले में विभिन्न संस्थाओं, कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों सहित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु जन–जागरूकता एवं Mockdrill से सम्बंधित कार्यक्रम कराने के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के Equipments/सामग्रियों को खरीदने क लिए निर्धारित दर पर आवश्यक सामग्रियों कि आपूर्तिकर्त्ताओं स एतद् द्वारा सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तों को पूरा करते हुए अपना–अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि (पूर्वा0 10:30 बजे से अप0 05:00 बज तक) में दिनांक–15.09.2026 के अप0 04:00 बज तक निम्न शर्तो क अधीन जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते हैं। शर्ते निम्नवत हैः–

1. फर्म/संस्थान के निबंधन स संबंधित कोई एक प्रमाण–पत्र की छायाप्रति यथा–Shop Establishment/General Trade License/ M.S.M.E उद्यम पंजीकरण कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म/संस्थान को GST में निबंधित होने से संबंधि प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म/संस्थान को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर–सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची मं सम्मिलित नहीं किए जाने से संबंधित नोटरी पब्लिक का शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/संस्थान को अपने फर्म द्वारा कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. फर्म/संस्थान को विशिष्टियों के अनुरूप आपूर्ति कि जाने वाली विभिन्न प्रकार की Equipments/सामग्रियों का प्रति इकाई दर सभी कर सहित अंक एवं शब्दों दोनों में अंकित करना अनिवार्य हागा।
6. कार्यादेश के अनुरूप उक्त सामग्रियों की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना अनिवार्य होगा। इस के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त परिवहन राशि देय नहीं होगा।
7. फर्म/संस्थान को उक्त सामग्रियों की आपूर्ति करने के उपरान्त सभी अनुमान्य आवश्यक करों की कटौती के बाद हीं भुगतान योग्य अनुमान्य राशि का भुगतान किया जायेगा।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.010620 (Disaster) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# सीईआईआर पोर्टल से बरामद 65 मोबाइल वास्तविक मालिकों को सौंपे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को खोजकर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। बुधवार को केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बरामद किए गए कुल 65 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पुलिस कार्यालय हजारीबाग में अपने हाथों से सौंपे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने प्रेस वार्ता कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया गया। सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर मोबाइल फोन को खोजकर बरामद किया गया और आवश्यक सत्यापन के बाद उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों को उम्मीद नहीं थी कि उनका गुम हुआ मोबाइल दोबारा वापस मिल सकेगा। लोगों ने हजारीबाग पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बरामद सभी मोबाइल फोन को वास्तविक धारकों के बीच अपने हाथों से वितरित किया। उन्होंने कहा कि आमजनों की संपत्ति की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायत मिलने पर तकनीकी माध्यमों से उसे खोजने का लगातार प्रयास किया जाता है। इस वितरण कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज आमजनों के गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में जिले के सभी थाना प्रभारियों की भूमिका भी सराहनीय रही। थानों की सक्रियता, तकनीकी शाखा के सहयोग और पुलिस अधिकारियों के समन्वित प्रयास से कुल 65 मोबाइल फोन बरामद किए जा सके। हजारीबाग पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में संबंधित थाने में सूचना देने के साथ-साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराएं। इससे मोबाइल फोन को तकनीकी माध्यम से खोजने और उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने में सहायता मिलती है। गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर वास्तविक मालिकों को सौंपने की हजारीबाग पुलिस की यह पहल न केवल तकनीकी दक्षता का उदाहरण है।




कार्यालय-नगर पंचायत कुदरा(कैमूर)
आम-सूचना
अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या–10/2026–2027
पत्रांक 1273
सार्वजनिक शौचालय के संचालन एवं प्रबंधन हेतु
अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI)

नगर पंचायत कुदरा क्षत्रान्तर्गत स्थित सार्वजनिक शौचालय के सुचारु संचालन एवं प्रबंधन हेतु इच्छुक, सक्षम एवं अनुभवी संस्था/**Section 08 Company/NGO/Trust** से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। संचालन स संबंधित प्रमुख शर्त निम्नलिखित हांगीः–

1. सार्वजनिक शौचालय का संचालन 24×7 (चौबीसों घंटे) किया जाना अनिवार्य होगा।
2. उपयोगकर्ताओं से निम्नानुसार शुल्क लिया जाएगा जो अधिकत्तम हैः–
   - मूत्र त्याग (महिला/पुरुष) ₹ 2/–(प्रति उपयोग)
   - शौच हतु ₹ 5/–(पति उपयोग)
   - स्नान (कवल महिला) ₹10/–(पति उपयोग)
3. शौचालय का हमेशा स्वच्छ, साफ–सुथरा एवं उपयोग याग्य स्थिति में रखना अनिवार्य हागा।
4. APSWMO द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि शौचालय गंदा पाया जाता है अथवा केयरटेकर अनुपस्थित पाया जाता है, ता किया गया समझौता रद्द किया जा सकता है। इस संबंध में एकमात्र अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कुदरा के पास सुरक्षित रहेगा।
5. शौचालय के संचालन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क/राशि कार्यालय को दय नहीं होगा, परंतु संपूर्ण संचालन एवं प्रबंधन (Operation & Management) की जिम्मेदारी चयनित संस्था/ **Section 08 Company/NGO/Trust** की होगी।
6. शौचालय/स्नानागार/मूत्रालय (यूरिनल) की दख–रख तथा उपयाग के क्रम में किसी भी संपत्ति की भौतिक क्षति नल/सिस्टर्न आदि के टूटने/खराब होने की स्थिति मं इनकी मरम्मती का दायित्व भी बन्दोबस्तकारी का होगा। साथ ही यदि नल/सिस्टर्न आदि सामग्री के बदलने की स्थिती उत्पन्न होगी तो उसी गुणवत्ता की सामग्री संबंधित शौचालय/स्नानागार/मूत्रालय (यूरिनल) में बदल कर लगानी हागी।
7. सफाई कार्यों में लगने वाले सफाई कर्मियों एवं सुपरवाईजरों की संख्या का आकलन बन्दोबस्तकारी द्वारा किया जायेगा, परन्तु यह संख्या पति इकाई (शौचालय) तथा पति पाली कम–से–कम एक सफाई कर्मी एवं एक सुपरवाईजर की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।
8. बन्दोबस्तकारी के द्वारा शौचालय की दैनिक सफाई सामग्रियों की आपूर्ति की जायेगी तथा इसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
9. शौचालय एवं स्नानागार में स्वच्छता मानको के आधार पर संबंधित कार्यो/सुपरवाईजर द्वारा किये जा रहे कार्यो का निरिक्षण APSWMO प्रति0–नगर पंचातय कुदरा द्वारा समय–समय पर किया जायेगा।
10. बंदोबस्तकारी द्वारा बंदोबस्ती प्राप्त करने हेतु ₹25,000/–(पच्चीस हजार रुपये मात्र) की बैंक गारंटी कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। उक्त बैंक गारंटी किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से निर्गत होनी चाहिए। यह राशि बंदोबस्तकारी के कार्यकाल की अवधि तक वैध रहेगी। कार्यकाल की सफलतापूर्वक समाप्ति एवं सभी शर्ता के अनुपालन के उपरांत बैंक गारंटी की राशि बंदाबस्तकारी का नियमानुसार वापस कर दी जाएगी।
11. इस बंदोबस्ती की अवधि प्रारंभिक रूप से 06 (छः) माह की होगी। कार्य की गुणवत्ता, नियमितता एवं निष्पादन संतोषजनक पाए जाने की स्थिति में, उक्त अवधि को APSWMO प्रति0–नगर पंचायत कुदरा के अनुशंसा पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कुदरा क विवेकाधीन निर्णयानुसार, समान शर्तों पर अथवा आवश्यक संशाधनों के साथ, अगले 6 (छः) माह के लिए बढ़ाया जा सकेगा।
12. उक्त सभी नियम एवं शर्तें निकाय के एक शौचालय इकाई पर लागू हांगी तथा चयन पक्रिया पूर्ण होन क पश्चात् इन्हे निकाय स्थित सभी अन्य शौचालयों पर भी समान्य रूप से लागू किया जायेगा, तथा अन्य शौचालयों का संचालन भी संबंधित चयनित एजेंसी क द्वारा कराया जायेगा।

इच्छुक संस्था/**Section 08 Company/NGO/Trust** प्रकाशन की तिथि के पश्चात् दिनांक–16.09.2026 तक आवश्यक विवरण/दस्तावेजों को एक बंद लिफाफे में अपनी अभिरुचि प्रस्तुत नगर पंचायत कुदरा कार्यालय का करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में नगर पंचायत कुदरा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

चयन प्रक्रिया के संबंध मेंः–

1. जा भी इच्छुक संस्था/**Section 08 Company/NGO/Trust** निर्धारित **User Charges** से कम दर पर प्रस्ताव **(Quote)** प्रस्तुत करेगी, उसे चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
2. प्राथमिकता के उपरांत संबंधित संस्था/**Section 08 Company/NGO/Trust** के पूर्व अनुभव, कार्यक्षमता एवं पूर्व में किए गए कार्यों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

दस्तावेज की सूचीः–

- गत वित्तीय वर्ष की अंकेक्षित (Audited) बैलेंस शीट।
- गत वित्तीय वर्ष की आयकर रिटर्न (ITR) की प्रति।
- संस्था/Section 08 Company/NGO/Trust का पंजीकृत विलेख (Registered Deed) की प्रति।
- संस्था/Section 08 Company/NGO/Trust का (PAN/TAN) कार्ड की प्रति।
- आधार कार्ड की प्रति।

नोटः–

1. **इच्छुक Section 08 Company/NGO/Trust/संस्था EOI प्रकाशन के पश्चात् दिनांक–16.09.2026 तक उक्त वर्णित सभी आवश्यक दस्तावेज एक बंद लिफाफे में नगर पंचायत कुदरा कार्यालय में समर्पित करेंगे।**
2. **प्राप्त प्रस्तावों को सशक्त स्थायी समिति/कार्यालय द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में दिनांक 18/09/2026 को समय 2:00 बजे अपराह्न में नगर पंचायत कुदरा कार्यालय खोला जाएगा. एवं नियमानुसार चयन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।**

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत कुदरा

PR. No. 010638 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

# सुरक्षित बाल ग्राम के लिए दो दिवसीय बाल संरक्षण प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सुरक्षित बाल ग्राम कार्यक्रम के तहत बच्चों को सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत टीम की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री श्याम मंदिर, तिरंगा चौक, गिरिडीह में 26 और 27 अगस्त को दो दिवसीय बाल संरक्षण क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह की ओर से किया गया। प्रशिक्षण में बाल अधिकार एवं संरक्षण की मूल अवधारणाओं के साथ बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, ऑनलाइन/डिजिटल बाल शोषण और स्कूल से बाहर बच्चों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गईक्प्रतिभागियों को बाल संरक्षण से जुड़े प्रमुख कानूनों और संस्थागत तंत्र की जानकारी दी गई। विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर चर्चा हुई। साथ ही बाल संरक्षण मामलों की पहचान, प्रारंभिक प्रतिक्रिया, रेफरल, केस फॉलो-अप और दस्तावेजीकरण की व्यवहारिक प्रक्रिया भी समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान बाल तस्करी एवं बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के शोषण की पहचान तथा समुदाय आधारित बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पंचायत, विद्यालय, आंगनवाड़ी, समुदाय और संबंधित सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। समापन के अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बाल संरक्षण को मजबूत करने के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार की। प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्तर पर बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में टीम को संवेदनशील, जिम्मेदार और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए सक्षम बनाना रहा। बनवासी विकास आश्रम के सचिव-सह-बाल अधिकार एक्टिविस्ट सुरेश कुमार शक्ति ने बताया कि संस्था नीति आयोग द्वारा चिन्हित गिरिडीह एवं कोडरमा जिलों के 600 गांवों को सुरक्षित बाल ग्राम बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इन गांवों में बाल विवाह और बाल तस्करी को रोकने के लिए पंचायत, विद्यालय, आंगनवाड़ी, समुदाय, सरकारी विभागों तथा अन्य हितधारक संगठनों एवं व्यक्तियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। सामूहिक प्रयासों से ही बच्चों के लिए सुरक्षित एवं संरक्षणयुक्त वातावरण तैयार किया जा सकता है। प्रशिक्षण में गिरिडीह जिला समन्वयक उत्तम कुमार एवं कोडरमा जिला समन्वयक पप्पू यादव ने प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भागीरथी देवी, रूपा कुमारी, सुजीता कुमारी, सुधीर कुमार, दिलीप राणा, उत्तम कुमार सिंह सहित टीम के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



# नीट पीजी परीक्षा को लेकर सरकार गंभीर

## संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष सतर्कता का निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रस्तावित नीट पीजी-2026 परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर गुरुवार को बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा सहित संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी, विधि-व्यवस्था, साइबर सुरक्षा तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं गरिमा बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से कम-से-कम दो दिन पूर्व से पर्याप्त पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षा संबंधी आधारभूत संरचना एवं कंप्यूटर सिस्टम की सुरक्षा बनी रहे तथा अनधिकृत प्रवेश, छेड़छाड़ या किसी प्रकार के हस्तक्षेप की संभावना न हो। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग एवं सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने तथा मिनिएचर स्पाई कैमरा, कैमरा युक्त चश्मा, ईयरपीस, मोबाइल फोन, चिट-पुर्ज़ा, कागज अथवा अन्य प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र में ले जाने से रोकने के निर्देश दिए गए। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पर्याप्त इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध रखने पर विशेष बल दिया गया, ताकि परीक्षा से पूर्व एनक्रिप्टेड प्रश्नपत्र डाउनलोड करने एवं परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया तथा अन्य परीक्षा संबंधी आंकड़ों को केंद्रीय डेटा सेंटर पर अपलोड करने में किसी प्रकार की बाधा न हो। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि औरंगाबाद में नीट पीजी-2026 परीक्षा के सफल, सुरक्षित, सुचारू एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा रही हैं।

## पत्नी का भरण पोषण करने में नाकाम पति गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पिछले लगभग आठ वर्षों से पत्नी को न्यायालय द्वारा निर्धारित गुजारा भत्ता नहीं देना पति को काफी महंगा पड़ गया और उसे जेल की हवा खानी पड़ गई। मामला पौथू थाना क्षेत्र के हरवंशा गांव की हैं। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने वाले अनिल राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ उसकी पत्नी ने 2018 में भरण पोषण का दावा किया था। आरोपी भरण पोषण की राशि जमा करने में असफल रहा जिसके बाद पारिवारिक न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए घर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# 2733 महिला लाभुकों को मिले 20-20 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** रक्षाबंधन से ठीक पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बापू सभागार, पटना से गुरुवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी है। बिहार की एक लाख जीविका दीदियों के खातों में 20-20 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने की। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, जीविका प्रबंधक संचार मोहम्मद अनवर हुसैन, जिविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुतिकांत पाठक सहित जीविका से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में महिला लाभुक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के शेष 5,156 महिला लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 10,000 तथा 2,733 महिला लाभुकों को द्वितीय किस्त के रूप में 20,000 की राशि का अंतरण किया गया। इस वित्तीय सहायता से महिला लाभुकों को स्वरोजगार एवं आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी तथा वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। इसके अतिरिक्त जीविका निधि बैंक के माध्यम से औरंगाबाद जिले की 37 जीविका दीदियों को ऋण उपलब्ध कराया गया। ऋण की सुविधा से लाभुकों को अपनी आजीविका गतिविधियों के विस्तार तथा नए रोजगारपरक कार्य शुरू करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

# नहर से मिला महिला का शव, पति पर हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के पिपरा गुलज़ार बिगहा स्थित नहर से संदिग्ध अवस्था में 33 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतका के मायके और परिवार में कोहराम मच गया। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। मृतका की पहचान पिपरा गुलज़ार बिगहा गांव निवासी उपेन्द्र राजवंशी की पत्नी सबिता देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सबिता देवी की अचानक संदिग्ध अवस्था में मौत होने की सूचना जम्होर पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के मायके वालों के अनुसार महिला की हत्या कर हादसा दिखाने के लिए शव नहर में फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस ने मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की है। पुलिस प्राधिकारी पदाधिकारी ने बताया कि संदिग्ध अवस्था में महिला का शव नहर से बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई में जुटी है।

# सिन्हा कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम संपन्न

## विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने युवाओं को खेल और 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिए किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** माय भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सिन्हा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय के निर्देश पर खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन सिन्हा कॉलेज के न्यू सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और वर्ष 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके साथ एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका, एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. भीम बहादुर, बायोटेक विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह, बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह, फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत कुमार सिंह, पीटीआई योगेंद्र सिंह तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव रंजन मौजूद रहे। इस अवसर पर खेल जगत से जुड़े अनिकेत रमण और नंदन कुमार भी स्पोर्ट्स पर्सन के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशभर के खिलाड़ियों के साथ संवाद का प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने खेलों की महत्ता को रेखांकित करते हुए युवाओं को खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपने संबोधन में खेलो इंडिया संवाद के उद्देश्यों और इसके सार्थक संदेश को प्रभावी ढंग से रखा। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से युवा खेल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार अवसर बढ़ रहे हैं और युवाओं को इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। मंच संचालन एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. भीम बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम की सफलता में फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं तकनीकी प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रवीण दुबे ने बखूबी संभाली। एनएसएस स्वयंसेवकों में रितिका, तान्या, रानी, ऋतिक, अंकित, सुशांत और अन्नू की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर वॉलंटियर ओमप्रकाश ने भी विशेष मेहनत की। कॉलेज परिवार की ओर से लेखापाल मनोज, मनीष, राजीव रंजन, किरण, के.के. सिंह, के.डी. सिंह, देवा, सोनू और अजय सहित कई लोगों ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। कॉमर्स विभाग से अनिल कुमार सिंह की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# पर्यटकों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 13 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पश्चिम बंगाल से आगरा जा रही पर्यटकों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में 13 लोग घायल हुए हैं। घटना बुधवार की देर रात बारून थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर सिरिस्स के समीप की है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में घायल सभी पर्यटक पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सोनामुखी थाना क्षेत्र के रीता सूतोधर, दिलीप बुंडू, हीरा बुंडू, शेफाली भुई, झाना बाबरी, नेमाई शिष्ट, रौतन मंडल, सोनामुखी, मालवती घोष, महाबली उरांव, चांद सूतोधर, मुराली कारक और बस खलासी शेख अशरफ शामिल हैं। बताया जाता है कि बस पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश के आगरा जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी लेकिन समय रहते राहत-बचाव शुरू होने से बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार सभी पर्यटक पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सोनामुखी थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। सभी टूरिस्ट बस से कोलकाता से आगरा के ऐतिहासिक ताजमहल और अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के लिए निकले थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार दुर्घटना की वजह चालक को तेज झपकी आना बतायी गयी है। झपकी आने के बाद चालक का बस पर नियंत्रण नहीं रहा। इसके बाद तेज रफ्तार बस सड़क किनारे लगी लोहे की बैरिकेडिंग से टकरायी और पलट गयी। बस के बैरिकेडिंग से टकराने की आवाज काफी तेज थी। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एनएचएआई की आपातकालीन सेवा को घटना की सूचना दी। इसके बाद राहत-बचाव का काम शुरू किया गया। सूचना मिलते ही बारून पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। बस के अंदर फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस और पुलिस वाहनों की मदद से सभी घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के अनुसार सभी घायल फिलहाल खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में उपचार के बाद यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाया गया जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य कर दिया गया।

## अफ़ीम तस्करी मामले में दो तस्कर दोषी करार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पांच किलो अफ़ीम के साथ पकड़े गए दो अभियुक्तों को पांच साल बाद व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने एनसीबी के एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त इमामगंज के झिकटियां निवासी प्रमोद कुमार एवं पलामू जिले के पांकी निवासी विकेश कुमार बहेरा को एनसीबी की विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई की तिथि 10 सितंबर निर्धारित की गयी है। अभियोजन पक्ष से सात गवाही हुई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त प्रमोद कुमार 24 फ़रवरी 2021 से जेल में बंद हैं जबकि विकेश कुमार को आज बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है।

# छापेमारी में 46 लोग गिरफ्तार, 246 लीटर शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 30 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में एक एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 48.45 लीटर देसी शराब, 198 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक, एक चार चक्का वाहन, एक ट्रैक्टर एवं 10 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 841 वाहनों की जांच की गई जिसमें 30000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।















# नगर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मियों को छात्राओं ने बांधा रक्षासूत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने नगर थाना पहुंचकर पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांध भाई-बहन के पवित्र स्नेह एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बहनों ने थानाध्यक्ष बबन बैठा समेत अन्य आरक्षी पदाधिकारियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनके स्वस्थ, सुरक्षित एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान विद्यालय की छात्रा दीक्षा, मुस्कान, आराध्या, वैष्णवी, सिमरन एवं श्रेया ने पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा। पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनकी सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपना संकल्प व्यक्त किया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ आचार्य रविरंजन भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि कर्तव्य, सुरक्षा, विश्वास और सामाजिक आत्मीयता का उत्सव भी है। सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों से लेकर समाज में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी तक, सभी राष्ट्र रक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना इस पर्व की भावना को और अधिक सार्थक बनाता है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ने का प्रयास कर रही सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के महादलित टोला बर्डीखुद में गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में गुरु संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति टोलों में निवासित पात्र परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित करना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। गौरतलब है कि गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत जिले के अनुसूचित जाति टोलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में राज्य के अनुसूचित जाति टोलों में 27 अगस्त से 15 फरवरी 2027 तक प्रत्येक गुरुवार को श्री गुरु संत रविदास विकास शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के माध्यम से पात्र अनुसूचित जाति परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उप विकास आयुक्त कुमारी ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी को स्वागत करते हुए कहा कि गुरु संत रविदास विकास शिविर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर निवास करने वाले पात्र परिवारों तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी एक ही स्थान पर उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझ रहे हैं तथा पात्र लाभुकों को संबंधित योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर उनके द्वारा लाभुकों के बीच लेबर कार्ड, जॉब कार्ड, वासगीत पर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज एवं योजनाओं से संबंधित लाभ का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के नियमानुसार निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ग्रामीण हाट के निर्माण से आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड अंतर्गत सोरी पंचायत के ग्राम माली में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (बीवी-जी-राम जी) योजना के तहत ग्रामीण हाट/बाजार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यस्थल पर लगाए गए सूचना बोर्ड के अनुसार इस महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन सोरी ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। योजना की कुल प्राक्कलित राशि 27,24,662.00 रूपये है, जिसमें सामग्री मद में 24,10,052.00 रूपये तथा श्रम मद में 3,14,609.00 रुपये का प्रावधान है। योजना के माध्यम से कुल 1049 मानव दिवस के रोजगार का सृजन होगा। ग्रामीण हाट का निर्माण पंचायत क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हाट के निर्माण से किसानों, स्थानीय दुकानदारों, छोटे व्यवसायियों तथा आम ग्रामीणों को एक सुव्यवस्थित बाजार स्थल उपलब्ध होगा। इससे स्थानीय उत्पादों के क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। यह परियोजना केवल आधारभूत संरचना के निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि स्थानीय रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्माण कार्य के दौरान सृजित होने वाले 1049 मानव दिवस से स्थानीय श्रमिकों को रोजगार प्राप्त होगा तथा योजना का लाभ सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक पहुंचेगा। बीवी-जी-राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा, आधारभूत संरचना, आजीविका से संबंधित परिसंपत्तियों तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सोरी पंचायत में ग्रामीण हाट का निर्माण इसी उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जो पंचायत स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति देने और ग्रामीणों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायक सिद्ध होगा।